सूर्योदय 7:03 सूर्यास्त 5:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6 न्यू | 18 अधि |
| धर्मशाला | 11 न्यू | 20 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,138 |
| निफ्टी | 26,032 |
| सोना 1,27,593 | चांदी 1,74,650 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 3 दिसंबर 2025 | 18 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 336, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## मंडी में जश्न नहीं; होगी जन संकल्प रैली, सरकार करेगी खर्च : मुख्यमंत्री

### कहा-आपदा प्रभावित सराज में पहले मैं पहुंचा था, नेता प्रतिपक्ष बाद में

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** तपोवन विधानसभा के शीत सत्र के पांचवें दिन भी आपदा पर चर्चा जारी रही। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में आपदा पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जन संकल्प कार्यक्रम को जश्न का नाम दे रहे हैं। सीएम ने कहा कि जन संकल्प रैली पर आपदा राशि के बजाय राज्य सरकार की ओर से खर्च किया जाएगा। सीएम ने कहा कि आपदाग्रस्त सराज में सबसे पहले वह पहुंचे थे और प्रभावितों को अनाज भी वितरित किया। नेता विपक्ष बाद में पहुंचे थे, उसके लिए उन्होंने कहा था कि उन्हें अपने क्षेत्र में रहना चाहिए। सीएम ने कहा कि सरकार ने प्रभावितों को हेलिकॉप्टर से सामान भेजा, जबकि भाजपा ने अपने-अपने लोगों को राहत बांटी है। सीएम ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित स्थान में भेजने पर तिरंगे का अपमान किया गया।



सीएम ने कहा कि एनडीआरएफ की वर्ष में दो किस्तें आती हैं, वे लगातार आती है। लोकतंत्र में 1500 करोड़ पहुंचना क्या गलत बात है। प्रधानमंत्री आवास योजना में मात्र एक लाख 30 घर बनाने को आता है, जबकि राज्य में आपदा पर आठ लाख दिया गया है, जिसकी पहली किस्त चार लाख जारी की गई। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों को राशि प्रदान की जाएगी। जनमंच में 70 लाख खर्च किया जाता था। जोरावर मैदान में चार हजार के करीब लोग आते हैं, इसमें 10 से 15 हजार की रैली होनी है, तो उसके लिए बड़ा मैदान पुलिस ग्राउंड को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की गंभीर आर्थिक स्थिति के लिए पूर्व सरकार जिम्मेदार है। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों विधायक पीएम के पास जाकर 1500 करोड़ लेकर आएंगे।

**सत्तापक्ष व विपक्ष दोनों के विधायक पीएम से लेकर आएंगे 1500 करोड़**

### मंडी में सरकार का जश्न अमानवीय : जयराम

**आपदा** पर सदन में बात रखते हुए नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने सत्तापक्ष पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि आपदा में प्रभावित लोगों को पुनः बसाने को सुचारु रूप से कोई काम नहीं हो पा रहा है। पूर्व सीएम ने कहा कि मंडी जिला में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घरों को सात लाख राशि देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों को मदद देने के समय उन्हें बुलाया ही नहीं गया, जबकि उसमें मात्र पीएम मोदी व पूर्व सीएम जयराम ठाकुर के खिलाफ ही भाषण दिया गया। वहां पीड़ित लोग थे, जिन्होंने अपने घर, परिवार, बागवानी व खेती को खोया था, जबकि वहां राजनीतिक भाषण ही किए गए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को मानवीय दृष्टिकोण को जिंदा रखने की जरूरत है। पीएम पहली बार आपदा होने पर राज्य में आए थे और 1500 करोड़ निश्चित रूप से लोगों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सराज में 22 दिन पैदल चलकर गए, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में आपदा आने पर भी गए, जबकि सीएम कई आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पहुंच ही नहीं पाए। उन्होंने 1500 करोड़ को सीधा मांगने के पीछे की मंशा पर भी सवाल उठाए हैं।



जयराम ठाकुर ने कहा कि डिजाजस्टर एक्ट लगाकर चुनाव टाले जा रहे हैं, जबकि तीन साल का जश्न किए जाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें जश्न को सफल बनाने के लिए खर्च राजस्व विभाग से आपदा के पैसे को खर्च किए जाने की बात कही जा रही है।

## करुणामूलक नौकरियों में फोर्थ के साथ क्लास थ्री को भी शामिल किया : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्ष 2019 में करुणामूलक आधार पर मात्र चतुर्थ श्रेणी को ही रखा जाता था, लेकिन इसमें अब क्लास थ्री को भी शामिल किया गया है। इसमें आय सीमा अढ़ाई से तीन लाख की गई है, अब पदों को सर्जित कर जल्दी भरा जाएगा। करसोग के विधायक दीप राज द्वारा करुणामूलक नियुक्तियों से संबंधी प्रश्न के जवाब में सीएम सुखविंद्र सुक्खू सदन में बोल रहे थे। विधायक दीपराज ने कहा कि 2524 मामलों को आय सीमा बढ़ाने के बाद बाहर किया गया है, तो ऐसे में उन्हें सुविधा प्रदान की जाएगी, इस पर सरकार क्या विचार रखती है? इसके बाद आशीष बुटेल ने करुणामूलक आश्रितों के मामले में हुए सुधारों को सराहा और कहा कि पुराने लंबित मामलों को दोबारा आवेदन का मौका मिल पाएगा या नहीं। इस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि पॉलिसी में लगातार बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि 1988 का कोई मामला है, तो अगर वह ओवरएज हो गया होगा तो उसमें अध्ययन किया जाएगा। डेली वेजिज को भी अब करुणामूलक किए जाने पर विचार रखते हैं। सीएम ने कहा कि हमें उनकी चिंता है, जिनकी आयु अधिक हो गई है, उन्हें पेंशन भी प्रदान की जाती है। इसमें केस के आधार पर अहम फैसले किए जाते हैं। इसमें आय बढ़ाने के बाद विधवा व अनाथ बच्चों को आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि आय प्रति परिवार तीन लाख मानी जाएगी।

**आय सीमा भी अढ़ाई से तीन लाख रुपए की**

## डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री कल पहुंचेंगे तपोवन विधानसभा

### सदन में गैरमौजूदगी पर उठ रहे हैं कई सवाल

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**हमीरपुर/तपोवन।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अभी तक दूरी बनाए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री वीरवार को तपोवन पहुंच जाएंगे। विधानसभा में उनकी गैर मौजूदगी को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं, संशय भी विरोधियों में बरकरार हैं। वे बुधवार को दिल्ली में हैं और वीरवार को वहां से सीधे विधानसभा सत्र में हिस्सा लेने के लिए पहुंच जाएंगे। उनकी मौजूदगी नहीं होने की वजह से सत्र के भीतर भी उस माहौल की कमी निश्चित रूप में देखी गई है, जो विरोधियों को सबक सिखाने में खास मायने रखती है। चर्चा यही चल रही थी कि सत्तापक्ष में मनमुटाव को लेकर शायद कुछ नया पक रहा है, लेकिन जानकारों का कहना है कि इन सब सवालों का जवाब देने के लिए उपमुख्यमंत्री खुद आखिर के 2 दिन विधानसभा में रहेंगे।

काबिलेगौर यह है कि बेटी की शादी की वजह से वह पिछले करीब एक माह से व्यस्त हैं, मगर शादी को हुए अब एक सप्ताह से ज्यादा का समय हो गया है। विधानसभा का सत्र भी 26 नवंबर से शुरू है और 5 दिसंबर तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र के दौरान अभी तक उसमें नहीं पहुंच पाए हैं, इसीलिए कांग्रेस पार्टी के भीतर चाहे जो भी चर्चा हो, मगर इस दौरान विपक्ष को बोलने के लिए कई तरह के मौके मिले हैं।



### क्या बोले डिप्टी सीएम ?

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री का कहना है कि वह फिलहाल दिल्ली जा रहे हैं और वीरवार को विधानसभा के सत्र में हिस्सा लेने के लिए पहुंच जाएंगे। बेटी की शादी की जिम्मेदारियों को लेकर व्यस्त रहे और अब इसमें कोई और किंतु-परंतु नहीं है। दिल्ली से सीधे तपोवन ही पहुंचेंगे। निश्चित रूप से दो दिन विधानसभा सत्र के दौरान हिस्सा लेंगे। दरअसल, इस बार विधायकों और मंत्रियों को लेकर भी चर्चा रही। इसमें कुछ गायब रहे। इसकी प्रमुख वजह यह भी बताई जा रही है कि यह सत्र ऐसे समय में शुरू हुआ जब विवाह-शादियों का सीजन अपने 'पीक' पर था। शायद अभी मंत्रियों और विधायकों के रेगुलर मौजूद नहीं रहने की वजह बन हों।

## इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, मुंबई।** कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-1234 को मंगलवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अधिकारियों के मुताबिक, हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एयरबस ए321-251एनएक्स विमान रात 1:56 बजे कुवैत से उड़ा था और सुबह 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि धमकी की जांच जारी है। अभी तक किसी विस्फोटक की पुष्टि नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

## पाक ने एक्सपायर्ड राहत सामग्री श्रीलंका को भेजी

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में आए साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए पाकिस्तान ने मदद भेजी थी, लेकिन उन फूड पैकेट पर एक्सपायरी डेट अक्तूबर 2024 थी। पाकिस्तान ने पानी, दूध पाउडर और आटे सहित कई पैकेट भेजे थे। पाकिस्तान हाई कमीशन श्रीलंका ने 30 नवंबर को सोशल मीडिया एक्स पर इससे जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें राहत सामग्री की तस्वीर भी जारी की गई, जिसमें एक्सपायरी डेट लिखी नजर आ रही है। (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेटर रेणुका ठाकुर रेलवे में ओएसडी पद पर नियुक्त

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** विश्व कप विजेता भारतीय टीम का हिस्सा रहीं हिमाचल की बेटी क्रिकेटर रेणुका ठाकुर को भारतीय रेलवे में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी स्पोर्ट्स (ओएसडी) के पद पर नियुक्त किया गया है। रेणुका ठाकुर को अब ए ग्रेड के अधिकारियों के समान रैंक व सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्हें अब खेल के साथ-साथ प्रशासन में भी अहम पदों पर जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिलेगा। भारतीय रेलवे का यह निर्णय उनकी असाधारण उपलब्धियों को देखते हुए सम्मानजनक करियर का अवसर प्रदान करना है। खेल कोटे के तहत हुई इस नियुक्ति से युवा खिलाड़ी को प्रेरणा मिलेगी। रेणुका की सफलता युवाओं के लिए एक मिसाल है। हिमाचल के शिमला जिला के उपमंडल रोहड़ू के पारसा गांव की रेणुका ठाकुर महिला विश्व क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में अहम स्थान रखती हैं।



### हिमाचल में डीएसपी पद चाहती हैं रेणुका

**क्रिकेटर** रेणुका ठाकुर फिलहाल हिमाचल प्रदेश पुलिस में डीएसपी रैंक पर नियुक्ति चाहती हैं। वह पहले भी राज्य सरकार को अपनी यह इच्छा बता चुकी हैं। हिमाचल में खेल कोटे के तहत कई खिलाड़ियों को इससे पहले भी ऐसे पद दिए गए हैं, इसलिए रेणुका ठाकुर का आग्रह स्वाभाविक माना जा रहा है। स्थानीय लोग और खेल प्रेमी भी उम्मीद कर रहे हैं कि राज्य सरकार उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें पुलिस विभाग में सम्मानजनक पद देगी।

## पीएमओ का नाम अब 'सेवा तीर्थ'

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ' कर दिया है। देशभर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। पीएमओ के अफसरों ने कहा, 'सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है।' इससे पहले केंद्र सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी रेस कोर्स रोड कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है, इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## एसआईआर पर दूसरे दिन भी संसद में भारी हंगामा

### विपक्ष एसआईआर पर बहस करने की मांग पर अड़ा, विपक्षी सांसद वेल में पहुंचे

एजेंसी, नई दिल्ली

एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर लगातार दूसरे दिन संसद में हंगामा हुआ। विपक्ष एसआईआर पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा और 'वोट चोर- गद्दी छोड़' के नारे लगाए। इस वजह से लोकसभा में कामकाज नहीं हो सका और कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी।

राज्यसभा में भी सुबह से ही हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने एसआईआर पर तत्काल चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा कि 12-13 लोगों की जान जा चुकी है। ये अर्जेंट मैटर है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब में कहा कि कृपया टाइमलाइन कंडीशन मत लाइए। हम अलग-अलग विपक्षी दलों के फ्लोर लीडर्स के साथ चर्चा कर रहे हैं। जल्द ही इस पर फैसला होगा। सत्र के पहले दिन भी दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में बताया था कि सरकार एसआरआई और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष से अपील की थी कि वह इस पर कोई समय सीमा न थोपें। सूत्रों के मुताबिक, विपक्ष ने तर्क रखा है कि चर्चा में एसआईआर शब्द की जगह सरकार चाहे तो इलेक्टोरल रिफॉर्म या किसी अन्य नाम का उपयोग करते हुए विषय को कार्यवाही में सूचीबद्ध कर ले। सरकार इस पर राजी भी हो गई। (अनंत ज्ञान)



### चुनाव सुधार पर लोकसभा में 9 को 10 घंटे होगी चर्चा

**चुनाव** सुधार यानी एसआईआर पर लोकसभा में 9 दिसंबर को चर्चा होगी। संसद में दो दिन से फौरन चर्चा पर अड़ा विपक्ष बहस के लिए मान गया है। मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया, '9 दिसंबर को इलेक्टोरल रिफॉर्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी।' साथ ही उन्होंने कहा कि एक दिन पहले 8 दिसंबर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है।

## हिमाचल में क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत संचालित उड़ानें निलंबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया कि शिमला, भुंतर और कांगड़ा हवाई अड्डों पर क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत संचालित सभी सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। उड़ानें बंद होने से राज्य का पर्यटन चक्र धीमा पड़ने की आशंका है, क्योंकि यह तीनों एयरपोर्ट बाहरी राज्यों से आने वाले यात्रियों के लिए मुख्य प्रवेश द्वार हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार उड़ानें बंद करने के कई कारण हैं। शिमला हवाई अड्डे में रनवे की लंबाई सीमित है, पिछले वर्षों इस एयरपोर्ट पर बड़े स्तर पर खर्च करने के बावजूद परिचालन क्षमता स्थिर नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि भुंतर और कांगड़ा में मौसम की अनिश्चितता, घाटियों वाली लोकेशन और संचालन की बढ़ती लागत एयरलाइनों को लगातार पीछे धकेलती रही हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- पनियाला गांव में 4 माह से ठप पेयजल सप्लाई, डीसी के पास पहुंचीं महिलाएं -पेज 2
- हिमाचल विधानसभा में धारा-118 पर हंगामा -पेज 3
- बजट का हवाला देकर परियोजना से निकाले कर्मचारी पहुंचे तपोवन -पेज 4
- पांगी-भरमौर के भेड़पालकों की सुरक्षा आजीविका पर मंडरा रहा संकट -पेज 7
- सोलन में नहीं पर्याप्त पार्किंग, सड़कों पर पार्क हो रहे वाहन -पेज 12

## महबूबा मुफ्ती की बहन के अपहरण का आरोपी 35 साल बाद गिरफ्तार

**एजेंसी, श्रीनगर।** 1989 में तत्कालीन गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद काघर से आधा किलोमीटर दूर अपहरण कर लिया गया। रुबैया, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बहन हैं। अपहरण के पांच दिन बाद केंद्र की तत्कालीन वीपी सिंह सरकार ने पांच आतंकवादियों को रिहा किया, तब जाकर आतंकियों ने रुबैया को छोड़ा था। इस घटना के 35 साल बाद सोमवार को किडनैपिंग केस में भगोड़ा घोषित शफात अहमद शांगलू को सीबीआई ने श्रीनगर से गिरफ्तार कर लिया। शांगलू जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के चीफ यासीन मलिक का करीबी माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

## रोहिंग्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा तीखा सवाल

## घुसपैठियों के लिए क्या रेड कार्पेट बिछाएं ?

एजेंसी, नई दिल्ली

रोहिंग्या मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट तीखे सवाल किए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने पूछा कि क्या भारत सरकार ने कोई ऐसा आदेश जारी किया है, जिसमें रोहिंग्याओं को 'शरणार्थी' घोषित किया गया हो? अगर कोई घुसपैठी है तो क्या उसे यहां रखने का दायित्व है? अगर कोई घुसपैठिया आता है तो क्या हम उनके लिए लाल कार्पेट बिछाकर स्वागत करें? हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? याचिकाकर्ता का कहना था कि रोहिंग्या को हिरासत से गायब किया गया है, जबकि उनका डिपोर्टेशन तय प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए था।



चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने एक हैबियस कॉर्पस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट दाखिल की गई थी।

इस रिट में रोहिंग्या लोगों की कथित हिरासत से गायब होने की बात कही गई है और अदालत से गुहार लगाई गई है कि किसी भी डिपोर्टेशन की कार्रवाई कानून द्वारा तय प्रक्रिया के मुताबिक होना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि मई में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्याओं को उठा लिया था और उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## घोटाला 129 करोड़ की एनपीए रिकवरी न हुई, तो डूब जाएगा लोगों का पैसा

## बघाट बैंक के 80000 खाताधारकों के 470 करोड़ अटके

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक सोलन पर लगे कड़े प्रतिबंधों के बावजूद एनपीए रिकवरी में तेजी नहीं आई है। ऐसे में करीब 80 हजार खाताधारकों को अपने 470 करोड़ रुपए की चिंता सताने लगी है। एआरसीएस और बैंक प्रबंधन डिफॉल्टरों और गारंटरों पर कार्रवाई तो कर रहा है, परंतु कानूनी पेचीदगियां, राजनीतिक संरक्षण के चलते बैंक की एनपीए घोषित 129 करोड़ की रिकवरी करना मुश्किल हो चुका है। आरसीएस 150 से अधिक डिफॉल्टरों और गारंटरों को समन जारी कर कोर्ट में पेश कर चुकी है, परंतु रिकवरी के नाम पर अभी मात्र 9 करोड़ की रिकवरी हुई है।




**करोड़ों के डिफॉल्टरों को मिल रहा राजनीतिक संरक्षण**

अनंत ज्ञान स्पैशल

### सरकार से जांच कमेटी गठित करने की मांग

**बैंक** पर लगे प्रतिबंधों को लेकर फॉर्म ऑफ शेयर होल्डर ऑफ बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक गहरी चिंता जता चुके हैं। फॉर्म ने सरकार से मामले में जांच कमेटी का गठन कर तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। बैंक के अध्यक्ष सोम प्रकाश गुप्ता और सलाहकार महेंद्र नाथ सोफत ने बैंक की वित्तीय स्थिति के लिए बीओडी और प्रबंधन को दोषी ठहराया है, जिसके लिए जांच कमेटी के गठन की मांग की जा रही है। फॉर्म का मानना है की यदि सरकार बैंक को 50 करोड़ की आर्थिक मदद करे, तो बैंक में जमा करीब 80 हजार खाताधारकों का करीब 470 करोड़ रुपए सुरक्षित होगा।


### ऋण वितरण में गड़बड़ियां

**एआरसीएस** की जांच में बैंक में ऋणों के वितरण में बड़ी गड़बड़ियां सामने आई हैं। कई मामलों में ऋण चुकाने के लिए ऋण दिए गए हैं। इसी तरह ऋण धारकों ने बैंक का पैसा लौटाने के नाम पर एनओसी हासिल कर मॉडगेज संपत्ति को अपने रिश्तेदार के नाम कर दिया। ऐसे में बैंक को रिकवरी करने को कानूनी लड़ाई लड़ने में लंबा समय लग जाएगा। इतना ही नहीं कई बड़े डिफॉल्टर गिरफ्तारी के डर से अंडर ग्राउंड हो गए हैं जबकि राजनीतक रसूख रखने वाले कई गारंटरों पर कार्रवाई से संबधित विभाग कतरा रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी: नेवी चीफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। मई 2025 में शुरू हुए इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय नौसेना ने पाकिस्तानी नेवी के खिलाफ मजबूत तैनाती की। इसके कारण पाकिस्तान नौसेना अपने जहाज बंदरगाहों से बाहर नहीं निकाल सकी और अरब सागर के पास मकरान तट तक ही सीमित होकर रह गई।' नेवी चीफ ने कहा कि बीते 7-8 महीने से पश्चिमी अरब सागर में हमारे ऑपरेशन लगातार जारी है। इससे चलते पाकिस्तान की ओर जाने वाले व्यापारी जहाजों के रूट कम हुए हैं। उनकी बीमा राशि महंगी हुई है। इसके चलते पड़ोसी देश पर वित्तीय दबाव बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)





# पनियाला गांव में 4 माह से ठप पेयजल सप्लाई, डीसी के पास पहुंचीं महिलाएं

## महिलाओं ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन, समस्या के समाधान की रही मांग

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** ग्राम पंचायत देई का नौण के वार्ड नंबर-5 पनियाला में पिछले चार महीनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी है। इसी गंभीर समस्या को लेकर मंगलवार को गांव की महिलाओं ने उपायुक्त हमीरपुर कार्यालय पहुंचकर विभाग के खिलाफ जोरदार रोष प्रकट किया और डीसी को ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं ने कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और सरकार व विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द समाधान की मांग उठाई। गांव की महिलाओं का कहना है कि पंचायत में दो पेयजल लाइनें डाली गई हैं, लेकिन दोनों में से किसी भी लाइन में पानी नहीं आ रहा है। इससे ग्रामीणों को पिछले कई महीनों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीने के पानी से लेकर घरेलू उपयोग तक हर जरूरत के लिए महिलाओं को दूर-दराज से पानी ढोना पड़ रहा है।


उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की गुहार लगाती महिलाएं।

पंचायत के पूर्व प्रधान रंजन शर्मा ने बताया कि अगस्त महीने से पनियाला गांव में पानी की समस्या कायम है, लेकिन विभाग की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग द्वारा पहले एक छव्ब ली गई थी, जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा गया था कि जोल सप्लाई से हमीरपुर के लिए जो मुख्य सप्लाई लाइन आती है, वह पनियाला गांव के लगभग डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र से गुजरती है। उस समय विभाग और ग्रामीणों के बीच यह समझौता हुआ था कि इस मुख्य लाइन को पंचर किए बिना छप्ज के माध्यम से पनियाला गांव तक पानी पहुंचाया जाएगा, लेकिन समझौते के बावजूद आज तक गांव को पानी उपलब्ध नहीं करवाया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

महिला मंडल प्रधान शकुंतला देवी ने आरोप लगाया कि विभाग से कई बार निवेदन करने के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हमारे गांव में किसी भी घर को पानी नहीं मिल रहा। जो लोग पाइप में टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें भी पानी नहीं मिल रहा है। महिलाओं ने जिला प्रशासन से मांग की कि पनियाला गांव की पेयजल समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। उनका कहना है कि यदि विभाग ने अब भी कार्रवाई नहीं की तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगी।

# बाबा बालकनाथ मार्ग पर सड़क के पास झुका चीड़ का पेड़ बना जानलेवा

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध सड़क मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। न तो इसकी जानकारी लोक नर्माण विभाग को है न ही वन विभाग को।

बता दें कि बिझड़ी के पास एक चीड़ का पेड़ जिओ टावर की केवल पर अटका हुआ है। चीड़ का यह पेड़ सड़क की ओर झुका हुआ है तथा केवल के सहारे टीका हुआ लग रहा है, अगर यह पेड़ सड़क मार्ग पर किसी वाहन पर गिर जाता है और जान माल की क्षति होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

सवाल यह भी खड़ा होता है कि आखिर विभाग और सरकार को हादसा होने के बाद सब कुछ याद आता है। अभी कुछ दिन पहले ही बरठीं के पास हुए सड़क में 15 की करीब जिंदगियां खत्म हो गई।

स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारियों से पुरजोर मांग की है कि सड़क की ओर झुके चीड़ के पेड़ को काट कर वहां से हटा दिया जाए ताकि कोई बड़ा हादसा होने से बचा जा सके।



**लोगों ने वन विभाग और लोक निर्माण विभाग से पेड़ हटाने की मांग**

इस मामले में आरो वन विभाग कमल किशोर शर्मा ने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है। बुधवार को वन विभाग के कर्मचारियों को मौके पर भेजा जाएगा। इसके बाद स्थिती का जायजा लेकर सड़क पर झुके पेड़ को हटा दिया जाएगा।

# वोकेशनल विषय फूड प्रोसेसिंग के छात्रों ने अपने नाम की एक और उपलब्धि


भलेठ स्कूल की छात्राएं रेजिडेंशियल स्किल डेवलपमेंट बूट कैंप के लिए चयनित।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ के वोकेशनल विषय फूड प्रोसेसिंग के विद्यार्थियों ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है।

विद्यालय की छात्राएं प्रिया, प्राची, संजना, कृतिका, शिवानी प्रियंका और शैलजा ने राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल (हरियाणा) में आयोजित 5 दिवसीय रेजिडेंशियल स्किल डेवलपमेंट बूट कैंप के लिए चयनित हुईं। हिमाचल प्रदेश से केवल दो विद्यालयों का चयन इस कैंप के लिए हुआ था जिसमें से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलेठ भी एक है। इस बूट कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न फूड इंडस्ट्रीज का शैक्षणिक भ्रमण किया तथा आधुनिक फूड टेक्नोलॉजी, मशीनरी एवं डेयरी तकनीक और उत्पादन प्रणाली के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। इन सभी छात्राओं के साथ विद्यालय की फूड प्रोसेसिंग शिक्षिका वंशिका शर्मा ने इस शैक्षणिक यात्रा में सक्रिय सहयोग कर छात्राओं का मार्गदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजरी वी. महाजन ने छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और करियर निर्माण के नए अवसर उत्पन्न करते हैं।

# युवाओं का जागरूक होना आवश्यकः प्रशांत

## जाहू में राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा नेतृत्व शिविर में स्वयंसेवी किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, जाहू**

उपमंडल भोरंज के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में चल रहे पांच दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय युवा नेतृत्व शिविर में के दूसरे दिन स्वयं सेवियों ने सुबह प्रभात फेरी निकाली और योग व व्यायाम की क्रियाएं की। इसके अतरांत जाहू खेल मैदान में परेड का पूर्वाभ्याय करके परेड़ की तरीके सीखे।

मंगलवार को विशेष सत्र के दौरान भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर मुख्यातिथि रहे। उन्हें स्कूल प्रधानाचार्य रमेश चदं ठाकुर ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इससे युवा वर्ग बुरी तरह से ग्रस्ति हो रहा है। विशेष कर इन दिनों चिट्टे के अधिक मामले देखने को मिल रहे हैं लेकिन सरकार व पुलिस विभाग नशे के खिलाफ अभियान छेड़े हुए है तथा नशा कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने स्वयं सेवियों से आहवान किया कि स्वस्थ्य व नशामुक्त समाज के निर्माण में स्वयं भी अपना सहयोग दें और समाज को भी जागरूक करने में समाज सेवी के रूप कार्य करें। उन्होंने नशे के करोबारियों के बारे में पुलिस को भी सूचित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे में संप्लित लोग व वाहन चालक यातायात के नियमों को दर किनार करके दुर्घटनाओं को शिकार हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए नियमों को पालन करना चाहिए। दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेंट का आवश्य प्रयोग करें तथा दूसरों को भी जगारूक करें।



राज्यस्तरीय एनएसएस शिविर के दौरान मुख्यातिथि भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर को सम्मानित करते हुए ।

इसके अलावा पुलिस कार्य प्रणाली से भी अवगत करवाया। उन्होंने स्वयं सेवियों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों को साकार करने के हमेशा तत्तपर रहे और समाज में समाजे सेवी के रूप अपनी अलग पहचान बनाएं। इस अवसर पर जाहू पुलिस चौकी प्रभारी अजय कुमार, पर्यवेक्षक विपिन माहिल, सरला ठाकुर, कैंप कमांडर, मुकेश सलारिया, परेड कमांडर ललिता बांगिया, मीडिया प्रभारी रामभज शर्मा, जिला समन्वयक रामलाल, अनीता कुमारी, सीमा भारद्वाज, पवन कुमार, राकेश कुमार, सहित दो जिलों के 300 से अधिक स्वयं सेवी उपस्थित रहे।

# गरसाहड़ में नाले पर गिरा डंगा बना खतरा, बड़ा हादसा होने की आशंका

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के मुख्य मार्ग बस्सी से तताहर पर स्थित नाले के समीप डंगा गिर जाने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। डंगा टूटने के चलते सड़क का एक हिस्सा लगातार कमजोर होता जा रहा है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय वाहन चालकों को यह टूटे हुए स्थान का अंदाज़ा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है।

ग्राम पंचायत गरसाहड़ की प्रधान रेखा देवी, उपप्रधान विकास शर्मा, राज कुमार, संतोष कुमार, राजेश शर्मा, अजीत शर्मा, पिंकी, मीना, रंजना, बीडीसी सदस्य अनिता शर्मा सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र डंगा लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते डंगा नहीं लगाया गया तो सड़क धंसने का खतरा बढ़ जाएगा और किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चे, राहगीर तथा दैनिक रूप से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक सबसे अधिक जोखिम में हैं। उधर, इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) प्रवीण कुमार ने बताया कि विभाग ने मामले को संज्ञान में ले लिया है और शीघ्र ही उक्त स्थान पर डंगा लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को देखते हुए कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।



**ग्रामीणों ने उठाई मरम्मत की मांग, विभाग ने दिया आश्वासन**

# 12 साल से सूबे में रिवाइज नहीं हुए कर्मचारियों के भत्ते

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कर्मचारियों को वेतन आयोग और डीए के लंबित एरियर देने हेतु अगले वित्तीय सत्र में विशेष बजट रखा जाए। वेतन आयोग के 8555 करोड़ रुपये और मंहगाई भत्ते के शेष 2500 करोड़ रुपए की अदायगी पंजाब की तर्ज पर अधिसूचित की जाए। राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और प्रदेश महासचिव विजय हीर ने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि वर्ष 2021 से पंजाब में कर्मचारियों को रिवाइज भत्ते मिल रहे हैं मगर हिमाचल में ये लंबे समय से रिवाइज नहीं हुए। हिमाचल प्रदेश पंजाब वेतन आयोग का अनुसरण करता आया है मगर भत्ते आज तक पंजाब की तर्ज पर नहीं मिल रहे। इससे सूबे के लाखों कर्मचारी और पेंशनर प्रभावित हो रहे हैं। वर्ष 1996 में वेतन आयोग आने के बाद 1998 में कर्मचारी भत्तों में संशोधन हुआ था। इसके बाद वर्ष 2008 में जो संशोधन होने थे,वे भी नहीं हुए । वर्ष 2012 में कुछ भत्ते संशोधित हुए मगर इसके बाद वर्ष 2016 से नया वेतन आयोग लागू करने के बाद आज तक भत्ते नहीं बढ़ाए गए हैं। पंजाब में 1 जुलाई,2021 से फिक्स मेडिकल भत्ता दुगना कर दिया गया है मगर हिमाचल में अब भी 12 साल पहले तय भत्ता देने से प्रति कर्मचारी अब तक 25 हजार रुपए का नुकसान हो चुका है। वर्ष 2016 से देय इस भत्ते का एरियर प्रति कर्मचारी 30 हजार होना था। इधर कर्मचारी मकान किराया भत्ता हिमाचल में वर्ष 2012 से मकान किराया भत्ता 600 से 1200 रुपए प्रति माह तय है जबकि पंजाब में यह मूल वेतन का 10 से 15 प्रतिशत है। यानी पंजाब में यह भत्ता हिमाचल से कई गुना अधिक है। इसके चलते प्रदेश के कर्मियों को प्रतिमाह 2000 से 10000 रुपए मिल रहे हैं। हिमाचल में मोबाइल भत्ता नहीं मिल रहा जबकि कर्मचारियों से अधिकांश काम मोबाइल पर लिए जाते हैं। पंजाब में यह भत्ता 500 से 1000 रुपए प्रतिमाह है। पंजाब में प्रतिपूरक भत्ता दोगुना कर दिया गया है मगर हिमाचल में यह 200 रुपए प्रति माह मिल रहा है।

# मेहनत से हासिल होता मुकामः ढटवलिया



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** शहीद प्रवीण कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुलहेडा में आयोजित वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्यातिथि कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आधुनिक परिवेश में प्रतिस्पर्धा अधिक होने के कारण छात्रों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कार्यक्रम में उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सबका मनोबल बढ़ाया। अंत में सुभाष ढटवलिया ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र और 5100 रुपए की अनुदान राशि प्रदान कर सम्मानित किया। अभिभावक और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# एकजुट व सजग बनाने का अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजपूत महासभा हमीरपुर ने अपने जनजागरण अभियान के तहत भोरंज ब्लॉक के विभिन्न गांवों में बैठकें आयोजित कर समुदाय को एकजुट और सजग बनाने का अभियान शुरू किया। इस बैठक में क्षेत्र के प्रमुख लोग और पदाधिकारी शामिल हुए। सभा के पदाधिकारियों ने आर्थिक आधार पर आरक्षण, सामान्य वर्ग आयोग, अनुसूचित जाति-जनजाति प्रताड़ना अधिनियम के दुरुपयोग को रोकने, पंचायती राज चुनावों में अन्य वर्गों की जमानत राशि वृद्धि और प्रतियोगी परीक्षाओं में फीस में बेरोजगारों के साथ असमानता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उपस्थित लोगों में महासचिव सुशील ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर राणा, वित सचिव रविंद्र सकलानी, कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सकलानी, जय चंद ठाकुर गाडोला, देश राज, अक्षय ठाकुर गाडोला सहित कई स्थानीय निवासी शामिल थे। सभी ने सभा को मजबूत बनाने और समुदाय हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। महासचिव जोगिंदर ठाकुर ने इसकी जानकारी दी।

# छात्रों ने देशभक्ति गीतों से बांधा समां

**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय उच्च पाठशाला धिरवीं में मंगलवार को क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के समन्वयक अतुल कड़ोहता थे, जिनका अध्यापक, विद्यार्थी और स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। समारोह में हाई स्कूल धिरवीं, प्राथमिक पाठशाला धिरवीं, मिडल स्कूल भकेड़ा व मिडल स्कूल जख्योल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने देशभक्ति गीत, नाटक, लोक गीत और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। अतुल कड़ोहता ने बच्चों को पढ़ाई और वार्षिक परीक्षाओं में मेहनत करने के लिए प्रेरित किया तथा प्रदेश की शिक्षा में हुए सुधारों की जानकारी दी। स्कूल की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और मेधावी छात्रों को पुरस्कार व सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भोरंज में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर 14 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** कला एवं खेल मंच, भोरंज द्वारा समाजसेवी गतिविधियों के तहत 14 दिसंबर, रविवार को निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के उपाध्यक्ष कैप्टन (सेवानिवृत्त) राकेश ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सन स्काई होटल, बस्सी (भोरंज) में लगेगा। इस शिविर में ईडन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, चंडीगढ़ के विशेषज्ञ डॉक्टर सहयोग करेंगे। यहां आम जनता के लिए सामान्य शारीरिक जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, कोलेस्ट्रॉल परीक्षण सहित हृदय रोग, ऑर्थोपेडिक्स और अन्य विशेषज्ञ परामर्श निःशुल्क उपलब्ध होंगे। कैप्टन राकेश ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाने का आग्रह किया।

**कार्यक्रम** बाल भवन हमीरपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गीता जयंती महोत्सव

# विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने पढ़े गीता के श्लोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

गीता पंचायत प्रसार संस्थान की तरफ से गीता महोत्सव काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय प्राथमिक पाठशाला धनपुर तहसील नादौन के अध्यापक गीता रत्न सम्मान से विभूषित अनिल कुमार ने की। बाल भवन हमीरपुर में गीता जयंती महोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। काफी संख्या में लोग इस महोत्सव का हिस्सा बने।

मोक्षदा एकादशी के पावन अवसर पर ज्योति प्रज्वलन के साथ योगेश्वर भगवान वासुदेव, वेद व्यास जी महाराज तथा श्रीमद्भागवत गीता ग्रंथ का पूजा अर्चन गीता प्रेमियों ने किया। इसमें कई स्कूलों के छात्र शामिल हुए तथा उन्होंने यहां अपनी प्रस्तुतियां दीं। गीता के शलोकों का उच्चारण किया गया। गीता प्रचार प्रसार संस्थान की तरफ से प्रतियोगिताओं में भाग लेने के उपरांत विजेता रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्ग में छात्रों की प्रतियोगिताएं करवाई गईं।



बाल भवन हमीरपुर में गीता जयंती महोत्सव के दौरान सम्मानित करते हुए।

गीता प्रचार प्रसार संस्था ने हर वर्ष की भांति इस बार भी काफी उत्साह के साथ गीता जयंती महोत्सव मनाया। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र में बेहतरी कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष विजय पुरी को टोपी, शॉल पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी को भी सम्मानित किया गया। विजय पुरी वर्तमान में सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष है तथा काउंसिल मेडिकल कालेज में मरीजों को जहां तीन वक्त का खाना निशुल्क उपलब्ध करवा रही है तो कई जरूरमंदों की सहायता भी कर रही है। कार्यक्रम का संचालन गीता प्रचार प्रसार संस्थान के महासचिव भगवान दास शर्मा शास्त्री की तरफ से किया गया। श्रीमद्भागवत गीता के पंद्रहवें अध्याय का सस्वर वाचन किया गया। तदोपरांत गीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं व श्रीकृष्ण भजन गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**विजेता छात्रों को संस्थान ने किया सम्मानित**

**सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रयासों का सराहा**

## न्यूज ब्रीफ

### लोकतंत्र व निष्पक्ष चुनावों पर दिया मार्गदर्शन

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय (उत्कृष्ट) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में निर्वाचक साक्षरता क्लब के तहत स्वीप (सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रधानाचार्य रजनीश सांगड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी है। उन्होंने युवाओं को स्वयं जागरूक बनने तथा दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ईवीएम-वीवीपैट, मतदाता सूची पंजीकरण और आदर्श आचार संहिता संबंधी जानकारी दी गई। सुजानपुर के स्वीप नोडल अधिकारी राजीव ठाकुर ने लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

### मान चंद बने चमनेड सहकारी सभा के प्रधान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** जिला हमीरपुर की चमनेड पंचायत में नई सहकारी सभा का गठन किया गया। आज सभा की नई प्रबंधक समिति के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए जिसमें मान चंद को प्रधान, ज्ञान चंद को उपप्रधान, सुरेश कुमार, पुरुषोत्तम लाल व करम चंद को कमेटी सदस्य चुना गया।

### श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में आराध्या प्रथम

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** गीता प्रचार प्रसार संस्थान हमीरपुर द्वारा वाल आश्रम हमीरपुर में गीता जयंती के अवसर पर भजन गायन, श्लोक उच्चारण और गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। खंड नादौन की विभिन्न प्राथमिक पाठशालाओं के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नादौन की कक्षा पहली की छात्रा आराध्या भारद्वाज प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि धनपुर की मन्नत द्वितीय और जंगल्लू की वंशिका तृतीय स्थान पर रहीं। बडियार की अनन्या शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को भगवान के विराटरूप का चित्र, कॉपी, पेन और धनराशि प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार ने की तथा डॉ. रतन चन्द शास्त्री विशेष अतिथि रहे।

### रेड रिबन क्लब ने निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, हमीरपुर में विश्व प्रदूषण दिवस पर एनएसएस यूनिट और रेड रिबन क्लब द्वारा जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा। कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम, चेयरमैन रजनीश गौतम, प्रिंसिपल प्रो. डॉ. संजय कुमार और अकादमिक इंचार्ज प्रो. डॉ. दर्श गौतम ने रैली में भाग लेकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया। छात्रों और स्टाफ ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से लोगों को प्रदूषण के दुष्प्रभावों और स्वच्छ वातावरण के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छ एवं प्रदूषण-मुक्त भारत का संकल्प लेते हुए किया गया।

### प्रतिभागियों को दी उद्यमिता विकास की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित 'रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' योजना के तीन दिवसीय आवासीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर कार्यक्रम में करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के पायनियर इनक्यूबेटर के नोडल अधिकारी डॉ. शशि पाल ठाकुर सोर्स पाल विशेष वक्ता रहे। कार्यक्रम में लगभग 25 प्रतिभागियों ने एमएसएमई क्षेत्र में उद्यमिता विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। डॉ. शर्मा ने प्रभावी व्यावसायिक प्रस्ताव और स्टार्टअप पिच तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया, पिच की संरचना, संवाद कौशल, प्रस्तुति तकनीक, निवेशकों की अपेक्षाओं और प्रभावी पिच प्रस्तुत करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग द्वारा प्रायोजित और हिमाचल प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट, धर्मशाला द्वारा आयोजित किया गया।

### प्रदेश सरकार पूरी तरह हताशः राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक सुजानपुर राजेंद्र राणा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह हताशा और निराशा में डूबी हुई है। उनके अनुसार सरकार चलाने वालों के पास न तो राजनीतिक शक्ति बची है और न जनता का भरोसा, और सत्ता बचाने के लिए वे घटिया तरीकों का सहारा ले रहे हैं। राणा ने बताया कि सरकार जनता के टैक्स के पैसे फर्जी सोशल मीडिया पेज चलाने और विरोधियों पर हमले में खर्च कर रही है। उन्होंने फर्जी नैरेटिव, पुलिस के दुरुपयोग और असली मुद्दों से भागने की राजनीति को जनता के लिए हास्यप्रद बताया। उनका कहना है कि इस तरह की रणनीति सरकार की हताशा और कुर्सी बचाने की छटपटाहट को दर्शाती है।

### कांग्रेस सरकार अपराधियों को दे रही संरक्षणः नरेंद्र

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** भाजपा सुजानपुर मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा और मीडिया प्रभारी नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि 4 दिसंबर को धर्मशाला में कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ विशाल धरना आयोजित किया जाएगा। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र राणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में आरोप लगाया गया कि प्रदेश में गुंडा राज चरम सीमा पर है, जैसे मंडी में तेजाब कांड और ऊना में खनन माफिया के आपसी गोलीकांड। बैठक में कहा गया कि कांग्रेस सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है और युवा बेरोजगार हैं। सुजानपुर मंडल ने बूथ स्तर पर धरने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश की खराब कानून-व्यवस्था, टूटती सड़कें, स्वास्थ्य व रोजगार में विफलता को भाजपा नेताओं ने जनता के सामने उजागर किया।

### तकनीकी विवि की परीक्षाएं आज से होंगी शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर की बीटेक, बी फार्मेसी, एमटेक, एम फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमएससी, बीएचएमसीटी, योग और पर्यटन विषयों की नियमित सेमेस्टर व री-अपीयर परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। कुल 29,177 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिनमें 16,726 नियमित और 12,408 री-अपीयर उम्मीदवार हैं। विशेष अवसर पर 43 परीक्षार्थी भी शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने बताया कि परीक्षाएं तीन दिसंबर से शुरू होकर सात जनवरी तक चलेंगी। प्रदेश में 38 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। सभी केंद्रों के अधीक्षकों को परीक्षाओं के सुचारु संचालन की हिदायत दी गई है। एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं और सभी तैयारियां पूरी हैं।

### आज मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार 3 दिसंबर को एनजीओ भवन के परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में उपायुक्त अमरजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जिला कल्याण अधिकारी ने दिव्यांगजनों से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### किसान 15 तक करवाएं गेहूं फसल का बीमा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि और जलभराव से फसलों को होने वाले नुकसान से सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ रबी सीजन 2025-26 में भी उठाया जा सकता है। जिले के किसान 15 दिसंबर तक गेहूं की फसल का बीमा करवा सकते हैं। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशि पाल अत्री ने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रभावित किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना और उनकी आय सुनिश्चित करना है। अधिसूचित तहसीलों और उपतहसीलों में सभी किसान, चाहे ऋणी हों या अऋणी, बीमा का लाभ उठा सकते हैं। ऋणी किसानों का बीमा बैंक द्वारा स्वतः किया जाएगा, जबकि अऋणी किसान फोटो पहचान पत्र, आधार कार्ड और भूमि दस्तावेज लेकर नजदीकी बीमा कार्यालय, लोक मित्र केंद्र या ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। गेहूं की फसल का बीमा प्रति हेक्टेयर 900 रुपये (36 रुपए प्रति कनाल) प्रीमियम पर होगा, बीमित राशि 60,000 रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है।

### आईटीआई लंबलू में साक्षात्कार 9 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मोहाली स्थित स्वराज इंजिन्स लिमिटेड में एप्रेंटिस ट्रेनी (आईटीआई) के 300 पदों और डिप्लोमा धारकों के फिक्स्ड टर्म इम्प्लॉयमेंट के 300 पदों के लिए 9 दिसंबर को आईटीआई लंबलू में साक्षात्कार आयोजित होंगे। आईटीआई लंबलू के प्रधानाचार्य अनिल पठानिया ने बताया कि एप्रेंटिस ट्रेनी के लिए मैकेनिक, ऑटो, टर्नर, मशीनिस्ट, डीजल, टूल एंड डाई मेकर आदि ट्रेडों के पास आउट उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 15,150 रुपए मासिक वेतन व अन्य ईएसआई और पीएफ की सुविधा मिलेगी। फिक्स्ड टर्म पदों के लिए डिप्लोमा धारक उम्मीदवार 16,065 रुपए वेतन, ईएसआई, पीएफ, बोनस, नाइट शिफ्ट अलाउंस व अन्य सुविधाओं के साथ काम करेंगे। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।



# हिमाचल विधानसभा में धारा-118 पर हंगामा

## उद्योग मंत्री ने भ्रष्टाचार का स्रोत बताया; बोले-जमीन की सुरक्षा के लिए बनाई थी, दलाल उठा रहे फायदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सदन में प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों के सवालों के जवाब देते हुए।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड रिफॉर्म्स एक्ट, 1972 के सेक्शन 118 में कुछ बड़े बदलाव किए हैं। इनका मकसद जमीन ट्रांसफर के प्रोसेस को आसान बनाना और राज्य में प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देना है। अमेंडमेंट बिल के साथ दिए गए मकसद और वजहों के स्टेटमेंट के मुताबिक, सरकार ने बताया कि सेक्शन 118 को गैर-खेती करने वालों को जमीन के ट्रांसफर को रेगुलेट करने के लिए बनाया गया था, लेकिन राज्य के सोशियो-इकोनॉमिक हालात काफी बदल गए हैं। हालांकि, कई असली इन्वेस्टर अपने कंट्रोल से बाहर के हालात की वजह से तय टाइमलाइन में प्रोजेक्ट पूरे नहीं कर पाए। इसे ठीक करने के लिए, बिल में एक ऐसा सिस्टम बनाने का प्रस्ताव है जिससे तय पेनल्टी चुकाने पर टाइम बढ़ाया जा सके। ग्रामीण इलाकों में बिजनेस एक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने इस एक्ट के सेक्शन-118 के दायरे से दस साल तक की बिल्डिंग्स की शॉर्ट-टर्म लीज को छूट देने का प्रस्ताव दिया है।

अभी, गैर-खेती करने वालों को ज़मीन का ट्रांसफर बिक्री, गिफ्ट, वसीयत, एक्सचेंज, लीज, कब्जे के साथ मॉर्गेज, या किराएदारी बनाने जैसे तरीकों से सीमित है। अब, बिल रियल एस्टेट सेक्टर में बिजनेस करने में आसानी बढ़ाने का प्रस्ताव करता है, हिमाचल प्रदेश हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी को गैर-खेती करने वालों को जमीन और फ्लैट बेचने के लिए दी गई मौजूदा छूट को बाद के खरीदारों तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। इन बदलावों से गैर-खेती करने वालों को प्राइवेट रियल एस्टेट डेवलपर्स से पूरी बनी हुई बिल्डिंग या फ्लैट खरीदने की भी इजाजत मिलेगी। एक बड़ा बदलाव को-ऑपरेटिव सोसाइटियों से जुड़ा है, जो राज्य के गांव के इलाकों को कवर करती हैं और जिनमें लगभग बीस लाख किसान सदस्य हैं। सरकार ने कहा कि हालांकि ये सोसाइटियां ज़्यादातर किसानों द्वारा चलाई जाती हैं, लेकिन उनकी कानूनी पहचान उन्हें किसानों के तौर पर ज़मीन खरीदने या अपने सदस्यों द्वारा ट्रांसफर की गई जमीन लेने से रोकती है। बिल में पूरी तरह से खेती करने वाले सदस्यों वाली को-ऑपरेटिव सोसाइटियों को सेक्शन 118 के तहत बिना इजाजत लिए जमीन लेने की इजाजत देने का प्रस्ताव है।

इस कदम से किसानों को अपनी ज़मीन का इस्तेमाल नए कामों के लिए करने, रोजगार पैदा करने, इनकम लेवल बढ़ाने और राज्य की इकॉनमी को मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है। जैसे-जैसे कई सोसाइटियां मल्टीपर्पस एंटिटीज में बदल रही हैं, सरकार का मानना है कि इन बदलावों से वे ज्यादा फायदेमंद प्रोजेक्ट शुरू कर पाएंगी। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि इन बदलावों का मकसद कानूनी ढांचे को आसान बनाना और गांव के लेवल पर इन्वेस्टर्स और लोकल कम्युनिटीज दोनों को सपोर्ट करना है।

# विपक्ष का जॉब ट्रेनी पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन

## भाजपा सरकार में हुए इंटरव्यू के अभ्यर्थियों को अभी तक नहीं मिली नौकरी : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




विधानसभा के बाहर भाजपा विधायक रोजगार व जॉब ट्रेनी भर्ती को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

विधानसभा परिसर तपोवन में चल रहे शीतकालीनल सत्र के पांचवें दिन भाजपा विधायकों ने जॉब ट्रेनी पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन किया। भाजपा ने जॉब ट्रेनी पॉलिसी को वापस लेने की मांग उठाई तथा प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावी बेला में युवाओं को पक्की और 58 वर्ष वाली तथा पेंशन युक्त नौकरी देने की बात कही थी। यह बात हमने कांग्रेस के हर भाषण में सुनी थी। वहीं सरकार बनने के बाद भी इस बात को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और उनके मंत्री भी दोहराते रहे, लेकिन अभी तक सरकारी नौकरियों के नाम पर प्रदेश सरकार ने किसी को भी नौकरी नहीं दी है इस दौरान अगर किसी को नौकरी मिली भी है तो वह भाजपा कार्यकाल के दौरान जारी हुई भर्तियों में मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आउटसोर्स पर लगे 10000 से ज्यादा युवाओं को निकाल कर घर भेज दिया। उन्होंने कहा कि स्टाफ सिलेक्शन कमीशन 3 साल बीतने के बाद भी अभी तक भर्ती नहीं निकाल पाया है।

वहीं भाजपा कार्यकाल में जिन लोगों के इंटरव्यू हुए थे उन्हें 3 वर्ष का कार्यकाल बीतने के बाद भी नौकरियां नहीं मिल पाई हैं। अब प्रदेश का नई सोच के साथ जॉब ट्रेनी पॉलिसी की शुरुआत करने की बात कही है। इसका अभिप्राय क्या है इसे हर नौजवान जानना चाहता है कि 2 साल की नौकरी के बाद दोबारा टेस्ट लिए जाएगा और अगर उसमें पास होते हैं तभी नौकरी को आगे बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश सरकारी नौकरियां निकालने की बजाय मित्र नाम से नौकरियां निकाल रही है, इसमें कोई पॉलिसी नहीं है। जोरावर स्टेडियम में रैली को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यहां से जो गूंज उठे वह मुख्यमंत्री के कमरे तक पहुंच सके। वहीं उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री जिन भवनों का उद्घाटन कर रहे हैं उनके शिलान्यास और बजट प्रावधान भाजपा सरकार में हुआ था आज मुख्यमंत्री केवल उनके फीता काट रहे हैं।

## एचआरटीसी के घाटे में चल रहे 480 रूट होंगे बंद



**अर्की** विधायक संजय अवस्थी ने कंधर-बग्गा से दिल्ली के लिए 15 वर्षों से बंद बस सेवा को बहाल करने की मांग उठाई, जिस पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्तमान में बस सेवा चंडीगढ़ तक संचालित है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी पर 2200 करोड़ का घाटा और 1300 करोड़ की देनदारी है। सीएम सुक्खू ने निगम में रेजेलाइजेशन की आवश्यकता जताई और बताया कि 780 करोड़ रुपये जनता के लिए दिए जाते हैं तथा 480 रूटों पर निजी बसें उतारने की तैयारी चल रही है।

## एचआरटीसी में युक्तिकरण पर हो रहा कार्य

**नाचन** के विधायक विनोद कुमार ने गदीधार से करसोग बस बंद थी, उसे चलाया गया है। अब राज्य में दो हजार 900 बसें चलती हैं, जिसमे मंडल की जानकारी भी मांगी गई है। कुछ बसें किलोमीटर पूरा करने के बाद भी चल रही है, जोकि बार-बार खराब हो रही है। ऐसे में दुर्घटनाओं का भी खतरा बना हुआ है। इस पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि बसें अधिक व कम है। उन्होंने कहा सीएम के निर्देशों के तहत युक्तिकरण के तहत कार्य किया जाएगा।

## निक्का ने रिटायर गृहरक्षकों की समस्याएं उठाईं



**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा द्वारा उठाए गए प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने बताया कि 700 गृह रक्षक पदों को भरने के लिए सॉफ्टवेयर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिति सुधरते ही 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त दो हजार कर्मियों को एरियर की किस्त जारी की जाएगी। विधायक रणवीर निक्का ने रिटायर गृह रक्षकों की आर्थिक समस्याएं उठाई, जिस पर सीएम ने आश्वस्त किया कि राज्य अपने स्तर पर कार्रवाई करेगा और 75 वर्ष से ऊपर सभी को इस वित्त वर्ष में लाभ दिया जाएगा।

## 200 रुपए से सालभर के लिए बनाया जा रहा कार्ड

**बिलासपुर** के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कंदरौर-जाहू बस सेवा बंद की गई है, जिसमें स्कूल व कॉलेज छात्र आवाजाही करते हैं। इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसमें 27 बच्चे सुविधा प्राप्त करते थे, जिसमें अन्य अल्टरनेट बस की सुविधा प्रदान की गई है। सदन में सीएम सुक्खू ने कहा कि अधिक बसें चल रही थी, उन्हें ही बंद की गई है। उन्होंने बताया कि सरकारी बसों में निशुल्क सुविधा है। उन्होंने बताया कि निगम की बसों के लिए 200 रुपए से वर्षभर के लिए कार्ड बनाया जा रहा है।

## पुल के लिए बजट का प्रावधान करे सरकार: सत्ती



**ऊना** के विधायक सत्तपाल सिंह सत्ती ने कहा कि ऊना में दो वर्ष पूर्व रामपुर गांव में पुल के पिलर बरसात व अवैध खनन के कारण बैठ गया था, अब वैली ब्रिज को चलते हुए लगभग दो वर्ष हो गए है। उसमें हिमाचल सहित लेह तक तेल ट्रक व अन्य वाहन गुजरते हैं। ऐसे में वैली ब्रिज टूटने से 14 गांवों का रास्ता व पंजाब से संपर्क टूट गया है। इसके लिए सरकार बजट मांगा गया था, जोकि प्रदान ही नहीं किया गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सचिवालय की ओर से इस विषय को संबधित मंत्री व विभाग को भेजेंगे।

## जम्वाल ने खैर की कटाई को लेकर बात रखी

**बिलासपुर** के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने खैर की कटाई को लेकर बात रखी। जिसमें उन्होंने ठेकेदार के तहत ही पेड़ों की कटाई की जा रही है, जबकि वन विभाग व निगम इसमें उचित कार्य नहीं कर रहा है। किसान के पास 10 खैर है, जबकि फारेस्ट भूमि में डबल रेट मिल रहे हैं। उन्होंने खैर के पेड़ों की मार्किंग विभाग के माध्यम से करवाने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने आउट सोर्स कर्मियों जोकि स्वच्छता कार्य करने में लगे गए हैं। जिसमें मात्र 18 से 50 वर्ष आयु कर कुछ लोगों को बाहर निकाल दिया गया है। जबकि राज्य में सेवानिवृत्ति की आयु 58 व चतुर्थ श्रेणी की 60 है, तो उन्हें भी मौका दिया जाना चाइए। विस अध्यक्ष ने इस विषय को लेकर कहा कि संबधित विभागों को निर्देश दिए जाएंगे।

## कटवाल ने उचित मूल्यों की दुकानों का मसला उठाया

**झंडूता** के विधायक जीत राम कटवाल ने सदन में उचित मूल्य दुकानों व डिपो धारक का मसला उठाया। उन्होंने कहा कि उन्हें 20 हजार मेहनताना और परमानेंट लाइसेंस बनाने की बात कही थी। विस अध्यक्ष ने इस विषय पर उचित कार्यवाही की बात कही।

## अर्धसैनिक बल कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

**शाहपुर** के विधायक केवल सिंह पठानिया ने अर्धसैनिक बलों का मामला उठाया है। उन्होंने सैनिक कल्याण बोर्ड की तर्ज पर अर्ध सैनिक बल कल्याण बोर्ड के गठन किए जाने की बात रखी । उन्होंने कहा कि पैरा मिल्ट्री फोर्स से रिटायर हुए लोगों की संख्या दो लाख 64 हजार है। ऐसे में जल्द से जल्द अर्ध सैनिक बल कल्याण बोर्ड का गठित करने की मांग रखी है।

## गोल्ड मेडल विजेता को दिया जाए ईनाम: हरदीप

**नालागढ़** के विधायक हरदीप सिंह बावा ने कहा कि उनके क्षेत्र के संदीप चौधरी ने साउथ एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता है। जिन्हें उचित ईनामी राशि जारी करने व राज्य पद प्रदान करने की बात उठाई है। इस पर खेल मंत्री योगेंद्र गोमा ने इस मामले में उचित राशि जारी करने की बात कही।

## नूरपुर अस्पताल पर सदन का ध्यान किया आकर्षित

**नूरपुर** के विधायक रणवीर सिंह निक्का ने नियम-62 के तहत नूरपुर अस्पताल पर सदन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने अस्पताल में रिक्त चल रहे पदों को जल्द भरने की मांग उठाई। इस पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि सिविल अस्पताल नूरपुर में 115 बिस्तरों का है, ओपीडी एक लाख 30 हजार, आईपीडी तीन हजार से अधिक रही। अस्पताल में 171 स्वीकृत हैं, 123 भरे हुए, 48 रिक्त हैं। रिक्त पदों को भरे जाने की प्रक्रिया चल रही है, अभी भी अधिकतर विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। जबकि अब छह नए विशेषज्ञ के पद जारी किए गए हैं। जिनमें चार ने ज्वाइन किया है, जबकि दो ने ज्वाइन नहीं किया है।

## कोलतरा पुल मार्च में होगा तैयार: विक्रमादित्य



**पीडब्ल्यूडी** मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आपदा पर सदन में बात रखते हुए कहा कि विभिन्न विषय उठाएं जा रहे हैं। मंडी को जोगेंद्रनगर से जोड़ने वाले कोलतरा महत्वपूर्ण पुल के लिए अढ़ाई करोड़ बजट जारी किया गया। इसके लिए निर्माण सामग्री मंडी में पहुंच गई है। मार्च 2026 तक इसकी लांचिंग कर दी जाएगी। ये पुल मंडी को जोगेंद्रनगर से जोड़ता है। इसके लिए अतिरिक्त बजट को लेकर भी प्रपोजल जारी किया गया है। इस पर अनिल शर्मा ने कहा कि पुल के लिए पीडीएनए में पांच करोड़ जारी मिल चुका है। अब जल्द कार्य होने पर बड़ी राहत मिल सकेगी।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था से युवाओं का बढ़ता जुड़ाव सराहनीय: पठानिया



स्कूली बच्चों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही व विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलेरा, मोरथू, शाहपुर और राजकीय महाविद्यालय सिहुन्ता के लगभग 182 विद्यार्थियों ने शनिवार को विधानसभा सचिवालय पहुंचकर शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन की कार्यवाही देखी।

कार्यवाही से पहले छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। अध्यक्ष पठानिया ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि युवाओं में संसदीय प्रणाली व संवैधानिक व्यवस्था को समझने का बढ़ता उत्साह लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सौ से अधिक छात्र कार्यवाही देखने आ रहे हैं, जिससे स्पष्ट है कि नई पीढ़ी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति गंभीर रुचि रखती है।

उन्होंने छात्रों को विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के आपसी संबंध और लोकतांत्रिक शासन में उनकी भूमिका के बारे में अवगत करवाया। कुलदीप पठानिया ने छात्रों को भविष्य में भी सदन की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वाइल्ड फ्लावर हॉल केस में प्रदेश को मिलेंगे 300 करोड़: सीएम

## विधायक विपिन सिंह परमार की ओर से पूछे सवाल पर मुख्यमंत्री ने सदन में रखी सूचना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधायक विपिन सिंह परमार की ओर से अधिवक्ताओं की नियुक्ति को लेकर पूछे गए सवाल पर सीएम ने सदन में सूचना रखी। इस पर विधायक ने सरकार से सुप्रीम कोर्ट में केस व अधिवक्ताओं, उच्चतम न्यायालय के केस के लिए कितनी राशि प्रदान की गई। सीएम सुक्खू ने कहा कि वाइल्ड फ्लावर हॉल शिमला के केस जीतकर 300 करोड़ हिमाचल को मिलने वाला है। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, पी चिदंबरम, एडवोकेट रस्तोगी, अभिषेक मनु सिंघवी सहित अन्य नाम शामिल है। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू के मामले में भी 150 करोड़ लाभ होना तय है। उन्होंने बताया कि हिमाचल के हितों के सभी मुद्दों को सुप्रीम कोर्ट में उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2011 सालों से केस चल रहे थे, जिन्हें जोरदार तरीके से कोर्ट में उठाकर हक में जीत दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी फीस का ब्यौरा भी सदन में रख दिया जाएगा।



सीएम ने, नेता विपक्ष को थोड़ा शांत रहने व अपने स्वभाव के तहत रहने की बात कही। इस पर नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि ओबराय केस पहले से चल रहा था, जबकि उक्त वकील भी दूसरी तरफ से लड़ रहे थे। उन्होंने संसदीय सचिव को लेकर भी खर्चे की बात पूछी है।

### आपदा प्रभावितों को मिलेगा पूरा 7 लाख मुआवजा

**विधानसभा** के शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन सदन की कार्रवाई समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री ने जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार की स्थिति स्पष्ट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में चर्चा के बाद जो पॉलिसी लाई जाती है, उसके अनुसार ही लोगों को पूरा लाभ दिया जाता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपदा में जिन लोगों के घर टूटे हैं, उन्हें पूरा 7 लाख रुपये का मुआवज़ा दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि आज सदन में धारा 118 को लेकर विधेयक पेश किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धारा 118 में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने जमीन खरीदी है और 5 साल में 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है, उनके मामले में मौजूदा प्रावधानों के अनुसार 5 साल बाद एक्सटेंशन देने का कोई प्रावधान नहीं था। इसलिए सरकार इस संबंध में एक विधेयक लाई है, ताकि सरकार को पावर मिले व ऐसे मामलों में साल की एक्सटेंशन दी जा सके।

### 30 बोर्ड-निगमों में लगाए चेयरमैन-वाइस चेयरमैन

**विधानसभा** में बीजेपी विधायक सुरेंद्र शौरी के सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि अब तक विभिन्न बोर्ड-निगमों में 30 व्यक्तियों को चेयरमैन-वाइस चेयरमैन लगाया गया है। इन प्रमुख नियुक्तियों में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर, विभिन्न जिलों की कृषि उपज मंडी समितियों में चेयरमैन संजय गुलेरिया, राम सिंह मिया, रोशन ठाकुर, देवानंद वर्मा, अजय शर्मा, सीताराम शर्मा, सतपाल वर्धन, ललित ठाकुर और चौधरी नरेंद्र शामिल हैं।

### गरली-परागपुर में पर्यटन विकास को मिलेगी गति

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने बताया कि नौ दिंसबर 1997 परागपुर व 2002 में गरली को धरोहर गांव घोषित किया गया। इसके लिए प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था, जिसमें 52 लाख राशि 2006 तक खर्च किया गया। ऐसे में गरली परागपुर, कालेश्वर महादेव मंदिर में 25 करोड़ से कार्य किया जाना प्रस्तावित है, उसे लेकर कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। इससे पहले जसवां परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने गरली-परागपुर में पर्यटन की दृष्टि से उचित सुविधा प्रदान किए जाने के लिए सदन का ध्यानाकर्षण किया।



भोरंज विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक एवं जम्मू-कश्मीर के ऑब्जर्वर सुरेश कुमार ने मंगलवार को अनंत ज्ञान के प्रेस परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने समाचार पत्र के संपादन, प्रकाशन प्रक्रिया तथा प्रिंट मीडिया के सामने उभर रही चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की और अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। अखबार के एमडी डॉ. दिलीप धाकड़ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत कर सम्मानित किया। उनके साथ कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया भी उपस्थित रहे। चित्र में साथ हैं-सीईओ विशाल धीमान, संपादक समरजीत, प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद, हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ विक्रम ढटवालिया एवं डिप्टी जीएम (मार्केटिंग) संजीव कुमार।

## कभी 34 हजार तो कभी 23 हजार नौकरियां, सरकार के अलग बयान: जयराम



**धर्मशाला** के तपोवन विधानसभा सत्र के शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन का आगाज प्रश्नकाल के साथ हुआ। इसमें पहले ही स्थगित प्रश्न के जबाव न मिलने पर नेता प्रतिपक्ष की ओर से सवाल में सप्लीमेंट्री रखते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के तहत सरकार की ओर से हर साल एक लाख व पांच साल में पांच लाख नौंकरियां देने की बात कही थी। ये प्रश्न पिछले वर्ष भी लगा था, जिसमें भी उत्तर नहीं मिल पाया था। जबकि एक साल बाद भी वही स्थिति बनी हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार में बयान अलग आते हैं, जिसमें कभी 34 हजार व कभी 23 हजार नौकरियां बताई जा रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि जल्द ही सूचना उपलब्ध करवा दी जाएगी। सीएम ने कहा कि पूर्व सरकार की ओर से सूचना एकत्रित करने की प्रथा थी, जिसे बदला जाएगा। आगामी सत्र में सूचना उपलब्ध करवा दी जाएगी।

## आशा वर्कर्स के लिए बनाई जाए पॉलिसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में कार्यरत आशा वर्कर्स को उनके कार्य के लिहाज से वेतन नहीं दिया जा रहा है। सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में आशा वर्कर्स अहम योगदान दे रही हैं, लेकिन न तो उन्हें सम्माजनक वेतन दिया जा रहा और न ही समय इसका भुगतान होता है। ऐसे में इन वर्कर्स को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तपोवन में मंगलवार को आशा कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी समस्याओं को लेकर प्रदेश मुख्यमंत्री सुक्खविंद्र सिंह सुक्खू से जिला प्रधान अध्यक्ष सरला राणा और जिला सचिव कल्पना रंधावा की अध्यक्षता में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रदेश की सभी आशा कार्यकर्ता ईमानदारी से अपना कार्य कर रही हैं, मगर हमें जो वेतन दिया जा रहा है, वह काम की एवज में बहुत कम है। आशाओं ने कहा कि वर्ष 2014 से स्वास्थ्य विभाग के हम कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया जा रहा है और उसके मुकाबले में बहुत कम वेतन दिया जा रहा है, सरकार ने आज दिन तक उनकी समस्याओं को गंभीरता नहीं लिया गया। उन्होंने सरकार से मांग की है कि हमें काम के समान वेतन दिया जाए और आशा वर्करों के लिए भी पॉलिसी बनाई जाए। आशाओं का न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपये मासिक किया जाए।



अनंत ज्ञान, धर्मशाला। तपोवन में आयोजित वर्तमान सरकार के 10वें सत्र की 5वीं बैठक में भाग लेने पहुंचे हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के साथ उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की तथा कई राजनीतिक तथा विधानसभा की कार्यवाही सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा की।

# जलशक्ति विभाग के पैरा कर्मियों ने मांगी पांच साल की स्थायी पॉलिसी



प्रदेश जल शक्ति पैरा कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के सदस्य मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश जल शक्ति पैरा कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के सदस्य जल शक्ति विभाग में कार्यरत पैरा वर्करों के लिए पांच साल की स्थाई पॉलिसी बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिले।

संघर्ष मोर्चा से प्रवीण शर्मा, अमन शर्मा, विवेक व अन्य ने बताया कि साल 2017 से जल शक्ति विभाग में पैरा वर्करों की नियुक्ति की जा रही है। तीन श्रेणियों में की गई भर्ती के तहत साल 2017 में पंप ऑपरेटर व फीटर की भर्ती की गई। साल 2020 से मल्टीपर्पस भर्ती की जा रही है।

उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया था कि पंप ऑप्रेटर पैरा वर्करों को आठ साल की सेवा व दो साल के ट्रेनी पीरियड के बाद विभाग में नियमित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मल्टी पर्पज के लिए इस समय किसी तरह की पॉलिसी नहीं है। ऐसे में पैरा वर्करों के लिए 5 साल की स्थाई पॉलिसी बनाई जाए। इसके साथ ही न्यूनतम वेतन लागू किया जाए।

**बिल** ओवरटाइम सीमा 50 से बढ़ाकर 144 घंटे करने का प्रस्ताव, दोगुनी दर से मिलेगी सैलरी

# दस से कम कर्मियों वाले प्रतिष्ठानों को राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के नियम होंगे आधुनिक-अमेंडमेंट
- बदले सामाजिक-आर्थिक हालात के अनुरूप 1969 के एक्ट में बड़े सुधार



तपोवन में शीतकालीन सत्र के 5वें दिन की कार्यवाही का संचालन करने विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर सलामी लेते विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

हिमाचल प्रदेश के इंडस्ट्री और पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर हर्षवर्धन चौहान ने मंगलवार को विधानसभा में हिमाचल प्रदेश शॉप्स एंड कमर्शियल एस्टैब्लिशमेंट्स (अमेंडमेंट) बिल, 2025 पेश किया। इसमें राज्य में दुकानों और कमर्शियल एस्टैब्लिशमेंट्स को कंट्रोल करने वाले मौजूदा रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में बड़े बदलावों का प्रस्ताव है। बिल के मुताबिक, इन बदलावों का मकसद पहाड़ी राज्य में बदलते इंस्टीट्यूशनल और सोशियो-इकोनॉमिक हालात को देखते हुए हिमाचल प्रदेश शॉप्स एंड कमर्शियल एस्टैब्लिशमेंट्स एक्ट, 1969 के नियमों को मॉडर्न बनाना है। प्रस्तावित बड़े बदलावों में से एक है मंजूर ओवरटाइम घंटों को बढ़ाना। ओरिजिनल एक्ट का सेक्शन-7 अभी ओवरटाइम काम को हर तिमाही 50 घंटे तक लिमिट करता है। इस अमेंडमेंट का मकसद इस लिमिट को बढ़ाकर हर तिमाही 144 घंटे करना है, बशर्ते ओवरटाइम सैलरी नॉर्मल घंटे के रेट से दोगुनी हो।

इस कदम का मकसद कर्मचारियों को सही कम्पेनसेशन पक्का करते हुए ज़्यादा कमाई के मौके देना है। एक और अहम अमेंडमेंट कमर्शियल एस्टैब्लिशमेंट्स के रजिस्ट्रेशन से जुड़ा है। ओरिजिनल एक्ट के सेक्शन-13 के मुताबिक, हर एस्टैब्लिशमेंट को रजिस्टर करना जरूरी है। बिल में दस या उससे ज्यादा लोगों को काम पर रखने वाली जगहों तक जरूरी रजिस्ट्रेशन को सीमित करके इस जरूरत को सही बनाने का प्रस्ताव है, जिससे छोटे बिजनेस के लिए नियमों का पालन आसान हो जाएगा। बिल के साथ दिए गए मकसद और वजहों के बयान में कहा गया है कि प्रस्तावित बदलावों से एक्ट की जरूरत और असर को बढ़ाने और राज्य में बिजनेस करने में आसानी होने की उम्मीद है। सरकार का कहना है कि एक्ट के लागू होने के पांच दशक से ज्यादा समय बाद भी, कुछ नियमों में मौजूदा आर्थिक हकीकत के हिसाब से बदलाव की जरूरत है। बिल का मकसद कर्मचारियों की भलाई और बिजनेस में आसानी के बीच बैलेंस बनाते हुए इन नियमों को अपडेट करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### संसाल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत चाइल्ड हेल्पलाइन कांगड़ा ने संसाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिला समन्वयक मनमोहन सिंह ने बाल विवाह के नुकसानों व कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी तथा 1098 हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली समझाई। पर्यवेक्षक हेमराज ने महिलाओं व बच्चों हेतु सरकारी योजनाएं बताईं। अंत में प्रतिभागियों को बाल विवाह रोकने, जानकारी साझा करने और बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई।

### पंचायत लेवल क्रिकेट लीग का आगाज

**अजय अनंत ज्ञान, पाल, पालमपुर।** नवी उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी ने युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से पंचायत स्तर का भव्य लीग क्रिकेट टूर्नामेंट आरंभ किया। संस्था की अध्यक्ष नवी ठाकुर के अनुसार, इसका मकसद ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देकर उनकी खेल क्षमता निखारना है। सभी टीमों को संस्था द्वारा निःशुल्क ड्रेस उपलब्ध करवाई गई, जिससे उत्साह और बढ़ा। स्थानीय लोगों ने इस पहल को सराहा। यह आयोजन क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का सकारात्मक प्रयास माना जा रहा है।

### शाहपुर कॉलेज में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के सड़क सुरक्षा क्लब ने गूगल माध्यम से ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और डिजिटल तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित करना था। लगभग 200 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से अपनी जानकारी मजबूत की। प्राचार्य विश्वजीत सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम जिम्मेदारी और सतर्कता की भावना विकसित करते हैं। प्रो. सुरेंद्र कुमार ने डिजिटल मंचों के उपयोग को लाभकारी बताया। क्लब संयोजक डॉ. शिवानी ने जानकारी दी कि विजेताओं के नाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

### पंचरुखी थाने में दोपहिया वाहनों की नीलामी कल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाने में वीरवार को दोपहिया वाहनों की नीलामी की जाएगी। थाना प्रभारी रामस्वरूप ने कहा कि कोर्ट के आदेशानुसार पुलिस थाना पंचरुखी में जब्त किए आठ दोपहिया वाहनों की नीलामी की जाएगी। ये दोपहिया वाहन, बिना नंबर या किसी अवैध गतिविधियों के कारण जब्त किए हैं। इन वाहनों के मालिक इनको छुड़वाने नहीं आए है, इसलिए कोर्ट के आदेशानुसार इनकी नीलामी की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि जो भी इन वाहनों की बोली देना चाहता वो वीरवार सुबह ग्यारह बजे थाना पंचरुखी में आकर बोली लगा सकता है।

### समाजसेवी बलवीर ने दान की 10 पेटी टाइलें

**अनंत ज्ञान, डरोह।** शिक्षा खंड थुरल के अंतर्गत बलाहरा स्कूल को पीहडी पंचायत के व्यापारी और समाजसेवी बलवीर सोनी ने अध्यापक राकेश राणा की कार्यशैली से प्रभावित होकर 10 पेटी टाइलें दान दीं हैं, ताकि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को एक अच्छा वातावरण मिल सके। स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान सीमा देवी, सभी सदस्यों, स्कूल के मुख्याध्यापक, स्टाफ और बच्चों के अभिभावकों ने बलवीर सोनी का धन्यवाद किया।

### रक्कड़-चपलाह सड़क की डीपीआर फाइल अटकी

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** जसवां-परागपुर में सड़क परियोजनाओं की उपेक्षा पर लोगों में रोष है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा के अनुसार विकास के दावों के बावजूद रक्कड़-चपलाह-भरोली सड़क की डीपीआर छह माह से सचिवालय में बिना हस्ताक्षर पड़ी है, जबकि 31 करोड़ रुपए की सेंटर रोड फंड मंजूरी भी अटकी हुई है। कटोह-सलेटी और सर्ड मांगली-वम्मी सड़कें भी दो वर्षों से नाबार्ड सूची में अटकी हैं। न बजट मिला, न पहल। स्थानीय लोग इसे राजनीतिक भेदभाव मानते हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र की सड़कों पर यह देरी अब सरकारी उपेक्षा की गवाही बन गई है।

### हिमालयन आईटीआई में मेगा जॉब ड्राइव 5 को

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** हिमालयन आईटीआई लगवलियाना (गरली) के युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। महिंद्रा एंड महिंद्रा स्वराज 5 दिसंबर को परिसर में 200 से अधिक आईटीआई पास अभ्यर्थियों की भर्ती करेगी। 18-30 आयुवर्ग के योग्य उम्मीदवार 10वीं में 40% और आईटीआई में 50% अंक के साथ भाग ले सकेंगे। चयनित युवाओं को 13,700 रुपये सीटीसी, सब्सिडाइज्ड कैंटीन, बस सुविधा और फ्री यूनिफॉर्म मिलेगी। प्राचार्य आनंद कुमार ने सभी अभ्यर्थियों से आवश्यक दस्तावेजों सहित पहुंचें।

# बजट का हवाला देकर परियोजना से निकाले कर्मचारी पहुंचे तपोवन

## हिमाचल में चल रही अन्य परियोजनाओं में समायोजित करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बजट** का हवाला देकर परियोजना से निकाले गए कर्मी मंगलवार को तपोवन में मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। कर्मियों की मांग है कि प्रदेश में चल रही अन्य परियोजनाओं में उन्हें समायोजित किया जाए। कांगड़ा व चंबा जिले में केएफडब्ल्यू बैंक की ओर से इको क्लाइमेट सिस्टम प्रूफिंग परियोजना वन विभाग की सहायता से चलाई जा रही है।

इस परियोजना से निकाली गईं महिलाओं ने तपोवन पहुंच मुख्यमंत्री से भेंटकर अन्य परियोजना में समायोजित कर नियमित करने की मांग उठाई है।



तपोवन में मुख्यमंत्री से मिलने पहुंची परियोजना से निकाली गई महिलाएं।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल महिलाओं में स्नेह लता, सुदेश कुमारी, मुन्नी बीबी, अनीता कुमारी, नीलम, वंदना, अनीता देवी, किरण, रेखा, सुदेश, नेहा, नेहा वर्मा, मंजू बाला आदि ने बताया कि परियोजना में लगभग 173 के करीब कर्मचारी कार्यरत हैं और इनमें 167 कर्मचारियों को परियोजना से बजट न होने का हवाला देकर बाहर कर दिया गया है। निकाले गए कर्मियों में सोशल एक्सटेंशन ऑफिसर 26, ग्रुप आर्गेनाइर्स 8 व 132 विलेज ग्रुप आर्गेनाइजर्स हैं, जिन्हें आठ माह पहले ही निकाल दिया गया है, जबकि परियोजना अवधि 31 मार्च, 2026 तक है और बजट प्रावधान 31 मार्च, 2026 तक था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया से भी इस विषय में बात की गई थी, उन्होंने आश्वासन दिया कि उन्हें न्योचित लाभ दिलवाया जाएगा और प्रदेश में चल रही अन्य परियोजनाओं में समायोजित किया जाएगा, लेकिन तीन माह बीत जाने के बावजूद भी वर्तमान सरकार ने कोई भी कदम इस विषय में नहीं लिया और आपदा का रोना रोते रहे और कर्मचारी जो लगे थे वो सडक़ों पर आ गए, क्योंकि उनकी रोजी रोटी का सहारा इस परियोजना में था। कर्मियों ने सरकार से उन्हें अन्य परियोजनाओं में समायोजित करने की मांग उठाई है।

## पर्यावरण संरक्षण होना चाहिए जीवन का दायित्व : डॉ. विवेक



जीजीडीएसडी कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण शपथ एवं सिग्नेचर अभियान आयोजित।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) कॉलेज राजपुर में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज की संस्थागत नवाचार परिषद द्वारा शपथ एवं स्लोगन सिग्नेचर अभियान का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवन का दायित्व होना चाहिए और स्वच्छ पर्यावरण का संरक्षण हमें स्वयं के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुनिश्चित करना चाहिए। परिषद की अध्यक्ष डॉ. शिल्पी ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के संकल्प स्वरूप विभिन्न संदेश लिखकर पर्यावरण संरक्षण के लिए हस्ताक्षर अभियान में भी भाग लिया।

### लंज कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज लंज के 22 विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों ने गहलियां गांव स्थित नागरा नर्सरी का औद्योगिक व फील्ड विजिट के तहत शैक्षणिक भ्रमण किया। इको क्लब संयोजक तनु प्रिया के नेतृत्व में दौरे का उद्देश्य पौध उत्पादन तकनीक, नर्सरी प्रबंधन, रोग नियंत्रण और पर्यावरण संवर्धन के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था। विद्यार्थियों ने औषधीय, फलदार और सजावटी पौधों का अध्ययन किया।

## पालमपुर नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर अनीश नाग ने थामा भाजपा का दामन



अनीश नाग का भाजपा में शामिल होने पर स्वागत करते शांता कुमार व त्रिलोक कपूर।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पालमपुर नगर निगम में रहे पूर्व डिप्टी मेयर अनीश नाग ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने अनीश नाग को पुष्प भेंट कर भाजपा में शामिल होने पर उनका स्वागत किया। अनीश नाग ने कहा कि मैं किसी पद की लालसा से भाजपा में शामिल नहीं हुआ हूं, बल्कि कांग्रेस की छल की राजनीति से तंग आकर मुझे भाजपा में शामिल होना पड़ा।

पालमपुर नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। एक ही सड़क के चार-चार टेंडर लगाकर अपने चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। पालमपुर का नगर निगम भाजपा की देन है। जब नगर निगम के चुनाव हुए थे, तो ग्यारह पार्षद कांग्रेस के बने थे, जिनमें एक मैं भी था। पहले मुझे डिप्टी मेयर बना दिया, लेकिन जब मैंने नगर निगम में चल रहे भ्रष्टाचार को रोकने की बात की तो मुझे पद से हटा दिया।

उन्होंने कहा कि अब मेरा एक ही लक्ष्य है आने वाले विधानसभा चुनावों में पालमपुर में कमल का फूल खिलाकर पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार के सपने को पूरा करके पालमपुर में चल रहे कांग्रेस के जंगलराज को खत्म करना।

## समलोटी के सन्यव शर्मा बने सेना में वेटरनरी डॉक्टर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के साथ लगते गांव समलोटी के डॉक्टर सन्यव शर्मा इंडियन आर्मी वेटरनरी डॉक्टर ( पशु चिकित्सा) के रूप में कैप्टन रैंक के रूप में चयन हुआ है। सन्यव ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई नगरोटा बगवां के ग्रीनफील्ड स्कूल में की। इसके बाद राजकीय



वेटरनरी कॉलेज पालमपुर में पशु चिकित्सा के रूप में पढ़ाई की। सन्यव शर्मा पिता अरविंद किशोर, दादा स्वर्गीय राम प्रकाश शर्मा व परदादा स्वर्गीय सरन दास भी भारतीय सेवा में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अब परिवार की चौथी पीढ़ी भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देगी। सन्यव शर्मा का चयन वेटरनरी डॉक्टर के रूप में सिलेक्शन सेंटर भोपाल में हुआ है वह भारतीय सेना में 17 दिसंबर 2025 को अपनी जॉइनिंग देगा।

## राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता अवनी व युवराज ने झटका दूसरा स्थान



राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एंजल पब्लिक स्कूल भवारना के छात्रों की शानदार उपलब्धि हासिल की।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'भारत को जानो' का आयोजन सनातन धर्म कॉलेज राजपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने भारत के इतिहास, संस्कृति, विज्ञान, भूगोल एवं समसामयिक विषयों से जुड़े प्रश्नों का उत्तर दिया। एंजल पब्लिक स्कूल भवारना के विद्यार्थियों अवनी और युवराज ने कनिष्ठ वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनकी इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य समीर सूद और स्कूल परिवार ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया। भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों में ज्ञान, आत्मविश्वास और राष्ट्र प्रेम की भावना बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# शिमला में जाम से पहाड़ों की रानी का टूटने लगा धैर्य

## भीड़ का बढ़ता सैलाब; हर मोड़ पर ठहरा हुआ शहर, बाईपास भी नहीं दे रहा राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला।** सर्दियों की दस्तक के साथ ही शिमला की वादियों में गाड़ियों का रेला कुछ यूं उमड़ पड़ा है, मानो शहर ने अपने कंधों पर किसी अनचाहे बोझ को ढोने की मजबूरी ओढ़ ली हो। वीकेंड पर उमड़ते पर्यटकों ने हालात को और पेचीदा बना दिया है। पतली सड़कों पर वाहनों की लहरें एक-दूसरे पर टूटती चली जाती हैं और शहर का धड़कता जीवन घंटों एक जगह थम जाता है। पिकअप वाहनों की धीमी चाल और पीछे चलती अनंत कतारें दिनभर के सफर को एक अंतहीन इंतजार में बदल देती हैं। मोबाइल फोन से चिपके चालकों की लापरवाही इस अव्यवस्था को और गहरा कर देती है, और यातायात व्यवस्था एक बेबस तमाशाई बनकर रह जाती है।

शिमला का कोई ऐसा हिस्सा नहीं बचा जो यातायात की इस जकड़न से अछूता हो। संजौली, छोटा शिमला, कुसुम्पटी, सचिवालय मार्ग, पंथाघाटी, लक्कड़ बाजार, पुराना बस स्टैंड, निजी बस अड्डा हर इलाका रोजाना जाम की गिरफ्त में चीखता है। विक्ट्री टनल से लेकर ऑकलैंड टनल तक और आईजीएमसी रोड से लेकर



शिमला की वादियों में लगा जाम।

चमियाना स्थित अटल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल तक, हर ओर वाहनों की लंबी कतारें शहर की सांसें रोक लेती हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे, दफ्तरी कर्मचारी, स्थानीय कारोबारी और पैदल चलने वाले सभी इस समस्या के बोझ तले कराह उठे हैं। पहाड़ों की शांत लय में यह अनियंत्रित शोर एक ऐसी बेचैनी पैदा कर रहा है, जिसकी कोई सुबह फिलहाल दिखाई नहीं देती। ढली बाईपास से लेकर ढली टनल और आगे भट्टाकुफर की ओर बढ़ता मार्ग, जो कभी शहर की राहत का रास्ता समझा जाता था। अब वहीं जाम का एक और केंद्र बन चुका है। भारी वाहनों और अनियंत्रित पार्किंग की वजह से यह रास्ता भी अक्सर ठहर जाता है। जिन राहों से शहर को खुला आसमान मिलना था, वही राहें अब संकरी होकर परेशानी का नया ताना-बाना बुनने लगी हैं। इस अव्यवस्था ने यह साफ कर दिया है कि शिमला की सड़कें अपनी क्षमता से कहीं ज्यादा बोझ उठा रही हैं और नए प्रबंधन की जरूरत अब अनिवार्य हो चुकी है।

### आम नागरिक पूछते हैं आखिर कब मिलेगी राहत

**इस** लगातार बढ़ते कोलाहल में शहर का आम नागरिक एक ही सवाल पूछता है, आखिर कब मिलेगी इस जाम से राहत? पहाड़ों की रानी शिमला आज उस धैर्य के आखिरी छोर पर खड़ी है, जहां हर शाम शहर की रगों में बहने वाला ट्रैफिक रुक-रुककर उसकी थकान में इजाफा करता जा रहा है।

### प्रशासन के प्रयास नाकाफी

**प्रशासन** के प्रयास कमजोर पड़ते दिख रहे हैं और जनता की उम्मीदें धुंधलाती चली जा रही हैं। यातायात व्यवस्था के इस उलझे हुए धागे को सुलझाने की जिम्मेदारी अब एक सख्त, संवेदनशील और दूरदर्शी योजना की मांग कर रही है, वरना शहर का यह जाम आने वाले दिनों में और भी भयावह रूप ले सकता है।

## शिमला के झडग में 54 वर्षों बाद शांत महायज्ञ से आस्था की लौ फिर प्रज्वलित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ऊपरी शिमला के झडग में चौवन बरस बाद होने वाला शांत महायज्ञ पीढ़ियों से बुझी लौ फिर से प्रज्वलित करेगा। गांवों की घाटियों और देवदार की सांवली छाया के बीच एक सौम्य, पावन माहौल गूंजने लगा है। मंदिर प्रांगण की चांदी-सी उजास रात को किसी स्वप्निल दृश्य में बदल देती है, जहां श्रद्धा की धड़कनों में पुरातन परंपरा की महक घुल जाती है। लोग इस आयोजन को एक ऐतिहासिक क्षण की तरह महसूस कर रहे हैं, जैसे विरासत अपनी खोई हुई पगडंडियों से लौटकर फिर घर आ गई हो। जानकारी के अनुसार, महायज्ञ की तैयारियां महीनों से चल रही थीं और अब पूरा क्षेत्र एक अद्भुत आयोजन के स्वागत में खड़ा है। मंदिर परिसर से लेकर मुख्य मार्गों तक सजावट ऐसी लगती है जैसे पूरा गांव किसी दिव्य मेले में डूब गया हो। धूप, दीप और घंटों की आवाजें हवा में एक अलौकिक संगीत-सा घोल रही हैं। प्रशासनिक व्यवस्थाएं, सुरक्षा, यातायात और व्यवस्था का हर सूत्र इस तरह जोड़ा गया है कि आने वाले श्रद्धालु सहजता के साथ इस पवित्र वातावरण का हिस्सा बन सकें। यह महायज्ञ देवभूमि की पुरातन संस्कृति को फिर से जीने का एक अनूठा क्षण भी है। गांवों की विशेष परंपराएं, स्थानीय रिवाज़ और देव संस्कृति की प्राचीन धुनें इस आयोजन को और भी अर्थपूर्ण बना रही हैं। लोग मानते हैं कि यह यज्ञ गांवों की सामूहिक चेतना को फिर से जोड़ने वाला सूत्र है, जिसकी प्रतिध्वनि आने वाले वर्षों तक गुंजायमान रहेगी। दूरदराज ज़ से आ रहे भक्तों की भीड़ में उत्साह के साथ एक सुकूनभरी तसल्ली भी दिखाई देती है। ज्यों-ज्यों महायज्ञ अपने मुख्य दिनों की ओर बढ़ रहा है, वातावरण और अधिक दिव्य हो उठा है। अंतिम व्यवस्थाएं इस तरह की गई हैं कि श्रद्धालु बिना किसी अवरोध के सभी अनुष्ठानों में सहभागी हो सकें। आयोजन समिति ने हर छोटे-बड़े प्रबंधन को गहरी सतर्कता और निष्ठा से सम्हाला है। यह महायज्ञ श्रद्धा, संस्कृति और समुदाय की एक ऐसी पवित्र साझेदारी बन गया है, जिसे झडग आने वाले वर्षों तक एक यादगार विरासत के रूप में संभालेगा।

## चंबा जिले की 182 लड़कियों को एनएचपीसी की सीएसआर से मिली स्वरोजगार किट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** राज्यसभा में भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने चंबा में चल रही सीएसआर पहलों के बारे में प्रश्न उठाया, तो केंद्रीय विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद नाईक ने बताया कि पिछले दो वर्षों में एनएचपीसी की सीएसआर पहल के तहत चंबा जिले की 182 लड़कियों को स्वरोजगार किट प्रदान की गई हैं। मंत्री ने कहा कि यह कदम इन लड़कियों को छोटे स्तर पर उद्यम शुरू करने और आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के उद्देश्य से उठाया गया है और कंपनी अधिनियम 2013 के मानदंडों के अनुसार, सीएसआर गतिविधियां स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित रहती हैं। सरकार ने बताया कि यह पहल मुख्यतः परियोजनाओं व विद्युत स्टेशनों के आसपास के समुदायों में केंद्रित है, लेकिन अन्य जिलों में विस्तार की संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं किया गया है। फिलहाल स्वरोजगार किट पाने वाली लड़कियों के लिए अलग से रोजगार उपलब्ध कराने या मार्केट लिंकेज की कोई विशिष्ट केंद्रीय योजना सरकार के पास नहीं बताई गई है; इसका उद्देश्य उन्हें अपने स्तर पर उद्यम शुरू करने योग्य बनाना बताया गया है।

**सांसद सिकंदर के प्रश्न पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने दिया जवाब**

## मशोबरा के तीन हेल्थ सब सेंटर को मिला एनक्यूएएस प्रमाणन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मशोबरा चिकित्सा ब्लॉक के तीन हेल्थ सब सेंटर चनोग, सलाना और शकराह को पहली बार राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का प्रतिष्ठित प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नालदेहरा, घणाहट्टी तथा सब सेंटर बधेरी और भड़ेच को राज्यस्तरीय गुणवत्ता प्रमाणन मिला है, जो इस क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के छह प्रमुख मानकों पर खरा उतरने के बाद ही यह मान्यता प्रदान की जाती है।

**स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता की बड़ी उपलब्धि**

इन संस्थानों को अब सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष धनराशि भी उपलब्ध होगी। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव रनौत ने बताया कि मशोबरा ब्लॉक को यह उपलब्धि एक वर्ष की निरंतर मेहनत, सुधारों और व्यवस्थित सेवा वितरण के कारण मिली है।

उन्होंने इसका श्रेय सीएमओ शिमला के मार्गदर्शन, चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य व आशा कार्यकर्ताओं, ब्लॉक गुणवत्ता टीम तथा स्थानीय पंचायतों को दिया, जिनके सहयोग से बुनियादी ढांचे में सुधार और गुणवत्ता प्रोटोकॉल का सफल क्रियान्वयन संभव हो सका।

**चिंता** शिमला सहित प्रदेश के कई शहरों में साइबर ठग बना रहे लोगों को निशाना

# प्रदेश में फ्री वाई-फाई के मोह में बढ़े ठगी के मामले

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**हिमाचल** प्रदेश में एक बार फिर अदृश्य खतरा तेजी से फैल रहा है। शहरों, बाजरों और कस्बों में जहां कभी मुफ्त इंटरनेट को एक नई आजादी का एहसास समझा जाता था, आज वही सहूलियत एक खामोश फांस का रूप ले चुकी है। फ्री वाई-फाई का चमकदार बोर्ड राहगीरों को अपनी ओर खींचता है, लेकिन उसी रोशनाहट के पीछे साइबर ठगी की वह अंधेरी सुरंग छिपी होती है, जिसमें कदम रखते ही आम आदमी की डिजिटल दुनिया बिखरने लगती है।

तेज रफ्तार जिंदगी की आपाधापी में खुला नेटवर्क जोड़ना, जहां सुविधा लगता है व अक्सर वहीं से मुसीबतों की लंबी दास्तान शुरू हो जाती है। अपराधी किसी परछाईं की तरह ऐसे नेटवर्कों के पीछे मौजूद रहते हैं, और येजर के डेटा, तस्वीरों, बैंकिंग जानकारी और डिजिटल पहचान तक को पलक झपकते ही उघाड़ लेने के इंतजार में रहते हैं। जानकारी के अनुसार, शिमला सहित प्रदेश के कई शहरों में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। नई-नई तरकीबों से गिरोह लोगों की डिजिटल सुरक्षा में सेंध लगाने लगे हैं। कैफे, लाइब्रेरी, मॉल या सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए मुफ्त वाई-फाई नेटवर्क सुविधा के नाम पर जाल साबित हो रहे हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति ऐसे नेटवर्क से अपना फोन या लैपटॉप जोड़ता है, उसे लगता है कि वह थोड़ी देर के लिए इंटरनेट का फायदा उठा रहा है, लेकिन यही जुड़ाव कई बार एक महंगे धोखे की शुरुआत बन जाता है। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि कई सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध फ्री वाई-फाई नेटवर्क सुरक्षित नहीं होते। अपराधी इन कमजोर नेटवर्कों की नकल करते हुए हू-ब-हू वैसे ही नाम वाले नकली नेटवर्क तैयार कर देते हैं। लोग इन्हें असली समझकर कनेक्ट हो जाते हैं और उन्हें पता भी नहीं चलता कि वे किस जाल में फंस चुके हैं। ऐसे नकली नेटवर्कों से जुड़ते ही डिवाइस पर मैलवेयर डाउनलोड होने का खतरा रहता है, जो चुपचाप बैठकर यूजर की हर गतिविधि पर नज़र रखता है। कब पासवर्ड डाला गया, कब ओटीपी देखा गया और कब यूपीआई खोला गया-सब कुछ रिकॉर्ड होकर सीधे हैकर तक पहुंच जाता है। कई मामलों में देखा गया है कि सामान्य ब्राउज़िंग के बाद भी लोग हजारों-लाखों रुपये गंवा देते हैं। मोबाइल और लैपटॉप साइबर ठगी का सबसे आसान निशाना बनते जा रहे हैं। फ्री वाई-फाई से जुड़ते ही कई बार डिवाइस अनजाने में ऐसे सॉफ्टवेयर डाउनलोड कर लेते हैं, जिन्हें पहचान पाना मुश्किल होता है।

### ऑटो-कनेक्ट विकल्प हमेशा रखें बंद

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल दुनिया में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। नेट बैंकिंग, यूपीआई लेनदेन, महत्वपूर्ण ईमेल या सरकारी कामकाज जैसे संवेदनशील कार्य कभी भी खुले वाई-फाई पर नहीं करने चाहिए। यदि मुफ्त नेटवर्क का उपयोग करना जरूरी हो, तो वीपीएन का इस्तेमाल करें, डिवाइस की सुरक्षा सेटिंग अपडेट रखें और ऑटो-कनेक्ट विकल्प हमेशा बंद रखें।

### 1930 हेल्पलाइन का लें सहारा

मदद के लिए हिमाचल पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को साइबर धोखाधड़ी, संदिग्ध लिंक, डेटा चोरी या किसी भी डिजिटल अपराध का अंदेशा हो तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। पुलिस ने कहा है कि जागरूक नागरिक ही साइबर अपराधों के खिलाफ सबसे मजबूत ढाल साबित हो सकते हैं।

## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**नई** दिल्ली में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। सौहार्दपूर्ण संवाद हुआ, जो शासन की परंपराओं, संवैधानिक मर्यादा और हिमाचल प्रदेश से जुड़े व्यापक सरोकारों की कोमल अनुभूतियों को अपने भीतर समेटे रहा।

# नशे से अर्जित संपत्तियों की 10 तक दें डिटेल : सीएम

## बोले- प्रदेश की 234 अत्याधिक संवेदनशील पंचायतों में सीआईडी और पुलिस बल की विशेष तैनाती

- कहा- चिट्टे के विरुद्ध जन आंदोलन में हर वर्ग बने भागीदार
- जिला व सब डिवीजन स्तर पर आयोजित होगी एंटी चिट्टा वॉकथॉन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला में एनकोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की 234 अत्याधिक संवेदनशील पंचायतों में सीआईडी और पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है। उन्होंने उपायुक्तों को इन पंचायतों में नशा निवारण समितियां गठित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रत्येक जिले में नियमित तौर पर नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। सीएम सुक्खू ने मंगलवार को धर्मशाला में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन सेंटर की छठी राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को और अधिक गति एवं दिशा देने के निर्देश दिए ताकि प्रदेश से चिट्टा और सभी मादक पदार्थों को पूरी तरह से खत्म किया जा सके। बैठक में राज्य सरकार के संबंधित विभागों के अतिरिक्त एनसीबी, ईडी, डीआरआई, डाक विभाग और आरपीएफ जैसी केंद्रीय एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सीएम ने सभी जिला प्रशासन को नशे से अर्जित की गई संपत्तियों की निशानदेही कर 10 दिसंबर तक सरकार को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन संपत्तियों को ध्वस्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि चिट्टा तस्करी में 60 सरकारी कर्मचारी संलिप्त पाए गए हैं, जिनमें 15 पुलिसकर्मी शामिल हैं। इनमें से 5 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि अन्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है। उन्होंने सभी सरकारी कर्मचारियों का विवरण 10 दिसंबर तक सरकार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रदेश में एंटी-चिट्टा वॉकथॉन जिला और सब डिवीजन स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। नशे से पीड़ितों के लिए काउंसलिंग, उपचार और पुनर्वास तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि भांग की खेती और फार्मा इकाइयों पर कड़ी निगरानी है। पिछले तीन वर्षों में 5642 एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए, 8216 गिरफ्तारियां हुईं और 36.657 किलो चिट्टा बरामद किया गया। 46 कुख्यात तस्करों को हिरासत में लिया गया और 48 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की गई। प्रदेश में पंचायतों को रेड-येलो-ग्रीन वर्गों में विभाजित कर 12,000 व्यक्तियों की पहचान की गई, जो राष्ट्रीय स्तर पर अनुकरणीय मॉडल माना जा रहा है। हाल ही में राज्यव्यापी नाका संचालन में 16,441 वाहन चेक किए गए और 13 एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए। 22 नवम्बर को 121 स्थानों पर छापेमारी की गई और 25 नवम्बर को शिक्षण संस्थानों के आसपास अभियान चलाकर 41 परिसरों व 598 दुकानों की तलाशी ली गई। बैठक में मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मैराथन-2025 की आधिकारिक जर्सी की लांच

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के धर्मशाला में मैराथन-2025 की आधिकारिक जर्सी लॉच की। यह मैराथन 25 दिसंबर, 2025 को आयोजित होने वाली है। आयोजन का उद्देश्य शारीरिक तंदरुस्ती को बढ़ावा देना, खेल पर्यटन को सशक्त बनाना और धौलाधार पर्वतमाला की मनोरम सुंदरता को उजागर करना है। उपस्थित लोगों ने धौलाधार की प्राकृतिक सुंदरता और क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित जर्सी डिज़ाइन की सराहना की। नगर निगम धर्मशाला और जिला प्रशासन कांगड़ा के सहयोग से आयोजित इस मैराथन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्सी केवल खेल प्रतीक नहीं, बल्कि प्रतिभागियों के लिए सम्मान का प्रतीक भी है। इच्छुक प्रतिभागी मैराथन (42.195 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21.075 किलोमीटर) और अन्य कम दूरी की श्रेणियों के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर, महापौर नीनू शर्मा, पूर्व महापौर देवेन्द्र जग्गी, उपायुक्त हेमराज बैरवा, आयुक्त जफर इकबाल, पुलिस अधीक्षक अशोक रतन और नगर निगम पार्षद उपस्थित थे।

### बिंदल ने फ्लेक्स डिजाइन, होर्डिंग्स तक का खुद संभाला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चार दिसंबर को कांग्रेस सरकार के खिलाफ होने वाले प्रदेशस्तरीय विशाल प्रदर्शन की तैयारियों के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का असाधारण समर्पण पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है। सूत्रों के अनुसार, डॉ. बिंदल खुद धर्मशाला की एक फ्लेक्स शॉप पर बैठकर रैली के फ्लेक्स, होर्डिंग्स और प्रमोशनल डिजाइन्स को अंतिम रूप देते देखे गए। पार्टी कार्यक्रम को लेकर उनकी यह जमीनी सक्रियता और संवेदनशीलता कार्यकर्ताओं के बीच जोश भरने का काम कर रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष का इस स्तर पर आकर सीधे डिजाइनिंग में शामिल होना दिखाता है कि भाजपा के लिए यह प्रदर्शन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनहित की लड़ाई है। भाजपा कार्यकर्ताओं में इसे लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### नई जोड़ी



भनबाड (कुआलसर) के हेमराज और कांगर की सुनैना को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### खैरा स्कूल के अरमान व अक्षत ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरा के स्काउट मास्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में स्काउट अरमान और अक्षत ठाकुर ने लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी में बेहतरीन प्रदर्शन किया। 23 से 29 नवंबर तक चले आयोजन में लगभग 35,000 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्काउट-गाइड ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया।

# सीएम ने किया समृद्धि भवन का लोकार्पण

## कहा- प्रदेश सरकार जन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धर्मशाला में 24.47 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित समृद्धि भवन का लोकार्पण किया। इस भवन के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आधुनिक व सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध होंगी।

भूकंप जोन-5 को ध्यान में रखते हुए इस भवन को बेहतरीन अधोसंरचना के साथ डिजाइन किया गया है, जिससे भवन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। 2,511 वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्मित इस भवन में एक धरातल तल, चार मंजिलें और दो बेसमेंट हैं। बेसमेंट में 80 गाड़ियों के लिए पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसमें स्टाफ और आम जनता के वाहनों के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस भवन में स्मोक डिटेक्टर के साथ अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम, 50 किलोवॉट क्षमता का सोलर पावर प्लांट, रेनवाटर हार्वेस्टिंग टैंक, 30,000-लीटर की जल संग्रहण क्षमता, डीजी सेट और इंटरकॉम की सुविधाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक निपुणता, नागरिक सेवाओं और सतत प्रशासन के लिए एक अत्याधुनिक हब के तौर पर समृद्धि भवन के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह भवन महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है और इससे धर्मशाला में विभिन्न कामकाज सुविधाजनक होंगे। यह भवन राज्य में शहरी अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए एक मॉडल के रूप में भी स्थापित होगा। इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार, पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर, धर्मशाला की महापौर नीनू शर्मा, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी, हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, एपीएमसी कांगड़ा के अध्यक्ष निशु मोंगरा आदि उपस्थित थे।

### सीएम सुक्खू ने किया बाण गंगा घाट का लोकार्पण, संध्याकालीन आरती में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने कांगड़ा में नव-निर्मित बाण गंगा घाट का लोकार्पण किया और हरिद्वार की तर्ज पर मंत्रोच्चारण के बीच संध्याकालीन आरती की शुरुआत की जो प्रतिदिन होने वाली आरती यहां आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। 2.20 करोड़ की लागत से बने इस घाट के निर्माण में कैप्टन शैलेश रियालच फाउंडेशन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। फाउंडेशन ने लगभग 1.5 करोड़ रुपए व्यय किए, जबकि जिला प्रशासन कांगड़ा ने लगभग 70 लाख रुपए प्रदान किए। कैप्टन शैलेश, नगरोटा बगवां के अंबाड़ी क्षेत्र से संबंध रखते थे। वह लगभग 25 वर्ष पूर्व शहीद हुए थे और उनकी स्मृति में इस फाउंडेशन ने घाट के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। घाट परिसर में 25 फुट ऊंचे त्रिशूल की स्थापना की जा रही है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए भव्य आरती स्थल, चेंजिंग रूम, शौचालय, आकर्षक मंच, सुंदर पार्क और बेहतर प्रकाश व्यवस्था विकसित की गई है।

### 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए बोर्ड ने तैयार करवाया प्रश्न बैंक : डॉ. राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने कक्षा दसवीं के अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषयों तथा जमा दो कक्षा के लिए, अंग्रेजी, हिंदी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, बायोलॉजी, अकाउंटेंसी बिजनेस स्टडी, इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी तथा ज्योग्राफी विषयों के नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूपयोगिता निर्धारित आधारित प्रश्न बैंक करवाया तैयार करवाए हैं, जो कि बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रश्न बैंक प्रदेश के विद्यार्थियों को आगामी मार्च 2026 की परीक्षाओं तथा नीट तथा जेईई व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए सहायक होंगे। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश के समस्त सरकारी तथा प्राप्त विद्यालय प्रमुखों से आह्वान है कि वह इन प्रश्न बैंकों को बोर्ड वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रदेश के विद्यार्थियों से साझा करें।

### दस विषयों की टेट परीक्षा की अस्थायी उत्तर कुंजियां बोर्ड वेबसाइट पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्कूल शिक्षा बोर्ड ने दस विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं। अभ्यर्थियों को यदि किसी उत्तर पर आपत्ति हो तो वे प्रमाणित तथ्यों के साथ 8 दिसंबर तक ई-मेल या दस्ती तौर पर अनुभाग अधिकारी, प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को भेज सकते हैं। 8 दिसंबर के बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक के माध्यम से भेजने वाले अभ्यर्थियों की आपत्तियां 8 दिसंबर सायं पांच बजे तक बोर्ड कार्यालय में पहुंचनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए 01892-242134 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बीड़-बिलिंग में कार खाई में गिरी दो युवकों की मौत, दो घायल

## पैराग्लाइडिंग टेक ऑफ साइट के पास पेश आया हादसा, शव परिजनों को सौंपे

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** विश्व प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थल बीड़-बिलिंग में सोमवार देर रात लगभग 12 बजे पैराग्लाइडिंग टेक ऑफ साइट के समीप कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।

इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतक युवकों की पहचान नवीन (36) निवासी (मालनु) भवारना और राजीव ठाकुर (31) निवासी (सलोहा) नयना देवी के रूप मे हुई है, जबकि अक्षय (27) निवासी (ऐहजू ) मंडी और मोहित (29) निवासी घाड (पंचरुखी) घायल हुए हैं। मृतक नवीन चंद एयरफोर्स में था और दूसरे मृतक राजीव की अगले माह शादी थी।

घायल अक्षय कुमार ने हादसे की सूचना बीड पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को खाई से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया और घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद टांडा अस्पताल रेफर किया है। पोस्टमार्टम कर शवों को परिजनों को सौंप दिया है।

### मृतक राजीव ठाकुर की कुछ दिन बाद थी शादी

बीड़-बिलिंग में हुए कार हादसे ने दो परिवारों के चिराग बुझा दिए। खालटीब्बा गांव के राजीव ठाकुर की कुछ दिन बाद शादी होनी थी, लेकिन खुशियों के बीच आज उसके घर से अर्थी उठ गई। मां के न होने पर तीनों बहनें ही उसकी शादी की तैयारियों में लगी थीं। मंगेतर शिवानी अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान बेसुध हो गई। हादसे में एयर फोर्स के जवान नवीन चंद की भी मौत हुई, जिनकी एक छोटी बेटी है। उनकी छुट्टी बढ़ी होने के कारण वे घर पर रुके हुए थे। वहीं, राजीव की मंगेतर शिवानी भी बैजनाथ अस्पताल पहुंची थी, जहां पोस्टमार्टम हो रहा था। वह रो-रो कर बेसुध हो गई। शिवानी ने बताया कि रात 9 बजे राजीव से फोन पर बात हुई थी। उसने राजीव को अपने कैंप में ही रहने को कहा था और कहीं न जाने की भी बात कही थी। राजीव चंडीगढ़ पीजीआई में एक निजी फॉर्म के पास काम करता था। हादसे के बाद क्षेत्र में गहरा शोक है, जबकि देर से पोस्टमार्टम होने पर लोगों में आक्रोश दिखा। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बीड़-बिलिंग की ओर जाने वाली रात्रिकालीन गाड़ियों की कड़ी जांच हो, ताकि ऐसे हादसे दोबारा न हों।

## न्यूज ब्रीफ

### बनोली स्कूल के स्टूडेंट्स ने बांधा समां

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत बनोली स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसएमसी कमेटी की प्रधान मंजू देवी का कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजय कुमार और स्टाफ ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और सरस्वती वंदना प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने 'छरारा लैणा तिले दा' और 'सेम जगह सेम टाइम' गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य ने वर्षभर की शैक्षणिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों की जानकारी दी। समारोह में शिक्षक, पूर्व प्रधान, स्थानीय लोग और स्टाफ उपस्थित रहे।

### अटियालादाई स्कूल के स्टूडेंट्स किए सम्मानित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सीएसकेएम जीएसएसएस अटियालादाई स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान रहे। छात्रों ने नृत्य, संगीत और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चौहान ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और छात्रों से मेहनत करने व कभी हार न मानने का आग्रह किया। कार्यकारी प्रधानाचार्य सरदूल परमार ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट और उपलब्धियां प्रस्तुत की। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

### पोस्टर मेकिंग में सिमरन गुलरिया प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में रेड रिबन क्लब द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ ने लाल रिबन पहनकर मानव श्रृंखला बनाई। कार्यक्रम में तम्बाकू-मुक्त संदेश वाली टी-शर्ट पेंटिंग, एड्स/एचआईवी पोस्टर मेकिंग और टीबी जागरूकता स्लोगन राइटिंग जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला एड्स नियंत्रण समिति के डॉ. आरके सूद ने छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की। एंटी-टबैको पोस्टर मेकिंग में सिमरन गुलरिया (प्रथम), अक्षिता (द्वितीय) और श्वेता (तृतीय) रहीं। एड्स और एचआईवी विषय पर पोस्टर मेकिंग में तानिया (प्रथम), सोनाली (द्वितीय) और आश्रुत (तृतीय) ने स्थान प्राप्त किया। एंटी-टबैको टी-शर्ट पेंटिंग में प्रथम स्थान वरुण और संजना, द्वितीय स्थान लुश्मा और शिया तथा तृतीय स्थान शालिनी और कुषायर ने प्राप्त किया।

### नगरोटा सूरियां स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सतीश मैहरा का स्वागत किया गया। वहीं, एनएसएस स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को सजाया। सात दिवसीय शिविर में स्वच्छता अभियान, तंबाकू निषेध और यातायात नियमों पर सत्र आयोजित किए गए। प्रधानाचार्य ने शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए आयोजकों और स्वयंसेवकों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रवक्ता पुनीत मंडल, मंजीत सिद्धू, अर्चना धीमान सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### तीन साल में प्रदेश में बढ़ी बेरोजगारी: सुमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश सचिव व कांगड़ा जिला प्रभारी सुमीत शर्मा ने धर्मशाल के शहरी मंडल के 7 बूथों का दौरा कर प्रदेश सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल को 'व्यवस्था पतन' करार दिया। उन्होंने बेरोजगारी, कर्ज, कुशासन और कानून व्यवस्था की विफलताओं को उजागर किया। सुमीत शर्मा ने बूथ प्रमुख, महिला मंडल और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन से मिलकर 4 दिसंबर को जोरावर स्टेडियम में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर आशु बलौरिया, गायत्री कपूर, सुशील कपूर और अन्य उपस्थित रहे।

### संस्कृत विवि में राष्ट्रीय महिला महासम्मेलन संपन्न

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में बलाहर के वेदव्यास परिसर में आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय महिला महासम्मेलन का मंगलवार को समापन हुआ। मुख्यातिथि वरिष्ठ एडवोकेट शालिनी जमवाल और विशिष्टतिथि प्रो. वि. शिवानी ने कार्यक्रम में शिरकत की। निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में शोधार्थियों ने पत्र वाचन किया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रदेशभर की अग्रणी महिलाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। शालिनी जम्वाल ने महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. शिवानी ने 'नारी ही नारायणी' विषय पर विचार साझा किए। समारोह में समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जयराम ने रैली ग्राउंड का दौरा कर की तैयारियों की समीक्षा



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नेताओं के साथ रैली को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और भारतीय जनता पार्टी के विधायकों एवं पदाधिकारियों के साथ जोरावर सिंह स्टेडियम का दौरा कर रैली की तैयारी की समीक्षा की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने सभी नेताओं के साथ रैली स्थल से जुड़ी एक-एक चीजों का बारीकी से निरीक्षण किया और रैली को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा भी की। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह रैली आम जनता की सरकार के खिलाफ नाराजगी का एक नमूना होगी। यह रैली जनविरोधी सुक्खू सरकार की नाकामियों को उजागर करने और उसे उखाड़ फेंकने की दिशा में एक अहम पड़ाव साबित होगी।

### स्वास्थ्य मंत्री को बताई स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक संघ हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष सोनिया डढवाल की अध्यक्षता में विधानसभा परिसर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल्य से उनके कार्यालय में मिला तथा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आ रही समस्याओं के बारे में उन्हें अवगत करवाया। स्वास्थ्य मंत्री को मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें कहा गया है कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की पदोन्नति का प्रशिक्षण प्राप्त करके बैठी हैं उनकी पदोन्नति के बारे भी स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा की गई। इस मौके पर राज्य प्रेस सचिव एवं महासचिव कांगड़ा सुभाष चंद, रविंद्र कुमार,अनिल कुमार, मखोली राम, रजनीश कुमार, राजेश कुमार मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी मांग को पूरा किया जाएगा।

### विधायक प्रकाश राणा की एक रुपए वेतन लेने की घोषणा महत्वपूर्ण : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि भाजपा विधायक प्रकाश राणा ने विधानसभा में घोषणा की है कि सरकार की आर्थिक समस्या के कारण वे केवल एक रुपया वेतन लेंगे, यह बड़े साहस और महत्वपूर्ण घोषणा है। उन्होंने इसके लिए प्रकाश राणा को बधाई देते हुए कहा कि मेरा सभी से विशेष तौर पर सरकार से आग्रह है कि वह अपने खर्चो में बचत करें, जिससे करोड़ों रुपए बचाए जा सकते हैं। शांता ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नशे के विरुद्ध एक व्यापक और महत्वपूर्ण आंदोलन शुरू किया है। नशा नई पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि नशे के विरूद्ध आन्दोलन एक पार्टी या सरकार का न हो। मुख्यमंत्री पूरे विपक्ष को और प्रदेश की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को साथ लेकर आन्दोलन करें। वह आंदोलन पूरे हिमाचल प्रदेश का बन जाएगा और इस बड़े संकट से नई पीढ़ी को बचाया जा सकेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि स्कूलों में अच्छे संस्कार देने की भी व्यवस्था की जाए, केवल कानून से ही पूरा समाधान नहीं होगा।

### कृषि मंत्री के बेटे नीरज भारती की सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट बनी चर्चा का विषय

**अनंत ज्ञान, जवाली**

- अफसरों की 'मंशा' उजागर करने की चेतावनी

**हिमाचल** सरकार में कृषि मंत्री चंद्र कुमार के बेटे नीरज भारती का एक सोशल मीडिया पोस्ट फिर चर्चा में आया है। पूर्व विधायक नीरज भारती ने अपने फेसबुक पर किसी का नाम लिए बगैर मित्रों व उनके द्वारा नियुक्त अधिकारियों पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि जल्द ऐसे अधिकारियों की भूमिका व मंशा को उजागर करेंगे। पूर्व विधायक का यह पोस्ट सीधे तौर पर राज्य सरकार से जोडक़र देखा जा रहा है। नीरज भारती पांच महीने पहले भी अपने मंत्री पिता चंद्र कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं। तब उन्होंने भाजपाइयों की ट्रांसफर रद्द नहीं करने पर पिता और सरकार के खिलाफ ही मोर्चा खोलने की धमकी दी थी। नीरज भारती ने अपने मंत्री पिता के त्यागपत्र तक की बात सोशल मीडिया में लिखी थी। तब सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नीरज भारती को मिलने के लिए शिमला बुलाया और दोनों में लंबी मुलाकात के बाद मामला शांत हुआ था। इन दिनों हिमाचल विधानसभा का जब विंटर सेशन कांगड़ा के तपोवन धर्मशाला में चल रहा है, ऐसे में नीरज भारती दोबारा मुखर हो गए हैं। सियासी गलियारों में नीरज भारती के इस पोस्ट के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। नीरज भारती ने अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए है।

विपक्ष भी बार बार इस सरकार में अफसरशाही के हैवी होने के आरोप लगाता रहा है। बता दें कि नीरज भारती कांगड़ा जिले की जवाली विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं। पूर्व वीरभद्र सिंह सरकार में वह मुख्य संसदीय सचिव भी रह चुके हैं। साल 2022 में नीरज भारती के पिता चंद्र कुमार ने जवाली से चुनाव लड़ा और विधायक बने है। अब वह सुक्खू सरकार में कृषि मंत्री हैं।

# विक्रमादित्य अचानक परागपुर पहुंचे और विकास कार्यों की समीक्षा की



मंत्री विक्रमादित्य ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की।

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**परागपुर।** धरोहर गांव परागपुर मंगलवार को राजनीतिक हलचल मच गई, जब प्रदेश लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह बिना किसी आधिकारिक कार्यक्रम के अचानक यहां पहुंचे। मंत्री ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक कर देहरा, ज्वालामुखी और कोटला बेहड़ डिवीजनों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। यह दौरा उनके पुराने मित्र और कांग्रेस नेता मनोज 'सन्नी' शर्मा के आग्रह पर किया गया।

सन्नी शर्मा ने मंत्री को सीधे परागपुर जजिज कोर्ट परिसर में ले जाकर स्थानीय समस्याओं पर खुली चर्चा करवाई। बैठक में स्थानीय कांग्रेसी कार्यकर्ता, व्यापारी और नागरिक पहुंचे और मुख्य मुद्दों में नया लोक निर्माण विभाग डिवीजन खोलने, लंबित परियोजनाओं और सड़कें बदहाल होने की शिकायतें रखीं। सन्नी शर्मा ने अफसरशाही की सुस्ती से विकास की रफ्तार धीमी होने की बात कही। सन्नी शर्मा मंत्री को सीधे परागपुर जजिज कोर्ट परिसर ले गए, जहां दोपहर का भोजन मात्र भोजन नहीं रहा, बल्कि इलाके की समस्याओं पर खुली और बेबाक चर्चा का मंच बन गया। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि अब किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल रिपोर्ट और अद्यतन कार्य-स्थिति प्रस्तुत करने के आदेश दिए, ताकि क्षेत्रीय विकास कार्य समय पर पूरे हों।

### प्राकृतिक खेती मॉडल, जल संरक्षण तकनीक की महत्ता पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में नाबार्ड पंजाब जिला विकास प्रबंधकों की चतुर्थ द्विमासिक सृजनात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने क्लस्टर-आधारित प्राकृतिक खेती मॉडल, जल संरक्षण तकनीक और देशी पशु नस्लों के संवर्धन की महत्ता पर बल दिया। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. विनोद शर्मा ने स्वागत भाषण दिया और विश्वविद्यालय एवं नाबार्ड के सहयोग को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता जताई। विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार आर्या तथा विशेष अतिथि मनोहर लाल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। तकनीकी सत्रों में डॉ. शिवानी कटोच ने सतत पशुपालन और पोषण नवाचार पर, डॉ. राकेश चहोटा ने फसल सुधार व बायोटेक्नोलॉजी हस्तक्षेप पर व्याख्यान दिया। इंजीनियर आशिष धीमान ने एआई के माध्यम से मानव पोषण और स्वास्थ्य निगरानी तकनीकों की भूमिका समझाई। प्रक्षेत्र भ्रमण में प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय की हाइड्रोपोनिक्स यूनिट और मॉडल डेयरी फार्म का दौरा किया, जहां नवोन्मेषी चारे उत्पादन, वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन और एकीकृत अनुसंधान मॉडल का अवलोकन किया। यह बैठक कृषि नवाचार और क्षेत्रीय विकास प्रबंधन के दृष्टिकोण से अत्यंत उपयोगी रही। कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय में इंजीनियर आशिष धीमान ने मानव पोषण में एआई की उभरती भूमिका, प्रिसिजन असेसमेंट और आधुनिक स्वास्थ्य निगरानी तकनीकों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन पर बधाई



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से उनके जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं देने पहुंचे कांगड़ा-चंबा सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज।

### जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव के लिए की उम्मीदवारों की घोषणा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पूर्व विधायक जोगिंदर पाल ने अड्डा बनीलोधी स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि लोग मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार से हताश हैं और कांग्रेस के पक्ष में अपना वोट देंगे। जोगिंदर पाल ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान बिना भेदभाव के हलके का विकास और युवाओं को नशों से दूर रखने व खेलों को बढ़ावा देने का उल्लेख किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर प्रत्याशियों को विजय दिलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कई ब्लॉक अध्यक्ष, सरपंच और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जीवन को प्रधान, मोहिंदर सिंह को चुना उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दी बड़ोल कृषि सेवा सहकारी सभा समिति डमली की नई कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्वक एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। समिति में प्रधान पद पर जीवन कुमार, जबकि उपप्रधान पद पर मोहिंदर सिंह निर्विरोध चुने गए। इसके अलावा सदस्य पद पर प्रदीप चंदेल, संत राम, श्याम लाल, सुभाष चंद और बहादुर चंद का चयन किया गया। पूरी कार्यकारिणी का चुनाव बिना किसी विरोध के सम्पन्न होना समिति सदस्यों की एकजुटता और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया का प्रतीक माना जा रहा है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान संजीव चंदेल, राकेश शर्मा और भाग सिंह शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। नई कार्यकारिणी से उम्मीद जताई जा रही है कि वह किसानों की समस्याओं के समाधान और सहकारी गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएगी।

### रजत पदक विजेता बेटियों का घुमारवीं में भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर दमखम दिखाने वाली बिलासपुर जिले की होनहार बेटियों का घुमारवीं में जोरदार स्वागत किया गया। हाल ही में थाईलैंड में आयोजित यूथ एशियन हैंडबॉल प्रतियोगिता में जिले की 9 बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। यही नहीं, इन खिलाड़ियों ने विश्व स्तरीय चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी में कोच स्नेहलता और सचिन चौधरी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। घुमारवीं पहुंचने पर पुराने और वरिष्ठ खिलाड़ियों तथा स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ इन बेटियों का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया। फूलमालाओं से नवाजकर खिलाड़ियों के सम्मान में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो पुराने बस स्टैंड तक पहुंची। पुराने बस स्टैंड स्थित नगर परिषद प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और इन बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दिव्यांगजनों का 5 को होगा चिकित्सा परीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में दिव्यांगजन को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 5 दिसंबर को परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर आयोजन के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉ. शशि दत्त शर्मा ने जिला मेडिकल डिसएबिलिटी बोर्ड का गठन किया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस बोर्ड में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं अधिकारियों को नामित किया गया है, जिनमें शिशु रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ तथा क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह शिविर 5 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से अंतिम लाभार्थी के परीक्षण तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षण का स्थान कक्ष संख्या-203, न्यू ओपीडी कॉम्प्लेक्स, क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर रहेगा। उन्होंने सभी संबंधित लाभार्थियों से सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि व समयानुसार शिविर में शामिल होने का आह्वान किया है।

### कल्याण कला मंच की संगोष्ठी और चुनाव 7 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक संगोष्ठी और द्विवार्षिक चुनाव सात दिसंबर रविवार को नगर से लगती बामटा पंचायत के साकेत होम स्टे में होने तय हुए हैं। जानकारी देते हुए मंच की महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर ने बताया कि इस बार प्रथम सत्र में कला कलम संगोष्ठी और विचार मंथन होगा। वहीं द्वितीय सत्र में मंच के द्विवार्षिक चुनाव 1 बजे से 2 बजे तक मंच के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न होंगे। चुनावों में प्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष, निदेशक और मुख्य संरक्षक के चुनाव होंगे जबकि ये पदाधिकारी 15 दिनों में कार्यकारिणी का गठन करेंगे। चुनाव में केवल पंजीकृत सदस्य ही भाग ले सकेंगे।

### बिलासपुर में 13 दिसंबर को लगेगी लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर के सचिव प्रतीक गुप्ता ने जानकारी दी कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 13 दिसंबर, 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। यह लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसरों में एक साथ आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामलों को लिया जाएगा। इनमें बैंक से संबंधित विवाद, श्रम विवाद, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक विवाद तथा मोटर वाहन चालान से जुड़े मामले शामिल रहेंगे। मोटर व्हीकल चालान के मामलों को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से डिजिटल रूप से अथवा न्यायालय में आकर लोक अदालत से पूर्व भी निपटाया जा सकता है। सचिव ने बताया कि जिन व्यक्तियों के उपरोक्त श्रेणियों में मामले न्यायालय में लंबित हैं, वे अपने मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कोई भी इच्छुक व्यक्ति जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन नहीं है, वह भी आवेदन प्रस्तुत कर आपसी समझौते के आधार पर विवाद निपटान हेतु लोक अदालत में अपना मामला लगवा सकता है।

### एचपी शिवा के उत्पाद बेचने में कामधेनु करेगी मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कामधेनु संस्था और एचपी शिवा परियोजना के बीच आज उत्पादों की बिक्री और विपणन रणनीतियों को मजबूत करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एचपी शिवा परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र सिंह ठाकुर ने की। बैठक में कामधेनु संस्था के संस्थापक जीत राम कौंडल और संस्था के प्रधान नानक चंद ने एचपी शिवा के अंतर्गत तैयार उत्पादों को खरीदने और अपने काउंटरों के माध्यम से उनकी बिक्री बढ़ाने में रुचि व्यक्त की। दोनों पक्षों ने स्थानीय उत्पादों के विपणन को मजबूत करने पर सहमति जताई। डॉ. देवेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि एचपी शिवा का उद्देश्य किसानों को बेहतर मूल्य दिलाना और उन्हें सीधे बाजार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि कामधेनु संस्था के सहयोग से स्थानीय उत्पादों को प्रदेश के बाहर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। सहायक परियोजना निदेशक डॉ. रमल अंगारिया ने बताया कि परियोजना स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और मार्केट कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दे रही है। कामधेनु संस्था जैसे मंचों के माध्यम से ग्रामीण उत्पादों को संगठित बाजार उपलब्ध करवाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण है। दोनों संस्थाओं ने संयुक्त कार्ययोजना बनाकर स्थानीय उत्पादों की बिक्री व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा दीर्घकालिक सहयोग जारी रखने का निर्णय लिया।

### अपर धवाल में ड्रेस मेकिंग कोर्स का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत धवाल पंचायत के अपर धवाल गांव में एनएसआईसी मंडी के सहयोग से ड्रेस मेकिंग के छमाही कोर्स हेतु प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र के माध्यम से धवाल पंचायत की 25 महिलाओं को प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह की मुख्यातिथि एनटीपीसी कोलडैम की अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुजाता दासगुप्ता रहीं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को कोर्स पूरी लगन और समर्पण के साथ पूरा करने तथा प्रशिक्षण के पश्चात अपनी आजीविका सुदृढ़ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एनटीपीसी कोलडैम से डॉ. अंजुला अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) और पूरन सिंह, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) उपस्थित रहे। एनएसआईसी मंडी की ओर से लोकेश भाटिया, मुख्य प्रबंधक, और विनय कुमार भी मौजूद थे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं ने इस पहल के लिए एनटीपीसी कोलडैम का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

# बिलासपुर कांग्रेस में 'असंतोष' के सुर

## पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने ऑब्जर्वर के सामने संगठन पर उठाए गंभीर सवाल

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



बिलासपुर में आयोजित कांग्रेस की बैठक में उपस्थित ऑब्जर्वर एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता।

**बिलासपुर।** कांग्रेस के बिलासपुर संगठन में राजनीतिक तूफान उठ गया है। मध्य प्रदेश विधानसभा में पूर्व विधायक तथा पूर्व उपाध्यक्ष हीना लिखीराम कावरे, जो कांग्रेस के ऑब्जर्वर के रूप में बिलासपुर दौरे पर आईं, के सामने पार्टी के अंदर छिपा असंतोष उभर कर सामने आया। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में लंबे अरसे के बाद संगठन में विनय कुमार को अध्यक्ष बनाया गया है, अभी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन होना है और इसी संदर्भ में ऑब्जर्वर हीना बिलासपुर दौरे पर पहुंची हैं।

बैठक में पुराने और नए नेता, पूर्व विधायक और संगठन के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके अनुभवी नेता मौजूद थे। इस दौरान पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने पार्टी की अंदरूनी कमजोरियों और संगठनात्मक खामियों पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ही अपने ही नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के खिलाफ धरना प्रदर्शन होता है, तो पार्टी के 'मलाई खाने वाले' नेता वहां कभी दिखाई नहीं देते।

पार्टी के कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता और चुनावी नाकामियों को भी उजागर किया। उन्होंने नयना देवी और सदर विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर और उनके खिलाफ चुनावी धांधली की गई। ठाकुर ने ऑब्जर्वर हीना कावरे से आग्रह किया कि यह मामला सीधे राहुल गांधी तक पहुंचे, ताकि संगठन में सुधार की गुंजाइश बनी रहे। उन्होंने बैठक में साफ कहा, 'जब संगठन कमजोर होता है, तो जनता के सामने पार्टी की छवि धूमिल होती है। यही कारण है कि हम लगातार भाजपा और उनके प्रभावशाली नेताओं के खिलाफ जंग में पीछे रह जाते हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि अगर मैं भारतीय जनता पार्टी और उसके शीर्ष नेता जगत प्रकाश नड्डा के खिलाफ लड़ सकता हूं, तो उन लोगों के खिलाफ भी लड़ सकता हूं, जो कांग्रेस को कमजोर करने में लगे हुए हैं।' बंबर ठाकुर के बयान के बाद बैठक में असंतोष और हंगामा भी देखा गया, लेकिन अध्यक्ष और आयोजकों ने इसे शीघ्र नियंत्रण में ले लिया। बावजूद इसके, अधिकांश नेताओं ने उनके आरोपों का समर्थन किया, जिससे स्पष्ट हुआ कि बिलासपुर कांग्रेस में संगठनात्मक खामियों और असंतोष की गंभीरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विश्लेषकों का कहना है कि हीना कावरे के दौरे और बंबर ठाकुर के खुलासों के बाद बिलासपुर कांग्रेस में अगले कुछ हफ्तों में राजनीतिक हलचल तेज हो सकती है।

### पार्टी की अंदरूनी कमजोरियों पर खुलकर साधा निशाना

# निष्क्रिय ढांचे को सक्रिय करना सृजन संगठन अभियान का उद्देश्य : कावरे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कांग्रेस पार्टी ने बिलासपुर में अपने 'सृजन संगठन अभियान' को गति दे दी है। जिले को संगठनात्मक रूप से सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए सोमवार को कांग्रेस ऑब्जर्वर हीना लिखीराम कावरे ने बिलासपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें पार्टी की नई रणनीति, जिला स्तर पर की जाने वाली नियुक्तियां और अभियान के मुख्य उद्देश्य स्पष्ट रूप से पेश किए गए। हीना कावरे ने कहा कि बिलासपुर कांग्रेस को सुदृढ़ करने के लिए संगठित, पारदर्शी और कार्यकर्ता केंद्रित ढांचा बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिले के लिए हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से सुनील शर्मा, बिट्टू चंपा ठाकुर और अमित को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि जिले में सृजन संगठन अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला कांग्रेस के दिग्गज नेता भारी संख्या में मौजूद रहे। हीना कावरे ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को सीधे जोड़ना, जमीनी स्तर पर निष्क्रिय ढांचे को सक्रिय करना और पार्टी को आने वाले समय के लिए चुस्त-दुरुस्त बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस अब 'कमजोर संगठन' की छवि को बदलने के लिए व्यापक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और समर्पण को देखते हुए पार्टी संगठन को नए स्वरूप में खड़ा करने का यह सही समय है। उन्होंने संकेत दिए कि जहां भी संगठनात्मक कमजोरियां या मतभेद सामने आएंगे, वहां तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

### कैडेट्स ने मनाया राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग के 45 कैडेट्स ने द्वितीय हिमाचल प्रदेश एनसीसी बटालियन मंडी के दिशा-निर्देश में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस को विशेष रूप से 'पुनीत सागर अभियान' के रूप में मनाया। इस अवसर पर कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जल स्रोतों के संवर्धन को केंद्र में रखते हुए कई गतिविधियां आयोजित कीं। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर से रैली के रूप में हुई, जिसमें कैडेट्स ने बैनर एवं स्लोगन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# बेसहारा पशुओं की समस्या पर विधायक जम्वाल ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश में तेजी से बढ़ रही बेसहारा पशुओं की संख्या और इससे पैदा हो रही दुर्घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर आवारा मवेशियों की बढ़ती मौजूदगी से आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जहां गोसदनों में केवल 10-12 हजार मवेशियों को रखने की व्यवस्था है, वहीं बेसहारा मवेशियों की संख्या डेढ़ से दो लाख तक पहुंच चुकी है। ऐसे में जंगलों में ओपन फेंसिंग कर चारा-पानी की व्यवस्था करना एक प्रभावी विकल्प हो सकता है। विधानसभा में जम्वाल ने कहा कि पशु अस्पतालों में स्टाफ और सुविधाओं की भारी कमी भी इस समस्या की जड़ है। दुधारू मवेशियों को समय पर उपचार न मिलने पर किसान मजबूरन उन्हें छोड़ देते हैं। कई जगह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इंजेक्शन लगाने भेजे जाते हैं, जिनकी ट्रेनिंग न होने से उपचार का सफलता प्रतिशत बेहद कम है। उन्होंने बाहरी राज्यों से पशु तस्करी पर भी चिंता जताई और कहा कि चेकिंग के अभाव में गैरकानूनी तरीके से मवेशी लाए जा रहे हैं, जबकि अधिकांश पंचायतों में टैगिंग की व्यवस्था मौजूद है।

### धनत्थर स्कूल में चुनावी साक्षरता क्लब का गठन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल निर्वाचन कार्यालय झंडूता निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम झंडूता के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनत्थर में चुनावी साक्षरता क्लब का गठन किया गया। इसमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सब डिविजनल मजिस्ट्रेट अर्शिया शर्मा द्वारा अनिल मन्हास प्रवक्ता राजनीति विज्ञान को चुनावी साक्षरता क्लब का समन्वयक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनत्थर का नियुक्त किया गया। समन्वयक नियुक्त होने के पश्चात अनिल मन्हास ने प्रार्थना सभा में बच्चों चुनावी साक्षरता क्लब के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनावी साक्षरता, मतदाता, शिक्षा क्लब मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी मतदाता मतदान करने से न रहे के उद्देश्य को पूरा करता है।

# माइनिंग सुरक्षा और सुरक्षा मानकों को अपनाने से कम होंगे जोखिम : संजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बरमाना स्थित एसीसी स्पोर्ट्स क्लब में खान सुरक्षा महानिदेशालय गाजियाबाद क्षेत्र एवं श्रीनगर क्षेत्र के तत्वाधान में खान सुरक्षा सप्ताह कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खान सुरक्षा निदेशक संजीव कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। गागल लाइम स्टोन के हेड माइन प्रबंधक संजीव कुमार सोनी व क्वॉलिटी हेड रंजीत तिवारी ने मुख्य अतिथि का हिमाचली पारंपरिक रीति रिवाज सहित शॉल व टोपी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन एसीसी अडानी गागल सीमेंट प्रोजेक्ट में कार्यरत गुणवत्ता प्रबंधक शकीला ने किया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने विभिन्न खदान क्षेत्रों से आई टीमों को माइनिंग सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स दिए और सुरक्षा मानकों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य केवल कौशल विकास ही नहीं, बल्कि सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करना और उत्पादन में दक्षता लाना है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार सुरक्षा मानकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है, जो टीमों की जागरूकता की भी उदाहरण भी बन रहा है। उन्होंने डिजिटल युग में सुरक्षा कार्यप्रणालियों को सूक्ष्म और सटीक बनाने, राज्य कर्मचारी बीमा निगम के स्वास्थ्य लाभों, कार्यस्थल से घर तक सुरक्षित यात्रा व्यवस्था तथा महिला श्रमिकों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में गागल लाइम स्टोन माइन, अल्ट्राटेक बागा माइन, द्रगं माइन, अंबुजा लाइम स्टोन माइन इन चार खदान क्षेत्रों की दक्ष टीमों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को सेफ्टी हेड दिवाकर ने शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को अपनाते हुए सुरक्षा के प्रति पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई।

### बरमाणा में खनन सुरक्षा सप्ताह कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# विद्युत कर्मियों को दिए सुरक्षा टिप्स

## विद्युत सब-डिविजन जबली में विशेष प्रशिक्षण वर्कशॉप का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

फील्ड में कार्य करने वाले विद्युत कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को जबली स्थित विद्युत सब-डिविजन परिसर में एक विशेष प्रशिक्षण वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें अग्निशमन विभाग और विद्युत बोर्ड के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फील्ड स्टाफ को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वर्कशॉप में बिलासपुर विद्युत डिविजन के सभी अभियंता और फील्ड कर्मचारी मौजूद रहे। वर्कशॉप के पहले सत्र में फायर ऑफिसर ईश्वर सिंह ने आग लगने की स्थिति में उपयोग होने वाले उपकरणों का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कई बार आग लगने की घटना बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण होती है, ऐसे में आग बुझाने से पहले बिजली की आपूर्ति काटना बेहद जरूरी है। करंट लगने की स्थिति में कर्मचारी की जान बचाने के लिए तुरंत सीपीआर देने की आवश्यकता पर भी उन्होंने जोर दिया और इसकी विधि व्यावहारिक रूप से समझाई। दूसरे सत्र में इंजीनियर यशपाल ने विद्युत पोल, लाइनों और ट्रांसफॉर्मरों के मेंटेनेंस कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हेलमेट, दस्ताने, सेफ्टी बेल्ट और टॉर्च जैसे उपकरण फील्ड स्टाफ के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होते हैं, इसलिए इन्हें हर हाल में प्रयोग में लाना चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका न्यूनतम रहे।

वर्कशॉप में अधीक्षण अभियंता गौरव शर्मा, अधिशासी अभियंता शशि कुमार, सभी सब-डिविजन के एसडीओ, जेई और फील्ड स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्युत कर्मियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जन्मदिन पर प्रवासियों को बांटे फल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का जन्मदिन बिलासपुर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रवासी परिवारों के बच्चों में फल वितरित किए गए।

पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं ने नड्डा को जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना कीं। फल वितरण मे विशेष रूप से भाजपा जिला आईटी संयोजक सुनील राणा, भाजपा सदर मण्डल संयोजक हेमराज, सह संयोजक रजत कुमार, सूर्यन गौतम और बिलासपुर के स्टेट चैंपियन बॉडीबिल्डर आदित्य दास व अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसआईवीटी ने मनाया वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एसआईवीटी द्वारा मंगलवार को वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर एसआईवीटी की बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, ऊना स्थित सभी शाखाओं में इस महत्वपूर्ण दिन पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एसआईवीटी संस्थान के एमडी सतीश शर्मा ने बताया कि इस दौरान सभी शाखाओं में वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे पर प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर प्रस्तुत कर इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वहीं एसआईवीटी बंगाणा शाखा में भी सीखने का नया दौर, तकनीक के साथ आगे बढ़ो थीम को लेकर इस दिन के महत्व को सार्थक किया। सीनियर आईटी फैकल्टी साहिल ने स्मार्ट लर्निंग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। साहिल ने बताया कि डिजिटल युग में स्मार्ट लर्निंग सिर्फ पढ़ाई का तरीका नहीं, बल्कि सफलता की नई कुंजी है। उन्होंने दिखाया कि किस प्रकार एआई यानि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स, ऑनलाइन संसाधन और तकनीक आज की शिक्षा को तेज, सरल और अधिक प्रभावी बना रहे हैं।

# झंडूता कॉलेज आधिकारिक रूप से तंबाकू मुक्त परिसर किया घोषित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

राजकीय महाविद्यालय झंडूता को आधिकारिक रूप से तंबाकू-मुक्त परिसर घोषित किया गया। यह घोषणा जिला तंबाकू नियंत्रण अधिकारी डॉ. गुरुंग ने संस्थान परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान की। कॉलेज ने तंबाकू-निषेध के सभी मानकों और दिशा-निर्देशों का सफलतापूर्वक पालन करते हुए प्रमाणन प्रक्रिया में पूर्ण 100 अंक प्राप्त किए, जिसके लिए कॉलेज प्रशासन एवं एनएसएस इकाई को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए डॉ.दीपक गुरुंग ने कहा कि तंबाकू से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए शैक्षणिक संस्थानों का संवेदनशील और सुदृढ़ भूमिका निभाना आवश्यक है। उन्होंने कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने, परिसर में निगरानी व्यवस्था बनाने और तंबाकू निषेध संबंधी नियमों को प्रभावी रूप से लागू करने के प्रयासों की सराहना की।

### पेहड़वीं में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा कंदरौर द्वारा एक दिवसीय वित्तिय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन नाबार्ड के सौजन्य से पेहड़वीं में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा कर्मी जय पाल द्वारा की गई, जबकि अनिता कुमारी विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। बैंक कर्मचारी जय पाल ने बैंक की सपनों का संचय डिपॉजिट लिंक्ड बचत जमा योजना के विषय में तथा मोबाइल बैंकिंग के बारे में जानकारी दी।

# सरस्वती विद्या मंदिर सुन्हानी में नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

विद्या भारती द्वारा सम्बद्ध हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्हानी का 26वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी व इंटेलिजेंस ब्यूरो से सेवानिवृत्त रमेश कौंडल बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक कल्याण समिति के प्रदेश संयोजक कैप्टन संजय कुमार ने की। विशेष तौर पर हिमाचल शिक्षा समिति के राजेंद्र कुमार शामिल हुए। मुख्यातिथि कौंडल ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं और स्कूल प्रबंधन को सुंदर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूलों में दी है रही संस्कार युक्त शिक्षा को लेकर कहा कि आज के वातावरण में बहुत ही आवश्यक है कि वर्तमान समय तकनीक का है, लेकिन उसके साथ-साथ बच्चों में संस्कारों का होना बहुत ही आवश्यक है। जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल पूरे देश भर में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में इसी आयु के दौरान संस्कारों का बीज बोया जाता है वही उनके पूरे जीवन भर में काम आएगा। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को भी अपने संस्कारी बच्चों पर गर्व महसूस होता है। उन्होंने पाठशाला प्रबंधन समिति को बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11 हजार रुपए की नकद राशि दी।

### स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

# 15 किसानों ने पराहू में लिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**एजेंसी, झंडूता।** भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति परियोजना के तहत जिला हमीरपुर के विकास खंड नादौन के लगभग 15 प्रगतिशील किसान मंगलवार को झंडूता के पराहू गांव पहुंचे। यहां उन्होंने सफल मशरूम उत्पादक जगदीश वर्मा की वर्मा मशरूम उत्पादन इकाई में एक दिवसीय मशरूम खेती प्रशिक्षण लिया। किसानों को जगदीश वर्मा ने मशरूम की बटन, ऑयस्टर और दूधिया प्रजातियों की खेती की बारीकियां समझाईं। उन्होंने कम्पोस्ट तैयार करने, स्पॉन लगाने, फ्लश प्रबंधन से लेकर मार्केटिंग तक की पूरी प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी दी। किसानों ने इकाई में चल रहे मशरूम कक्षों का अवलोकन भी किया और अपने संदेह दूर किए। जगदीश वर्मा पिछले दस वर्षों से पराहू में व्यावसायिक स्तर पर मशरूम की खेती कर रहे हैं और इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें कई बार जिला व राज्य स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। उनकी इकाई अब दूसरे किसानों के लिए प्रेरणा व प्रशिक्षण केंद्र बन चुकी है। प्राकृतिक कृषि पद्धति परियोजना के तहत यह प्रशिक्षण इसलिए खास था क्योंकि मशरूम की खेती रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों से पूरी तरह मुक्त होती है और यह प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों से पूरी तरह मेल खाती है।

**सम्मान** 'जल तरंग जोश महोत्सव' में दिव्यांगजनों-बुजुर्गों को मंच प्रदान करने के प्रयास सराहे

# गैर सरकारी संस्थाओं ने सम्मानित किए डीसी व अन्य अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



उपायुक्त राहुल कुमार सयहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित करतीं गैर सरकारी संस्थाएं।

जिला की गैर सरकारी संस्थाओं ने मंगलवार को बचत भवन बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह, जिला कल्याण अधिकारी आरसी बंसल तथा सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी अमित कुमार को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

गैर सरकारी संस्थाओं की ओर से अधिवक्ता प्रकाश चंद बंसल ने सभी अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए तथा जल तरंग जोश महोत्सव के दौरान जिला के दिव्यांगजनों तथा वृद्धजनों के लिए मंच प्रदान करने के प्रयासों को सराहा। उपायुक्त राहुल ने कहा कि जल तरंग जोश महोत्सव के दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से रेडक्रॉस मेले का भी आयोजन किया गया, ताकि युवाओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के लिए भी मंच प्रदान हो सके। उन्होंने कहा कि इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से हेल्थ कैंप तथा थीम आधारित फैशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों और वृद्धजनों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाई। इसके अतिरिक्त अन्य मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। उपायुक्त ने इस आयोजन में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करने के लिए सभी गैर सरकारी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को भी मंच प्राप्त हो सके।

### कार्यक्रम में अधिकारियों को प्रदान किए स्मृति चिन्ह

# झंडूता कॉलेज में एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की रेड रिबन इकाई की संयोजिका प्रो. अर्चना शर्मा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में एसडीएम अर्शिया शर्मा ने और विशेष अतिथि के रूप में डॉ. दीपक गुरंग ने शिरकत की। छात्राओं ने एचआईवी/एड्स के बारे लघु नाटिका के द्वारा सभी को जागरूक किया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया और समाज में एड्स को लेकर जी रहे लोगों के साथ भेद भावना न करने और भ्रांतियों को मिटाने के लिए सचेत किया। घ्यह कार्यक्रम लायुल ट्राईबल वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के सहयोग से किया गया, जिसमें एसोसिएशन के निदेशक शेर सिंह यांबा आईसीटीसी केंद्र के सलाहकार मोनिका शर्मा, रीना चंदेल, पूनम कुमारी, रोहित ढटवालिया व उनके सहयोगी सदस्यों ने एचआईवी/एड्स पर अपने विचार विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मधुमक्खी पालन के बारे में किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर में एसएमएस हॉर्टिकल्चर द्वारा आयोजित 5 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन डॉ. प्रमोद शाह, डीडीएच चंबा की अध्यक्षता में हुआ। 28 नवंबर से चल रहे इस प्रशिक्षण में 50 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के वैज्ञानिकों और विभिन्न बैंकों के विशेषज्ञों ने मधुमक्खी पालन, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के बारे में मार्गदर्शन दिया। डॉ. प्रमोद शाह ने एफएसएसएआई मानकों के पालन और उन्नत पैकेजिंग तकनीकों अपनाने पर जोर दिया। डॉ. निधि रावत ने महिलाओं की स्वरोजगार भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया, जबकि डॉ. दिव्या ने मौसम आधारित फसल बीमा योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मनोहर ने भरमौर में मधुमक्खी पालन के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया।

### प्रवीण बने राज्य सहकारी बैंक के निदेशक

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने चंबा जिले की राड़ी पंचायत से संबंधित प्रवीण मिन्हास को राज्य सहकारी बैंक के निदेशक मंडल में नियुक्त किया। मिन्हास ने छात्र राजनीति से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश महासचिव तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष रहे। आम परिवार से निकले मिन्हास ने चंबा पीजी कॉलेज से पढ़ाई पूरी की और बाद में एलएलबी व एलएलएम की डिग्री हासिल की। हिमाचल प्रदेश सरकार में वह सबसे कम उम्र के निदेशकों में शामिल हैं। नियुक्ति के बाद मिन्हास ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और विशेष कार्य अधिकारी रितेश कपरेट का आभार व्यक्त किया। यह कदम चंबा जिले और भरमौर क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

### दिनेश को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर में हिमाचल किसान कांग्रेस के जिला चंबा अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की मांग उनके समर्थकों और पूर्व जनप्रतिनिधियों ने कांग्रेस हाई कमान से की है। डॉ. दिनेश ने संगठन के विभिन्न पदों पर कार्य किया है और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में ओएसडी भी रहे हैं। हाल ही में उन्होंने जिले में किसान कांग्रेस कमेटी का गठन कर मिसाल पेश की है। पूर्व प्रधान ईश्वर कपूर, सुरेश कुमार और पूर्व पंचायत समिति सदस्य रोहित शर्मा समेत कई नेताओं ने उन्हें संगठन की कमान सौंपने का समर्थन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के बाद जिला व ब्लॉक स्तर पर कमेटी गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है और डॉ. दिनेश के नाम पर जोर बढ़ता जा रहा है।

### चंबा में कैंपस इंटरव्यू 9 और 10 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय बालू के माध्यम से 9 और 10 दिसंबर को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत निजी कंपनियों ऑरो टेक्सटाइल्स और ऑरो वेविंग (वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड की इकाई) द्वारा मशीन ऑपरेटर और हेल्पर के 200 अप्रेंटिस पदों को भरा जाएगा। 9 दिसंबर को इंटरव्यू जिला रोजगार कार्यालय बालू में और 10 दिसंबर को उप-कार्यालय चुवाड़ी में आयोजित होगा। इंटरव्यू के लिए उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक, जमा दो और आईटीआई (सिलाई, फीटर, कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) रखी गई है। आयु 18 से 26 वर्ष होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 12,750 रुपये मासिक वेतन मिलेगा और उन्हें सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा।

### एनएसएस कैंप में सीखी स्वस्थ जीवनशैली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलूणी में आयोजित एनएसएस कैंप में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारियों की महत्वपूर्ण सीख हासिल की। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने छात्रों को संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य जैसी जीवनशैली से जुड़ी जानकारी दी। इसके अलावा, कैंप ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, अनुशासन और टीम वर्क का महत्व भी समझाया। छात्रों ने जन-जागरूकता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामाजिक सरोकारों को निभाने का संकल्प लिया। एनएसएस स्वयंसेवक छात्रों ने बताया कि इस कैंप ने उन्हें व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज में सकारात्मक योगदान देने के व्यावहारिक उपाय भी सिखाए। कार्यक्रम ने छात्रों में स्वास्थ्य, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना को मजबूत किया।

### साइबर सुरक्षा अपडेट के लिए ग्राहक का केवाईसी दस्तावेज जमा करवाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, घरवाला।** हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक शाखा धरवाला ने अपनी सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। शाखा प्रबंधक कमलेश कुमार ने अपने ग्राहकों से आग्रह किया है कि वह बैंक के नए साइबर फ्रॉड रोधी सॉफ्टवेयर पर माइग्रेशन प्रक्रिया में सहयोग करें। बैंक ने साइबर फ्रॉड को कम करने और आधुनिक साइबर सिक्योरिटी नॉर्म्स अपनाने के तहत सभी ग्राहक डाटा को एक नए फाइनेंस सॉफ्टवेयर पर माइग्रेट करना शुरू कर दिया है। इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए शाखा कार्यालय ने धरवाला में अपने सभी खाता धारकों से केवाईसी दस्तावेज जैसे कि आप अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए तत्काल अपने खाते में आधार पैन मोबाइल नंबर अपडेट करें 10 दिनों के भीतर अपनी मुख्य शाखा (धरवाला) पर जाएं और अपने केवाईसी दस्तावेज आधार कार्ड पैन कार्ड पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ जमा करें। यह कदम आपको नवीनतम सुरक्षा प्रणालियों को लागू करने और आपको साइबर खतरों से बचाने में मदद करेगा।

### नंबरदार जन कल्याण संघ की बैठक 8 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** नंबरदार जन कल्याण संघ तहसील पधर की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 8 दिसंबर को सामुदायिक भवन पधर में आयोजित की जाएगी जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रधान संत राम करेंगे। संघ के सचिव लाल चंद सकलानी ने बताया कि बैठक में संगठन से जुड़े आवश्यक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने तहसील पधर के सभी नंबरदार भाइयों को सूचित किया है कि वे इस बैठक में अपनी उपस्थिति अवश्य दें, ताकि संघ के कार्यों को गति मिल सके और सामूहिक निर्णय लिए जा सकें।

### सड़क सुरक्षा के बारे में लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग शिमला की तरफ से विकास खंड भोरंज के बस्सी और जाहू में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में साहिल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने लोगों को गीत संगीत एवं नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक किया। ग्रुप के कलाकारों विक्की बड़ोगा रिशु ठाकुर ,उपमा ठाकुर, रमेश, अमर सिंह,सुनील कुमार,अजय कुमार एवं विनोद कुमार ने इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां दीं।

# पांगी–भरमौर के भेड़पालकों की सुरक्षा और आजीविका पर मंडरा रहा संकट

## विधायक डॉ. जनकराज ने विधानसभा में उठाई विशेष संरक्षण की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पांगी–भरमौर क्षेत्र के जनजातीय समुदाय से जुड़े एक अत्यंत गंभीर मुद्दे ने जोरदार ढंग से ध्यान आकर्षित किया। क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज ने भेड़पालकों और ऊन उत्पादन से जुड़े ग्रामीणों की समस्याओं को मजबूती से सदन में उठाते हुए कहा कि वूल फेडरेशन के साथ पंजीकृत लगभग 748 भेड़पालक इस समय बहुआयामी संकट से जूझ रहे हैं, जिन पर त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता है।

डॉ. जनकराज ने बताया कि पांगी–भरमौर का पारंपरिक भेड़पालन आज के दौर में कई चुनौतियों के चलते संकटग्रस्त होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में जब स्थानीय भेड़पालक अपने परवास (माइग्रेशन) पर थे, उस दौरान भेड़ चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। ये घटनाएं जनजातीय समुदाय की आजीविका पर सीधा प्रहार हैं, जिसे रोकने के लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस बारे में पुलिस प्रशासन को भी अवगत कराया जा चुका है, परंतु ठोस कदम अभी तक सामने नहीं आए हैं।



उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता को लेकर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वूल फेडरेशन का रेट कॉन्ट्रैक्ट समय पर न होने के कारण पशुओं के लिए आवश्यक दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिससे पशुधन के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ रहा है और भेड़पालकों की परेशानी दोगुनी हो गई है। इसके साथ ही, विधायक ने वन विभाग द्वारा चरागाहों के दायरे को सीमित करने पर कड़ा आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि चराई क्षेत्र में कमी से स्थानीय भेड़पालकों पर भारी असर पड़ेगा, जबकि दूसरी ओर राजस्थान और अन्य राज्यों से बड़े पैमाने पर पशु हिमाचल में बेचे जा रहे हैं। ऐसे में स्थानीय समुदाय को अपने बकरियों और भेड़ों का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा, जो कि जनजातीय क्षेत्रों के लोगों के साथ गहरा अन्याय है।

डॉ. जनकराज ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने समय रहते राहत और सुरक्षा प्रदान नहीं की तो यह पारंपरिक व्यवसाय पूरी तरह अस्तित्व संकट में आ जाएगा। इसलिए उन्होंने पांगी–भरमौर के भेड़पालकों के लिए विशेष संरक्षण, बेहतर सुरक्षा इंतज़ाम, दवाइयों की नियमित उपलब्धता तथा चरागाहों को पूर्व स्थिति में बहाल करने की मांग की। उन्होंने सदन में सरकार से अपील की कि जनजातीय भेड़पालकों की समस्याओं को प्राथमिकता देकर तुरंत समाधान प्रस्तुत किया जाए, ताकि उनकी पीढ़ियों से चली आ रही आजीविका और सांस्कृतिक विरासत को बचाया जा सके।

# सात सांसद होने के बावजूद नहीं मिले 1500 करोड़: नीरज नैय्यर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

शीतकालीन विधानसभा सत्र के दौरान सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने केंद्र से मिलने वाली आपदा राहत राशि में हो रही भारी देरी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चंबा सहित पूरे हिमाचल प्रदेश में आई भीषण आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करवाने के लिए सत्ता व विपक्ष—दोनों ने मिलकर प्रस्ताव पारित किया, दिल्ली में बातचीत भी हुई, लेकिन इसके बावजूद अब तक केंद्र से घोषित 1500 करोड़ रुपये भी प्रदेश को नहीं मिले हैं।



विधायक नैय्यर ने सदन में कहा कि हिमाचल की 7 की 7 संसदीय सीटों पर बीजेपी के सांसद हैं, चाहे लोकसभा हो या राज्यसभा। इसके बावजूद हिमाचल की वास्तविक आवश्यकताओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा।बिहार के चुनावों के दौरान जहाँ 1 करोड़ 25 लाख महिलाओं के खातों में 10–10 हजार रुपये डाले गए, वहीं हिमाचल की जीवनरेखा को फिर से खड़ा करने के लिए घोषित राशि भी समय पर उपलब्ध नहीं करवाई गई।

उन्होंने कहा कि 'प्रदेश में आपदा का कुल नुकसान लगभग 10,000 करोड़ रुपये आंका गया है। अगर केंद्र समय पर 4 से 5 हजार करोड़ रुपये भी दे देता, तो प्रदेश में बहालियाँ और पुनर्निर्माण कार्य आज कहीं अधिक गति पकड़ चुके होते। समय रहते संभलने से बड़ी आफत टलती है—समय पर फंड मिलता तो नुकसान कम होता, बहाली जल्दी होती। नीरज नैय्यर ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हिमाचल जैसे पहाड़ी व आपदा–प्रवण राज्य की विशेष परिस्थितियों और गंभीर क्षति को ध्यान में रखते हुए त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि प्रदेश अपनी जर्जर पड़ी सड़कें, जल योजनाएं, बिजली ढाँचा और आजीविका तंत्र को शीघ्र सामान्य स्थिति में ला सके।

# डलहौजी में शिक्षा का भविष्य: सीएसटी परिसर को उच्च शिक्षा केंद्र बनाने की मांग

**मनीष सरीन ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्रियों को लिखा प्रभावशाली पत्र**

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

चंबा जिले के शिक्षा भविष्य को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण मुद्दा अब सीधे मुख्यमंत्री सुक्खू के पास पहुंच गया है। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी और कांग्रेसी कार्यकर्ता मनीष सरीन ने सेंट्रल स्कूल फॉर तिब्बतियन (सीएसटी) डलहौजी को बंद होने से बचाने और इसे क्षेत्र का पहला बड़ा उच्च शिक्षा केंद्र बनाने की मांग करते हुए एक प्रभावशाली पत्र लिखा है। इस पत्र की प्रति प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भी भेजी गई है, ताकि मामला राज्य और केंद्र स्तर पर तेजी से आगे बढ़ सके।



सरीन ने पत्र में चिंता जताई कि तिब्बती समुदायों में घटते नामांकन के कारण सीएसटी डलहौजी अस्तित्व संकट से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि परिसर में आधुनिक क्लासरूम, प्रयोगशालाएँ, विशाल खेल मैदान, बालक-बालिका हॉस्टल और स्टाफ क्वार्टर्स जैसी महत्वपूर्ण अवसंरचना मौजूद है। इसे खाली खंडहर बनने देना पूरे चम्बा जिले के भविष्य के साथ समझौता होगा। सरीन ने सरकार से दो दूरदर्शी विकल्प सुझाए हैं। पहला, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय कैंपस इस परिसर में स्थापित किया जाए, जिससे चम्बा, सलूणी, पांगी और भरमौर जैसे दुर्गम क्षेत्रों के हजारों विद्यार्थियों को घर–द्वार पर उच्च शिक्षा मिल सके। दूसरा, केंद्र सरकार के सहयोग से परिसर को केंद्रीय विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षा संस्थान में परिवर्तित किया जाए, ताकि शोध, प्रोफेशनल कोर्स और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र विकसित किया जा सके। मनीष सरीन ने कहा कि इस पहल से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और डलहौजी क्षेत्र शैक्षणिक हब के रूप में उभर सकता है। स्थानीय जनता में इस प्रस्ताव को लेकर उत्साह है और लोगों का मानना है कि यह कदम केवल एक स्कूल को बचाने का नहीं, बल्कि पूरे चम्बा जिले को शिक्षा की नई पहचान देने का ऐतिहासिक अवसर है।

अब सभी की नजरें प्रदेश सरकार की ओर हैं कि वह इस दूरदर्शी प्रस्ताव को कितनी शीघ्रता और गंभीरता से लागू करती है, ताकि डलहौजी क्षेत्र शिक्षा और विकास के नए युग में प्रवेश कर सके।

# छतराड़ी पंचायत ने विकास कार्यों को किया नजरअंदाज

## कच्ची गलियों से परेशान लोग, वर्षों से काम न करने के लगाए आरोप

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

भरमौर। ग्राम पंचायत छतराडी के गांव दुंदेई के निवासियों ने पंचायत पर उनके गांव में विकास न करवाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत से बार–बार शिकायत करने के बावजूद भी उनके गांव में सड़क को पक्का नहीं किया जा रहा है। पंचायत की अनदेखी के कारण उनके गांव में पिछले कई सालों से विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं।

पंचायत द्वारा अनदेखी होने के चलते उनके गांव में पैदल चलने वाली तमाम सड़कें कच्ची है। गलियां पक्की ना होने के कारण आए दिन धूल मिट्टी और कीचड़ उनके घरों तक पहुंच रही है। गलियां कच्ची होने के चलते उसमें कीचड़ भरने से गांव में बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय निवासी सपना देवी, श्यामलाल, देशराज सहित तमाम ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई सालों से यहां पर गलियों को पक्का करने के लिए साइन बोर्ड लगा दिया है, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद भी अभी तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। लिहाजा कच्ची गलियों में चलने के लिए रोजाना लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उबड खाबड होने के चलते बच्चों व बुजुर्गों को कभी भी दुर्घटना का अंदेशा लगातार बना रहता है। बार–बार शिकायत करने के बावजूद भी पंचायत के द्वारा उनके गांव में विकास कार्य को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने पंचायत पर गांव की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया है।




### सीमेंट न होने के चलते से हो रहा विलंब: प्रधान

इस विषय पर ग्राम पंचायत छतराडी के प्रधान मंहदो राम का कहना है है कि सीमेंट ना होने के चलते इस कार्य में विलंब हुआ है। उन्होंने कहा है की सीमेंट की बुकिंग कर दी गई है और सीमेंट मिलने पर जल्दी से जल्दी इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि अगले कुछ दिनों में यह कार्य शुरू हो जाएगा और लोगों को इस समस्या से परमानेंट छुटकारा मिल जाएगा।

# चंबा मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का गंभीर मामला, छात्र ने किया आत्महत्या का प्रयास



एबीवीपी ने कॉलेज प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में रैगिंग का एक गंभीर मामला सामने आया है जिसने पूरे परिसर में हड़कंप मचा दिया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने कॉलेज प्रशासन को एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि कुछ वरिष्ठ छात्रों ने एक जूनियर छात्र के साथ न केवल अनुचित एवं अपमानजनक व्यवहार किया, बल्कि मानसिक उत्पीड़न भी किया, जिसके चलते पीड़ित छात्र ने आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम उठाने की कोशिश की।

एबीवीपी द्वारा प्रधानाचार्य को सौंपे गए पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि कॉलेज में स्थापित एंटी–रैगिंग क्लब भी इस गंभीर घटना के बावजूद कोई प्रभावी कदम उठाने में विफल रहा, जिससे छात्र की स्थिति और अधिक भयावह हो गई। परिषद ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि भविष्य में छात्र द्वारा कोई अनहोनी होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन एवं प्रधानाचार्य की होगी। एबीवीपी ने इस मामले की तुरंत उच्चस्तरीय जांच करवाने, दोषी छात्रों की पहचान करने और उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। परिषद का कहना है कि यह कदम इसलिए आवश्यक है ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो और कॉलेज परिसर में सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

# उपायुक्त ने चंपा की उपलब्धि से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले की अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी चंपा ठाकुर का जिला मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया गया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में उनके सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल, शिक्षा उपनिदेशक विकास महाजन, भाग सिंह और बलबीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेजबान स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीकला विज ने चंपा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल ने कहा कि चंपा ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर चंबा का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य अन्य छात्राओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें यह संदेश देना है कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। चंपा ठाकुर ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता–पिता और गुरुजनों को दिया।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर खेलना आसान नहीं होता, लेकिन कठिन परिश्रम और समर्पण से सब कुछ संभव है। चंपा ने लड़कियों से कहा कि वे खेलों और अन्य क्षेत्रों में कभी खुद को कमतर न आंकें। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहकर खेलों में रुचि लेने के लिए अच्छी एकेडमी खोलने की सरकार से भी मांग की। समारोह के दौरान छात्राओं ने चंपा ठाकुर की प्रेरक कहानी और खेलों में उनके संघर्ष को सुनकर उन्हें सम्मानित किया और उनकी उपलब्धियों से सीख लेने का संकल्प लिया।

### चालान कर वसूला 3000 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने मंगलवार को कानून व्यवस्था बनाए रखने और नियम उल्लंघन पर रोक लगाने के उद्देश्य से विभिन्न अधिनियमों के तहत व्यापक अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 300 चालान जारी किए गए, जबकि कोटपा अधिनियम (धूम्रपान निषेध कानून) के तहत 30 चालान काटे गए और कुल 3000 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसी के साथ अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए माइनिंग अधिनियम के अंतर्गत 02 चालान भी किए गए हैं। जिला पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ताकि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और लोगों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

### 25 ग्राम चरस सहित व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सरकाघाट की गश्ती एवं यातायात चैकिंग टीम ने श्मशान घाट सरकाघाट के पास नशा तस्करी के खिलाफ अभियान के दौरान एक व्यक्ति को चरस सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार राकेश कुमार, पुत्र चेत राम, निवासी ब्राडटा, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 25 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी को मौके पर ही हिरासत में लिया गया और उसके विरुद्ध पुलिस थाना सरकाघाट में ह्ब्ष्|क्रूस्.ष्ह्र की धारा 20 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगामी अन्वेषण जारी है तथा यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी नशीले पदार्थ को कहां से लाया और यह किसी नेटवर्क से जुड़ा है या नहीं। पुलिस प्रशासन ने कहा कि क्षेत्र में नशा कारोबार के खिलाफ अभियान और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेगा।

### विद्यालय का गौरव सम्मान से नवाजे भीम सिंह

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** गोहर उपमंडल के अंतर्गत शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में हमेशा अग्रणी रहे डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर के नाम एक और बहुत बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल इंडिया द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर में कार्यरत फिजिक्स के अध्यापक भीम सिंह ठाकुर को विद्यालय का गौरव जैसे अति विशिष्ट सम्मान बेस्ट अध्यापक के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड पूरे भारतवर्ष के निजी स्कूलों के आए हुए सैंकड़ों अध्यापकों में से सबसे अच्छे अध्यापक को दिया जाता है। यह अवार्ड डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर के फिजिक्स के अध्यापक भीम सिंह को मिलना उनकी कार्य कुशलता उनके अध्यापन के तरीके को मद्देनजर रखते हुए उनको इस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जो कि डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर के साथ साथ क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसी के साथ-साथ डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर के लिए एक और बहुत बड़ी उपलब्धि फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल इंडिया द्वारा जो विभिन्न कैटिगरीज में अवार्ड दिया जाता है उसमें डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर को खेल जगत से संबंधित नंबर वन से सम्मानित किया गया है। डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर के ही तीन छात्रों तेजवीर को खो खो में नैशनल लेबल पर उम्दा प्रदर्शन करने ट्विंकल कुमारी व हेमपुष्पा को कबड्डी में नेशनल लेवल शानदार प्रदर्शन करने के लिए बेस्ट खिलाड़ी का अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जो कि डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर के लिए बहुत ही सम्मान की बात है।

# मंडी की डॉ. कृतिका चिकित्सा अधिकारी पद पर हुई चयनित, रत्ती अस्पताल में देंगी सेवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिले के जोगिंदरनगर उपमंडल के लांगणा क्षेत्र में आने वाले गांव चिम्हणू की मूल निवासी एवं मंडी शहर की सन्यारड़ी हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रहने वाली डॉ. कृतिका का चयन हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग शिमला द्वारा आयोजित परीक्षा में बतौर मेडिकल आफिसर हुआ है। चयनित होने के उपरांत वह अब नागरिक अस्पताल रत्ती बल्ह में अपनी सेवाएं देंगी। उसके चयन से परिजनों, परिचितों, गांव व कालोनी वासियों में खुशी की लहर है। चिम्हणू गांव से वह पहली मेडिकल आफिसर बनी हैं जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी है।



चिकित्सा अधिकारी के पद पर चयनित डॉ. कृतिका व अपने माता–पिता के साथ।

डॉ. कृतिका प्रारंभ से ही मेधावी एवं कुशाग्र बुद्धि की छात्रा रही हैं। मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद तथा लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयन होने से पहले वह आईआईटी मंडी में भी चिकित्सा अधिकारी के तौर पर कार्यरत रहीं हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी व एमबीबीएस की पढ़ाई पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, चंबा से की है। उसका आगे विशेषज्ञ चिकित्सक की पढ़ाई करने का लक्ष्य है। डॉ. कृतिका अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता पिता, बड़े भाई भाभी और गुरूजनों को देते हुए कहा कि सच्ची निष्ठा, कड़ी मेहनत और समर्पण से जीवन की हर मंजिल हासिल की जा सकती है। उनके पिता बीसी शर्मा सेवानिवृत बैंक अधिकारी हैं जबकि माता मनुजा शर्मा ग्रामीण विकास विभाग में एलएसईओ के पद से सेवानिवृत हुई हैं। उसके बड़े भाई सार्थक शर्मा हिमाचल प्रदेश सरकार में तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं। मंडी नगर निगम के वार्ड नंबर 6 सन्यारड़ी हाउसिंग बोर्ड कालोनी में परिवार के साथ रह रही डॉ कृतिका का कहना है कि वह एक चिकित्सक के रूप में वे गरीबों और जरूरतमंद लोगों की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानती हैं।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा दर्शकों का मन

**अनंत ज्ञान, भटियात।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बकलोह में सोमवार को 43वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं, शिक्षक–शिक्षिकाओं, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि कर्नल सफ़िक फैजी और विशिष्ट अतिथि निर्मला देवी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियां साझा कीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में राजस्थानी, पंजाबी, हिमाचली, नेपाली और गुजराती लोक नृत्य शामिल थे। छात्रों ने 'जय जवान जय किसान' नृत्य और नशाखोरी विरोधी लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। होनहार विद्यार्थियों और शिक्षकों को मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कर्नल फैजी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा देकर जिम्मेदार नागरिक तैयार करते हैं। कार्यक्रम ने सभी को कला, संस्कृति और देशभक्ति की प्रेरणा दी। मंच संचालन स्कूल कैप्टन सोमिल राणा और निकिता कुमारी ने किया।

# महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत करवाएं विभाग: एडीएम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा में नई चेतना 4.0 राष्ट्रीय लैंगिक अभियान के तहत आज बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने की। उन्होंने बताया कि यह अभियान जिले में 23 दिसंबर, 2025 तक संचालित किया जाएगा। 'अमित मैहरा ने कहा कि इस वर्ष अभियान का विषय है महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं समावेशी विकास के लिए, आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक विकसित ग्रामीण भारत'।

उन्होंने बताया कि नई चेतना 4.0 एक राष्ट्रीय अभियान है, जिसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ष्ठ्ठ्ठ–ह्,स्रू) के तहत प्रत्येक वर्ष लागू किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और लिंग आधारित हिंसा को रोकना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित टोल–फ्री नंबरों का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिकाधिक लाभार्थी इन सेवाओं से अवगत हो सकें।

उन्होंने बताया कि अभियान को चार साप्ताहिक विषयों के आधार पर संचालित किया जाएगा जिसमें पहला सप्ताह में महिलाओं की आर्थिक योगदानकर्ता के रूप में भूमिका, दूसरा सप्ताह महिलाओं के भूमि, संपत्ति एवं कानूनी अधिकारों पर जागरूकता, तीसरा सप्ताह में महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा एवं गतिशीलता को बढ़ावा देने के साथ चौथा सप्ताह में महिलाओं के बिना भुगतान वाले देखभाल कार्य की मान्यता बढ़ावा देना है। एडीएम ने कहा कि सभी विभाग समन्वयित रूप से कार्य करें ताकि जिले में अभियान का प्रभाव अधिक व्यापक और जन–सहभागिता आधारित हो सके। बैठक में खंड विकास अधिकारी महेश चंद ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य करण हितेषी, अर्थशास्त्री विनोद कुमार सहित जिला के सभी खंड विकास अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सामुदायिक केंद्र, गदियाडा**
विकास खंड पंचरुखी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गदियाडा में (विशेष बैठक) में बित्त बर्ष 2025-2026 के लिए इन्टरलॉक टाईल व ब्लॉक प्रदान करने हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। सभी फर्मों से अनुरोध किया जाता है कि दिनांक 06/12/2025 तक सील्ड बंद लिफाफे में अपनी -अपनी निविदा कार्यालय में जमा करवा सकते हैं । 06/12/2025 को सुबह 10:30 के बाद निविदा नहीं ली जाएगी। 06/12/2025( 10:00 प्रातः) तक प्राप्त निविदाओं को दिनांक 06/12/2025 ठीक 12.30 बजे पंचायत बैठक में [ नियुक्त अधिकारी व पंचायत अधिकारीयों की उपस्थिति में खोली जाएगी । जिस फर्म की दर सबसे कम होगी उसी फर्म की निविदा पास होगी । GST अलग से देय नहीं होगी । निविदा पास होने के उपरांत इन्टरलॉक टाईल व ब्लॉक की गुणवता उचित नहीं पाई गई तो उस फर्म की निविदा रद्द कर दी जाएगी। सामान्य शर्तें लागु रहेंगी ।
अतः इछुक फर्में अपनी- अपनी निविदाएँ भेजने की कृपा करें ।

# ओपिनियन



**गरीब** के कान का सच्चा सोना भी संदेह से देखा जाता है, किंतु अमीरों के गले में कोई पीतल भी डाल दे, तो लोग उसे पीतल कहने का साहस नहीं करेंगे। -दिनकर

## संपादकीय

### चिट्टे के खिलाफ निर्णायक युद्ध

हिमाचल प्रदेश में चिट्टा आज एक ऐसी भयावह समस्या बन चुका है, जिसने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। पहाड़ों की इस शांत भूमि पर नशे का यह घातक जहर युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि चिट्टे का सेवन कर रहे अधिकांश युवा कम उम्र में ही इस नशे की चपेट में आकर अपनी जिंदगी खो रहे हैं। परिवार बिखर रहे हैं, समाज टूट रहा है और उच्च मूल्यों वाली संस्कृति के लिए पहचाने जाने वाले इस प्रदेश के सामने यह एक ऐसी चुनौती खड़ी हो गई है, जिसका समाधान तुरंत और बेहद सख्त कदमों के साथ ही संभव है। ऐसे समय में सुक्खू सरकार द्वारा चिट्टे के खिलाफ चलाया गया व्यापक अभियान निश्चित रूप से सराहनीय है। सरकार ने यह समझ लिया है कि इस नशे को केवल पुलिस की सख्ती से खत्म नहीं किया जा सकता, बल्कि जागरूकता ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके जरिए समाज को एकजुट कर इस कुरीति पर पूर्ण विराम लगाया जा सकता है। यही कारण है कि सरकार ने नशा मुक्त हिमाचल का संकल्प लेकर इसे एक जन आंदोलन का रूप देना शुरू किया है। यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति या विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। जब तक माता-पिता, शिक्षक, प्रशासन, पुलिस, सामाजिक संगठन और आम जनता एकजुट होकर इस समस्या का सामना नहीं करेंगी, तब तक नशे की रोकथाम अधूरी ही रहेगी। अब यह उम्मीद दिखने लगी है कि हिमाचल इस कठिन लड़ाई में मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ चुका है।

शिमला के बाद धर्मशाला में आयोजित एंटी-चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन इस अभियान का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। हजारों की संख्या में जुटी भीड़ ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि अब प्रदेश का युवा और समाज नशे के खिलाफ एकजुट हो चुका है। यह सिर्फ एक वॉकथॉन नहीं था, बल्कि बदलते सामाजिक सोच और जागरूक हिमाचल की एक सशक्त तस्वीर थी। जब मुख्यमंत्री स्वयं इस अभियान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं, जनता से संवाद करते हैं और स्पष्ट रूप से कहते हैं कि चिट्टा सप्लायरों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा, तो निश्चित रूप से यह संदेश नशा तस्करों तक जाता है और उन पर दबाव भी बनता है। सरकार द्वारा नशे की सूचना देने पर 10,000 से लेकर 10 लाख रुपए तक इनाम देने की जो घोषणा की गई है, वह इस लड़ाई को जनता की भागीदारी के माध्यम से जीतने की एक बड़ी रणनीति है। यह योजना न केवल नशा सप्लायरों पर शिकंजा कसने में मदद करेगी, बल्कि युवाओं और समाज को भी यह विश्वास दिलाएगी कि उनकी हर सूचना पर त्वरित कार्रवाई होगी और उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यह कदम नशा तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने में बेहद प्रभावी सिद्ध होगा, क्योंकि जब हर ओर से सूचनाएं आएंगी, तो प्रशासन की कार्रवाई तेज होगी और सप्लाई चेन स्वतः कमजोर हो जाएगी। नशा तस्करी का धंधा तभी चलता है जब समाज चुप रहता है, लेकिन अब हर कोई सतर्क हो जाए तो नशा माफिया खुद ही सामने आने से डरने लगते हैं। पुलिस प्रशासन ने भी सरकार के इस अभियान में पूरी तत्परता के साथ कदम से कदम मिलाया है। कड़े कानून, लगातार छापेमारी, सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ाना और सप्लाई चेन को जड़ से खत्म करने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। यदि यह गति बरकरार रहती है तो निश्चित है कि चिट्टे के खिलाफ यह लड़ाई निर्णायक मोड़ ले लेगी। समाज के भीतर भी यह सोच विकसित हो रही है कि नशा किसी एक घर का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दर्द है। इसलिए इसे खत्म करना सामूहिक जिम्मेदारी भी है और नैतिक कर्तव्य भी।

युवाओं को भी यह समझना होगा कि नशा कभी समाधान नहीं होता, बल्कि यह जीवन को अंधकार में धकेल देने वाला जाल है। सरकार ने जिस शपथ को वॉकथॉन में दिलाया है, उसका पालन करना हर युवा का कर्तव्य है। नशा मुक्त हिमाचल सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित करने का संकल्प है। यदि किसी को चिट्टे की सप्लाई या उपयोग से संबंधी कोई भी सूचना मिले, तो तुरंत 112 नंबर पर कॉल करना चाहिए। पहचान गुप्त रखी जाएगी, इसलिए किसी को खतरे की चिंता नहीं, और उल्टा इनाम मिलने की संभावना भी है। यह एक ऐसा अवसर है जिसमें युवा अपने प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सीधे योगदान दे सकते हैं।

हिमाचल एक शांत, अनुशासित, सांस्कृतिक और शिक्षित प्रदेश रहा है, लेकिन चिट्टे ने इस छवि पर दाग लगाने की कोशिश की है। अब समय है इस दाग को मिटाने का। सरकार, प्रशासन, समाज और युवा -जब सब एक साथ खड़े होते हैं तो कोई भी बुराई टिक नहीं सकती। सुक्खू सरकार ने नशा मुक्त हिमाचल का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसके लिए मजबूत इच्छा शक्ति और सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है। यह लड़ाई कठिन जरूर है, लेकिन असंभव बिलकुल नहीं। आइए हम सब मिलकर संकल्प लें कि अपने घर, अपने गांव, अपने स्कूल-कॉलेज, अपने कार्यस्थल और अपने समाज को नशे से सुरक्षित रखना है। हिमाचल को सुरक्षित बनाना है और आने वाली पीढ़ियों को ऐसा भविष्य देना है जिस पर हमें गर्व हो। जब पूरा प्रदेश एक परिवार की तरह इस अभियान में शामिल होगा तो निश्चित रूप से चिट्टे का नामोनिशान भी मिटेगा और हिमाचल फिर से वही देवभूमि बनेगा, जहां युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में बहती है और जहां नशे का अंधकार कभी भी पैठ नहीं बना पाएगा।

अनंत ज्ञान

### आज की प्रमुख हस्ती

#### भारतीय महिला क्रिकेट की शान

**मिताली राज** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान और विश्व की महानतम महिला क्रिकेटरों में से एक हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। उनका मानना है कि महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन और बेहतर प्रायोजन अत्यंत आवश्यक है। सचिन तेंदुलकर उनके प्रिय बल्लेबाज हैं और वे उनके 'स्ट्रेट ड्राइव' तथा 'स्क्वेयर कट' की प्रशंसक रही हैं। मिताली का जन्म जोधपुर, राजस्थान में हुआ। बचपन में उन्होंने भरतनाट्यम का प्रशिक्षण भी लिया, पर बाद में क्रिकेट को प्राथमिकता दी। उनके पिता धीरज राज डोराई राज एयरफोर्स में रहे और क्रिकेटर भी थे, जिन्होंने मिताली के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया। उनकी मां लीला राज ने भी बेटी के खेल करियर को समर्थन देने हेतु अपनी नौकरी तक छोड़ दी। मिताली राज ने 1999 में आयरलैंड के खिलाफ अपने वनडे पदार्पण में ही नाबाद 114 रन बनाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। 2002 में इंग्लैंड के विरुद्ध टॉनटन टेस्ट में उन्होंने 214 रन बनाकर महिला टेस्ट क्रिकेट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया। एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए उन्होंने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन पूरे किए। ऐसा करने वाली वे भारत की पहली और विश्व की दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं। वनडे क्रिकेट में उनके 6974 रन 50 से अधिक के औसत से दर्ज हैं, जबकि टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 663 रन 51 के औसत से बनाए हैं।


मिताली राज
जन्म : 3 दिसंबर, 1982

#### कविता: रोती है पर सोती नहीं


मनीष कुमार, जयसिंहपुर
जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

सत्ता विरोधी सब कहते हैं, जनहितैषी कोई नहीं
नहीं देखता पक्ष विपक्ष, कहता निष्पक्ष कोई नहीं
व्यवस्था की बात करें, तो अश्रुधार बहती है
रोती तो है कलम पर, कंबख्त सोती नहीं
परिवर्तन देख अंधी हुई, इस युग में घोषित बंदी हुई
शायद जनहित कोई ठिकाना नहीं, और ऐसा कब हुआ कि
नेताओं के पास कोई बहाना नहीं, भीड़ में चेहरों पर तसल्ली है,
किंतु सत्य की भारी बदहाली है, बह गया है घर छोटू का और
जमींदोज घर के बगल में अब जश्न मनाने की तैयारी है,
घावों पर मरहम लगाने की, कर ली हमने भी तैयारी है।
देखो कलम हमारी की, फिर रोने की बारी है।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री **editoranantgyaan@gmail.com** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

## यशपाल : स्वतंत्रता और साहित्यिक क्रांतिकारिता का जीवंत प्रतीक

भारतीय स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए अनगिनत शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी। असंख्य क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी शासन की कठोर यातनाएं सहन कीं। अनेक युवाओं ने हंसते-हंसते फांसी के फंदों को चूमा। राष्ट्रभक्त महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने जन-जागरण का कार्य करते हुए कठिन परिस्थितियों का सामना किया। इन्हीं अपरिमित त्यागों और बलिदानों की परंपरा ने हमें स्वतंत्रता का अमूल्य वरदान प्रदान किया।


डॉ. राकेश कुमार शर्मा
विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग
सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, मंडी

हिमाचल प्रदेश की वीरभूमि में जन्मे क्रांतिकारी साहित्यकार यशपाल स्वतंत्रता के उन अमर सेनानियों में अग्रगण्य हैं, जिन्होंने एक क्रांतिकारी विचारक एवं साहित्यकार के रूप में स्वतंत्रता समर में विशिष्ट योगदान दिया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मातृभूमि की सेवा और राष्ट्रहित के लिए समर्पित कर दिया। हमीरपुर में नादौन के भूंपल गांव के यशपाल ने कहानी, उपन्यास और निबंध जैसी साहित्यिक विधाओं में उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली रचनाओं का सृजन किया।

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और आधुनिक हिंदी साहित्य दोनों क्षेत्रों में यदि किसी व्यक्तित्व ने विचार, कर्म और लेखन के माध्यम से प्रतिरोध की एक सशक्त परंपरा स्थापित की तो वे यशपाल हैं। उनका जीवन राष्ट्रवादी संघर्ष, समाजवादी दृष्टि, दार्शनिक वैचारिकी और साहित्यिक प्रयोगशीलता का अनूठा संगम है।

वे उन विरले व्यक्तित्वों में से हैं जिन्होंने विचारधारा को केवल लिखा नहीं बल्कि जिया है और यथार्थ के उग्र संघर्ष में उसकी ऐतिहासिक परीक्षा भी दी। हिंदी साहित्य और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में यशपाल का नाम एक सशक्त व्यक्तित्व के रूप में दर्ज है। उनका जीवन किसी सुविधा या विशेषाधिकार की भूमि पर नहीं बल्कि संघर्ष, गरीबी, अपमान और आत्मसम्मान की कठोर चट्टानों पर निर्मित हुआ।

यशपाल का जन्म 3 दिसंबर 1903 को फिरोजपुर छावनी में हुआ। पिता हीरालाल साधारण कर्मचारी थे और माता प्रेमदेवी एक प्रगतिशील, साहसी और स्वावलंबी महिला, जिन्होंने अनाथालय और कन्या पाठशाला में अध्यापन करते हुए कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित की। गरीबी में जन्मे बालक यश ने अभाव को निकट से देखा और इसी ने उनके भीतर अन्याय के प्रति घृणा और मुक्ति की तीव्र इच्छा जगाई। प्रारंभिक शिक्षा काशीपुर में हुई। 1911 में वे गुरुकुल कांगड़ी पहुंचे और वहां अनुशासन, परिश्रम, स्वावलंबन और राष्ट्रवादी चेतना से प्रभावित हुए। 1917 में असाध्य रोग के कारण लाहौर लौटने पर उन्होंने डीएवी स्कूल में शिक्षा जारी रखी। बचपन में अंग्रेज अधिकारियों का तिरस्कार देखकर उनके भीतर प्रतिरोध की चेतना जागी। अंग्रेज महिला द्वारा फटकारे जाने की घटना ने उन्हें यह बोध कराया कि भारत की स्वतंत्रता केवल राजनीतिक अधिकार नहीं बल्कि स्वाभिमान का प्रश्न है। 1917-1921 के दौरान वे राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े। रोलट एक्ट विरोध, असहयोग आंदोलन और स्वदेशी आंदोलनों में वे सक्रिय रहे। 1921 में उन्होंने मैट्रिक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर जिला में प्रथम स्थान पाया। 1922 में नेशनल कॉलेज, लाहौर में प्रवेश के साथ उनका जीवन निर्णायक मोड़ पर पहुंचा। वहीं भगत सिंह, सुखदेव और भगवतीचरण वोहरा से निकटता ने उन्हें क्रांतिकारी मार्ग पर दृढ़ किया।



वे शीघ्र ही हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) के प्रमुख रणनीतिकार बने। 1929 में लाहौर बम फैक्टरी पर छापे के बाद वे फरार हुए और इसी दौरान उन्होंने भगवतीचरण वोहरा के साथ ऐतिहासिक घोषणापत्र फिलॉसफी ऑफ द बम लिखा, जिसने भारतीय क्रांतिवाद को दार्शनिक आधार दिया।

1931 में आजाद की शहादत के बाद वे संगठन के कमांडर-इन-चीफ चुने गए। सरकार ने उनकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम रखा। 23 जनवरी 1932 को इलाहाबाद में मुठभेड़ के बाद वे गिरफ्तार हुए और 14 वर्ष की सजा मिली। जेल में उन्होंने मार्क्सवाद, समाजवाद और विश्व क्रांतिकारी विचारधाराओं का अध्ययन किया। 7 अगस्त 1936 को बरेली जेल में क्रांतिकारिणी प्रकाशवती पाल से विवाह किया, जो समानता और वैचारिक एकता पर आधारित अद्वितीय संबंध था।

1938 में रिहाई के बाद वे लखनऊ में बस गए। उन्होंने कर्मवीर में कार्य किया और फिर 1938 में अपनी क्रांतिकारी पत्रिका विप्लव शुरू की, जिसने भारतीय राजनीतिक पत्रकारिता को नई दिशा दी। औपनिवेशिक सत्ता के लिए यह पत्र इतना असहनीय था कि 1941 में उन्हें पुनः गिरफ्तार किया गया। 1944 में उन्होंने 'साथी प्रेस' की स्थापना की।

स्वतंत्रता के बाद साहित्य उनका प्रमुख कर्मक्षेत्र बना। यशपाल ने साहित्य को सामाजिक न्याय और ऐतिहासिक हस्तक्षेप का औजार माना। उन्हें देव पुरस्कार (1955), सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार (1969), पद्म भूषण (1970) और साहित्य अकादमी पुरस्कार (1976) से सम्मानित किया गया।

26 दिसंबर 1976 को उनका निधन हुआ, किंतु उनका जीवन सिद्ध करता है कि मनुष्य परिस्थितियों का परिणाम नहीं, अपने संकल्पों का निर्माता होता है। यशपाल सदैव उस उज्ज्वल ज्योति के रूप में याद किए जाएंगे जिसने क्रांति को विचार और साहित्य को सामाजिक संघर्ष का हथियार बनाया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मन की बात कार्यक्रम : भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का अद्वितीय प्रयास

आधुनिक भारत के पुनर्जागरण और विकास में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास हमेशा सार्थक और प्रेरक उदाहरण रहे हैं। फिर चाहे वो नवीन विचारों का निर्माण हो या अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखकर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा। उन्होंने हर भारतवासी के मन में नवीन विचारों, संकल्पों के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की मजबूत नींव रखी है।


डॉक्टर जनकराज
विधायक, भरमौर विस क्षेत्र
मो. 9418820100

भारत की पहचान केवल भौगोलिक सीमाओं से नहीं होती, बल्कि उस संस्कृति, उस जीवन-पद्धति और उन आदर्शों से होती है, जिन्हें हमने सहस्राब्दियों से संजोकर रखा है। आज जब विश्व तेजी से बदल रहा है, नैतिकता चुनौती के सामने है, और जीवन का मूल्य केवल भौतिक सफलता से आंका जाता है-ऐसे दौर में यदि कोई धारा हमें हमारी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रही है, तो वह है पीएम मोदी का संवाद 'मन की बात'। मन की बात एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति को व्यवहार में उतारने की राष्ट्रीय साधना है।

यह वह मंच है जहां केवल सरकार की योजनाएं नहीं, बल्कि समाज की ऊर्जा, जनता का पुरुषार्थ और राष्ट्र की चेतना जागृत होती है।

भारतीय संस्कृति का मूल है-जन सहभागिता, नैतिकता और आत्मिक उन्नति, राष्ट्र प्रथम का भाव। मोदी हर एपिसोड में इन्हीं तत्वों को सहज भाव से स्पर्श करते हैं। संस्कृति पुस्तकों में जीवित नहीं रहती, वह जीवित रहती है जनमानस के आचरण में।

मन की बात इसी आचरण को पुनः जगाने का सतत प्रयास है। इसमें समाज में कार्यरत किसी अनाम व्यक्ति को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलता है-यह भारतीय परंपरा की वही भावना है जहां छोटे से छोटा व्यक्ति राष्ट्र निर्माण का सहभागी माना जाता है। यह संवाद हमें बताता है कि संस्कृति कोई पुरानी वस्तु नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधुनिक और उपयोगी मार्ग है। योग, स्वच्छता, जल-संरक्षण, बेटी-बचाओ जैसे विषयों को जिस संवेदनशीलता और उद्बोधन के साथ प्रस्तुत किया गया, उसने संस्कृति को पुस्तकालयों की बजाय घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संस्कृति को घोषणाओं का नहीं, व्यवहार का विषय बनाया है। मन की बात केवल रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र को नई चेतना से जोड़ने वाला एक संवाद है।

इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री समाज के हर उस प्रयास, हर उस व्यक्ति और हर उस संवेदना को सामने लाते हैं जो भारतीयता के वास्तविक स्वरूप को दर्शाती है। चाहे पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण हो, अनाथ बच्चों की शिक्षा का प्रसंग, किसानों के नवाचार हों या सैनिकों के सम्मान की कहानियां-हर विषय व्यावहारिक नीति और जनसहभागिता का संदेश देता है। कार्यक्रम की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यह जनता को केवल श्रोता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी बनाता है। मोदी जब किसी ग्रामीण महिला के जल-संरक्षण, किसी शिक्षक के नवाचार या किसी युवा की उपलब्धि का उल्लेख करते हैं, तब यह भावना जागती है कि 'मैं भी देश की प्रगति में योगदान दे सकता हूं।' यही मानसिकता आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की आधारशिला बनती है।

भारतीय संस्कृति के मूल मूल्य-संस्कार, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व मन की बात के माध्यम से पुनः स्थापित हुए हैं। इसमें आदेश नहीं, बल्कि प्रेरणा का मार्ग है, और यही प्रेरणा परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन बनती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संवाद राष्ट्र को संकल्प से सिद्धि तक ले जाने का आह्वान है। यही कारण है कि 'मन की बात' आज एक दीप-शिखा की तरह भारतीयता, गौरव और राष्ट्रीय चेतना को उजागर करती रहती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## सत्य के शुद्धिकरण में असत्य का विचलित होना स्वाभाविक

भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, किंतु आज प्रश्न आकार का नहीं रह गया है। वास्तविक प्रश्न यह है कि विश्व का सबसे विश्वसनीय लोकतंत्र कौन है। लोकतंत्र की प्रतिष्ठा और शक्ति मतदाताओं की मात्रा से नहीं, बल्कि उसकी शुचिता, पवित्रता और विश्वसनीयता से निर्धारित होती है। यही कारण है कि मतदाता शुद्धि क्रिया को केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया समझना भूल होगी; यह लोकतांत्रिक नैतिकता के पुनर्जागरण का वह राष्ट्रीय संकल्प है जो आने वाले समय में भारत के लोकतांत्रिक भविष्य की दिशा तय करने वाला है।


कैलाश चंद्र
स्वतंत्र लेखक

मतदाता सूची ही लोकतंत्र की वास्तविक रीढ़ है। यदि सूची दूषित हो जाए, मृत व्यक्तियों के नाम वर्षों तक दर्ज रहें, बाहरी घुसपैठिये नकली पहचान के आधार पर मतदान कर सकें या राजनीतिक स्वार्थों के कारण पसंदीदा-नापसंद के अनुसार नाम जोड़े या हटाए जाएं, तो लोकतंत्र केवल एक औपचारिक ढांचा बनकर रह जाता है जिसकी नींव खोखली होती चली जाती है।

पिछले वर्षों में देश के अनेक हिस्सों में दोहरी प्रविष्टियां, मृत मतदाताओं के नाम, एक ही व्यक्ति के एकाधिक पते और संगठित मतांतरण जैसी गंभीर गड़बड़ियां उजागर हुईं। यह स्थिति केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर एक गहरी चोट है, क्योंकि जिस सूची से जनमत का मूल्य निकले, यदि वही संदिग्ध हो जाए, तो जनमत का अर्थ क्या रह जाता है।

इसी पृष्ठभूमि में विशेष पुनरीक्षण की प्रक्रिया आशा और विश्वास की किरण बनकर सामने आई है। मतदाता शुद्धि क्रिया का उद्देश्य सरल है कि सही व्यक्ति का नाम सूची में रहे और असत्य या अमान्य नाम हटाए जाएं, किंतु यह कार्य जितना सरल दिखाई देता है, उतना है नहीं। भारत जैसा विविधतापूर्ण और विशाल देश केवल आंकड़ों का भूगोल नहीं है। मतदाता सूची जनसांख्यिक संतुलन, संवैधानिक अधिकार, सामाजिक संरचना, स्थानीय सुरक्षा, धार्मिकढ्ढ सांस्कृतिक बनावट और राजनीतिक समीकरणों से गहराई से जुड़ा दस्तावेज है।




ऐसे में घर-घर सत्यापन, डिजिटल जांच, दोहरे नामों की पहचान, मृत व्यक्तियों के विलोपन और नकली पहचान की जांच जैसी कठोर प्रक्रियाएं लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य साधन बन जाती हैं। इस संदर्भ में बिहार का उदाहरण उल्लेखनीय है। दो दशक से अधिक समय बाद वहां जिस व्यापक पुनरीक्षण की शुरुआत हुई, वह देश के लिए एक आदर्श मॉडल बनकर उभरा।

लाखों घरों का सत्यापन हुआ, करोड़ों निर्धारण प्रपत्र जमा हुए और सूची से उन लाखों नामों का विलोपन किया गया जो या तो वर्षों से मृत थे, दोहरे पते पर दर्ज थे या लंबे समय से स्थानांतरित हो चुके थे। सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि हटाए गए प्रत्येक नाम का कारण सार्वजनिक किया जाए। यह केवल प्रशासनिक कठोरता नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नैतिक शुचिता के प्रति एक अनिवार्य प्रतिबद्धता है। प्रश्न यह है कि यदि बिहार यह कर सकता है, तो देश के अन्य राज्यों के लिए यह प्रश्न, या अनिवार्य क्यों न बने।

मतदाता शुद्धि क्रिया केवल प्रशासन या चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं है। यह प्रत्येक जागरूक नागरिक का सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है। हर नागरिक को अपने परिवार, समाज और मोहल्ले के मतदाताओं की सूची का सत्यापन स्वयं करना चाहिए। वृद्धों, अशिक्षितों, ग्रामीणों और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले उन नागरिकों की सहायता करना चाहिए जिनके लिए स्वयं सत्यापन कठिन है। समाज में झूठ, उन्माद और दुष्प्रचार फैलाने के स्थान पर मतदाता सूची को शुद्ध बनाने की जागरूकता ही सच्चा राष्ट्रधर्म है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## दिव्यांगता नहीं, शक्ति की पहचान : अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का संदेश

हर वर्ष 3 दिसंबर को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 1992 में घोषित किया गया था, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजन के अधिकारों, सम्मान, समान अवसरों और समाज में उनकी पूर्ण भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

यह दिन समाज को यह याद दिलाता है कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी विशेषता और साहस की पहचान है। दिव्यांगजन जीवन में कई प्रकार की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करते हैं। शिक्षा, रोजगार, परिवहन, स्वास्थ्य, सूचना-प्रौद्योगिकी, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में समान अवसर प्राप्त करना अक्सर उनके लिए कठिन हो जाता है। समाज में आज भी कई स्थानों पर भेदभाव एवं उपेक्षा का वातावरण देखने को मिलता है, जो उन्हें अपने अधिकारों से दूर रखता है।परंतु यह भी सत्य है कि दिव्यांगजन अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत से हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं-चाहे वह खेल हो, साहित्य, विज्ञान, कला या प्रशासनिक सेवाएं।


केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

पैरालंपिक खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन इसका प्रमाण है कि अवसर और सहयोग मिले तो दिव्यांगजन देश का गौरव बढ़ा सकते हैं।

भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सुगम्य भारत अभियान,पेंशन योजनाएं,विशेष शिक्षा एवं छात्रवृत्ति योजनाएं व पुनर्वास केंद्र जैसी अनेक योजनाएं चलाई हैं। सरकार की इन पहलों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ना, आत्मनिर्भर बनाना और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है, परंतु ये सरकारी योजनाएं भी तभी सफल होंगी, जब समाज भी संवेदनशील बने। दिव्यांगजन दया के नहीं, अधिकार और सम्मान के पात्र हैं। प्रत्येक विद्यालय, कार्यालय, बस-अड्डा, सड़क, अस्पताल और सार्वजनिक स्थानों को 'दिव्यांग अनुकूल' बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे बिना किसी बाधा के स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें। हमें यह सीखना होगा कि हम दिव्यांग लोगों की उपेक्षा नहीं, सहायता करें तथा उनका मजाक नहीं, मनोबल बढ़ाएं। उनकी क्षमताओं को पहचानें और उन्हें भी आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर दें। इतिहास गवाह है कि स्टीफन हॉकिंग, हेलेन केलर, निक वुजिसिक, अरुणिमा सिन्हा, दीपा मलिक,




देवेंद्र झाझरिया,जैसे व्यक्तित्वों ने दुनिया को दिखा दिया कि दिव्यांगता सफलता की राह में बाधा नहीं है। दिव्यांगजन समाज के बोझ नहीं, बल्कि समाज की शक्ति हैं। उनकी सोच, प्रतिभा और संघर्ष हम सबके लिए प्रेरणा हैं। अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस हमें यह महत्वपूर्ण संदेश देता है कि एक समान, सम्मानपूर्ण और संवेदनशील समाज का निर्माण तभी संभव है जब हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मान' की भावना को वास्तविक जीवन में उतारें। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि हर व्यक्ति में अनंत संभावनाएं हैं और किसी भी प्रकार की शारीरिक कमी उसकी क्षमताओं को सीमित नहीं कर सकती। समाज का दायित्व है कि वह ऐसा वातावरण बनाए जहाँ दिव्यांगजन बिना किसी भेदभाव, बाधा या हीनभावना के अपने सपनों को नए आयाम दे सकें। दिव्यांगता शरीर में होती है, हौसलों में नहीं-यह सत्य हमें प्रेरित करता है कि हम प्रत्येक व्यक्ति की विशिष्ट प्रतिभा को पहचानें और उसे अवसर प्रदान करें। सफल वही है जो अपनी परिस्थितियों और सीमाओं पर विजय प्राप्त कर लेता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए आयोइस्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## तपोवन में द्रंग मंडल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम जयराम ठाकुर से की मुलाकात



विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान तपोवन में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से मुलाकात करते द्रंग भाजपा मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** तपोवन धर्मशाला में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के बीच मंगलवार को जिला मंडी के द्रंग मंडल के भाजपा उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर के नेतृत्व में चौहार घाटी के भाजपा बूथ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। कार्यकर्ताओं ने बरसात के दौरान आई आपदा से हुए नुकसान व अन्य समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता जताते हुए द्रंग भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर के माध्यम से झरवाड़ और लच्छयाण बूथ के लिए संयुक्त रूप से डेढ़ लाख रुपये का चैक उपलब्ध करवाया। इससे पूर्व भी शिमला में जयराम ठाकुर द्वारा द्रंग मंडल के लिए आपदा राहत स्वरूप 15 हजार रुपये का चैक प्रदान किया जा चुका है। कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के सहयोग के लिए उनका आभार जताया। इस दौरान उनके साथ झरवाड़ बूथ अध्यक्ष सुरेश कुमार, आईटी सदस्य भागमल, किसान मोर्चा पद्धर के सचिव रमेश चंद, वीरेंद्र कुमार, तथा लच्छयाण बूथ के मोहन सिंह, कृष्ण कुमार, जगदीश चंद, सोहन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्त निगरानी व कार्रवाई होगी सुनिश्चित : अपूर्व देवगन

### डीसी ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में प्लास्टिक वेस्ट के वैज्ञानिक उपयोग की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिले में पर्यावरण संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन तथा एनजीटी मामलों की अनुपालना की प्रगति की समीक्षा के लिए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने सभी एसडीएम और बीडीओ को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए नियमित निगरानी और चालान अभियान प्रभावी रूप से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए व किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए।

बैठक में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में एकत्रित प्लास्टिक द्वारा सड़क निर्माण कार्य की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी बीडीओ और शहरी निकायों को लोक



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

निर्माण विभाग के साथ समन्वय मजबूत कर प्लास्टिक उपयोग की प्रक्रिया को व्यवस्थित और गति प्रदान करने पर जोर दिया और कहा कि जिले में प्लास्टिक वेस्ट का वैज्ञानिक उपयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

मंडी शहर में स्कोडी खड्ड में खुले ग्रे वाटर की समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने नगर निगम मंडी और जलशक्ति विभाग को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन घरों में सिवरेज कनेक्शन उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें तुरंत जोड़ा जाए, सभी लीक पाइंटों की मरम्मत की जाए और विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नाले की सफाई सुनिश्चित की जाए। रिवालसर क्षेत्र में सभी घरों को सिवरेज नेटवर्क से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। डीसी ने नगर निगम मंडी को सेनेटरी वेस्ट को पृथक रूप से एकत्रित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और सभी विभागों को अपने दायित्वों के प्रति उत्तरदायी रवैया अपनाने को कहा। बैठक का संचालन क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विनय ने किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, आयुक्त नगर निगम रोहित राठौर, एसडीएम मंडी सदर रूपिन्द्र कौर, जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा, आरटीओ नवीन कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी रजनीश शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति देवराज चौहान और लोक निर्माण विभाग डीके वर्मा सहित नगर निकायों और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि जिला के अन्य एसडीएम और बीडीओ ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

## कबड्डी खिलाड़ी भावना ठाकुर का गृह क्षेत्र पंडोह में जोरदार स्वागत



कबड्डी की विश्व विजेता खिलाड़ी भावना ठाकुर का जोरदार स्वागत करते हुए।

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

कबड्डी विश्व विजेता भारतीय टीम के होनहार खिलाड़ी भावना ठाकुर का गृह क्षेत्र के प्रवेश द्वार पंडोह बाजार में जोरदार भव्य स्वागत किया गया।

इस स्वागत में जहां विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भावना ठाकुर से प्रेरणा ली वहीं पडोह क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने भी भावना ठाकुर को फूल मालाएं पहनाई, वही उन्होंने हिमाचली शान-टोपी से सम्मानित भी किया। महिला मंडल सांवला ग्राम पंचायत तादी की महिलाओं ने भावना ठाकुर को नोटों का बड़ा हार पहनाकर सम्मानित किया। व्यापार मंडल पंडोह के चैयरमैन बीआर सकलानी, पंडोह, सयोग, जागर और धार पंचायत के प्रधानों द्वारा भावना ठाकुर का मोमेंटो और टोपी पहना कर स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों और अध्यापकों ने पुष्पगुच्छ दे कर अपनी खुशी का इज़हार किया।

सभी गणमान्य लोगों का भावना ठाकुर ने आभार ओर धन्यवाद किया। बच्चों को प्रेरित करते हुए भावना ने कहा कि किसी प्रकार के नशे से हमेशा दूर रहें और अपने आपको खेलों से जोड़ते हुए हमेशा स्वस्थ रहें, मस्त रहें। इस अवसर पर कबड्डी संगठन मंडी के अध्यक्ष श्याम लाल ठाकुर सचिव नेत्रपाल और मिडिया सचिव देश राज उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन पर लगा सेमिनार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर ने राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस पर बीबीएमबी अस्पताल सुंदरनगर में 'बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016' विषय पर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया। सेमिनार की अध्यक्षता वैज्ञानिक अधिकारी प्रोमिला शर्मा ने की, जबकि प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज कुमार विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियनों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निपटान, रंग-कोड आधारित पृथक्करण, संग्रहण, उपचार तथा अंतिम निपटान जैसी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रोमिला शर्मा ने संस्थानों की कानूनी जिम्मेदारियों और नियमों के अनुपालन पर जोर दिया। अंत में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को स्वच्छ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

### पधर में वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट 8 को

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर में वाहनों की पासिंग तथा ड्राइविंग टेस्ट की तिथि 8 दिसंबर को घोषित की है। ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करवाना अनिवार्य रहेगा। इस बारे जानकारी देते हुए एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि 08 दिसंबर को वाहन पासिंग एवं ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन हरडगलू मेला मैदान में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने के इच्छुक आवेदकों को निर्धारित तिथि से पहले ऑनलाइन स्लॉट बुक करना आवश्यक है, अन्यथा किसी भी स्थिति में टेस्ट नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग 02 दिसंबर से प्रातः 10 बजे शुरू कर दी जाएगी। एसडीएम ने सभी वाहन मालिकों व अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है वे फीस, टैक्स एवं अन्य दस्तावेजों की केवल ऑनलाइन रसीदों के साथ निर्धारित तिथि को समय पर उपस्थित होकर प्रक्रिया में सहयोग करें।

### एक रुपए वेतन लेकर पेश की मिसाल: रविंद्र

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विधायक प्रकाश राणा ने प्रदेश की खराब आर्थिक स्थिति के बीच बड़ा फैसला लेते हुए मात्र एक रुपये वेतन लेने का संकल्प लिया है। भाजपा मंडल प्रवक्ता रविंद्र शर्मा ने बताया कि यह निर्णय प्रदेश पर बढ़ते आर्थिक बोझ को कम करने और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। विधानसभा में अपने संबोधन में राणा ने बताया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण उन्हें कभी कॉलेज छोड़ना पड़ा था, लेकिन संघर्षों ने उन्हें दृढ़ बनाया। उन्होंने कहा कि सरकार को भी आय के नए स्रोत बढ़ाने और खर्चों में कटौती पर ध्यान देना चाहिए। उनका यह निर्णय तब तक जारी रहेगा जब तक प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधर नहीं जाती। जोगिंद्रनगर भाजपा मंडल ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया।

### रेबीज रोग के कारण व बचाव की जानकारी दी

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल में प्रधानाचार्य रमेश कुमार की अध्यक्षता में रेबीज रोग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वेटरनरी विभाग के डॉ. सर्वज्ञ शर्मा ने आयोजन का परिचय दिया, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. पिंकी सैनी ने रेबीज रोग, इसके कारण और बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में हर साल लगभग 70,000 लोग रेबीज से मृत्यु को प्राप्त होते हैं, जिसमें 90% मामले कुत्ते के काटने से होते हैं। सीनियर वेटरनरी चिकित्सक डॉ. मेहता ने सुरक्षित रहने और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. लेख राज ने छात्रों से संदेश को समाज तक फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य 2030 तक भारत में रेबीज से होने वाली मौतों को शून्य करना है।

### बीबीएमबी इंटर-प्रोजेक्ट स्कूल स्पोर्ट्स ओलंपियाड 6 से

**भीम बसेठू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा बीएसएल परियोजना, सुंदरनगर में 6 से 8 दिसंबर तक इंटर-प्रोजेक्ट स्कूल स्पोर्ट्स ओलंपियाड आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए डिप्टी चीफ इंजीनियर कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। खेल कार्यक्रम सरकारी बीएसएल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुंदरनगर के मैदान में होगा। इसमें अंडर-14 और अंडर-19 वर्ग के लिए 100 मीटर, 400 मीटर रिले, लंबी कूद, कबड्डी, बैडमिंटन, शॉटपुट सहित कई प्रतियोगिताएं होंगी। अंडर-19 में 200 मीटर दौड़ भी शामिल है। छह बीबीएमबी संबद्ध स्कूलों के 300 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### धर्मशाला रैली में धर्मपुर से जाएंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला पार्षद वंदना गुलेरिया ने कहा कि 4 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाली भाजपा की रैली में धर्मपुर क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। सरकाघाट में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि सरकार ने जनता से बड़े वादे तो किए, लेकिन अब लोग स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि धर्मपुर में विकास कार्य ठप पड़े हैं और पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर के शुरू किए गए प्रोजेक्ट अधूरे हैं। उन्होंने दूध 100 रुपये लीटर व गोबर खरीद योजना जैसे वादों पर भी सरकार को घेरा। वंदना गुलेरिया ने कहा कि धर्मशाला की रैली कांग्रेस सरकार के कुशासन और आपदा पीड़ितों की उपेक्षा के खिलाफ जन-आवाज बनेगी।

### नशा मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाला निशार में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्र के समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता उदयनंद शर्मा थे। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावकों ने पुष्पगुच्छ, टोपी व शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। उदयनंद शर्मा ने बच्चों को नशे से दूर रहने, वृक्षारोपण करने और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव हेतु जागरूक होने का संदेश दिया। शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सभी विजेताओं और विद्यालय परिवार की सराहना की गई।

## जोगिंद्रनगर बस डिपो की हालात बदतर, यात्रियों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर बस डिपो को बने छह वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक इसके प्रबंधन और सुविधाओं में कोई ठोस सुधार नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डिपो शुरू होते ही यहां बैजनाथ डिपो की ज्यादातर पुरानी और जर्जर बसों को स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे यात्रियों की परेशानियां और बढ़ गईं।

शुरुआती दिनों में कुछ नई बसें जरूर आई थीं, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते दो बसों को रूट सहित वापस बैजनाथ डिपो भेज दिया गया। वर्तमान में जोगिंद्रनगर डिपो से संचालित अधिकांश बसें खस्ताहाल हैं। यात्रियों का आरोप है कि ये बसें आए दिन बीच रास्ते में ही खराब हो जाती हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई बसों की खिड़कियों के शीशे टूटे होने से यात्रियों को सर्द मौसम में ठंडी हवा में सफर करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार और परिवहन विभाग से मांग की है कि जोगिंद्रनगर बस डिपो को तुरंत नई बसें आवंटित की जाएँ और जर्जर बसों को रिटायर किया जाए इसके साथ ही क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि जोगिंद्रनगर बस डिपो को परिवहन मंडल धर्मशाला से हटाकर मंडी डिवीजन के साथ जोड़ा जाए, ताकि डिपो का समुचित प्रबंधन और विकास सुनिश्चित हो सके।

### मंडी जिला प्रभारी राजेश ठाकुर ने सुंदरनगर में ली महत्वपूर्ण बैठक

## जिलाध्यक्ष चयन के लिए कार्यकर्ताओं की राय ली



मंडी जिला प्रभारी राजेश ठाकुर ने सुंदरनगर में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मंडी जिला के प्रभारी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के जिला मंडी ऑब्जर्वर राजीव किमटा ने मंगलवार को सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया।

इस बैठक का आयोजन लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह सुंदरनगर में किया गया। बैठक में प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित करते हुए जिला अध्यक्ष नियुक्ति को लेकर उनके सुझाव और राय विस्तार से सुने। जिलाध्यक्ष बनाने के लिए प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और सभी से एक-एक कर उनकी पसंद एवं प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी ली। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी में चल रहे आरोप-प्रत्यारोप, संगठनात्मक मतभेद तथा स्थानीय मुद्दों से संबंधित स्थिति से भी प्रभारी को अवगत करवाया। प्रभारी ने कार्यकर्ताओं द्वारा उठाए गए बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि सभी सुझावों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा व संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। राजेश ठाकुर ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत वे मंडी जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से बैठकें करेंगे और वहां के कार्यकर्ताओं से भी जिला अध्यक्ष चयन को लेकर गहन विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि योग्य, समर्पित तथा सर्वसम्मति से स्वीकार्य नेता को ही जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

## केंद्र ने आपदा में उत्तराखंड की तरह हिमाचल की नहीं की मदद : राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**नए साल के पहले सप्ताह में मंडी को मिलेगा नया अध्यक्ष**

झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं मंडी जिला के पर्यवेक्षक राजेश ठाकुर ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नए जोश और उत्साह का संचार देखने को मिल रहा है।

मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए राजेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहलु गांधी की सोच है कि लोगों के दुख-दर्द से जुड़ें, संगठन सृजन अभियान के तहत सभी तरह के लोग आ रहे हैं और अपनी बात रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रति लोगों का रोष सामने आ रहा है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने आपदा के समय हिमाचल की उतनी मदद नहीं की, जितनी उत्तराखंड की मदद की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष की ताजपोशी देरी से होने की वजह से संगठन का काम ठप पड़ गया था, मगर अब विनय ने प्रदेशाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। शीघ्र ही जिलाध्यक्षों की तैनाती हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मंडी जिला से अध्यक्ष पद के लिए एक दर्जन दावेदारों के फार्म आने की संभावना है। वे एक दर्जन दावेदारों से मुलाकात कर संगठन को लेकर उनका व्यूपाइंट जानेंगे। उनमें से छह का चयन कर हाईकमान के समक्ष रखेंगे। उम्मीद है कि नए साल के पहले सप्ताह तक मंडी जिला कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की पसंद और संगठन को समर्पित व्यक्ति को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी जाएगी। झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम पर पूछे गए सवाल पर राजेश ने कहा कि भाजपा अफवाह फैलाने में मास्टर है। जो लोग गणेश जी को दूध पिला सकते हैं, वो लोग कुछ भी कर सकते हैं। जबकि हकीकत ये है कि झारखंड में भाजपा का संगठन कमजोर है और भाजपा को झारखंड में अध्यक्ष नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन छह महीने जेल में रहने के बाद भी नहीं झुके। हिमाचल की कांग्रेस सरकार बहुत अच्छा कर रही है, लेकिन सब लोग इससे सहमत नहीं है। लोगों का मानना है कि केंद्र सरकार हिमाचल की मदद नहीं कर रही है।

## प्रो. पुनीत गुप्ता को हड़प्पा लिपि के डिकोडिंग पर मिला राष्ट्रीय सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जैन प्राच्यविद्या शोध संस्थान इंदौर द्वारा मंडी हिमाचल के शोधकर्ता प्रोफेसर (डॉ.) पुनीत गुप्ता को 5 हजार वर्ष पुरानी हड़प्पा लिपि के अभूतपूर्व डिकोडिंग कार्य के लिए नई दिल्ली में आयोजित पंच कल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव में जैन मुनि श्री 108 प्रज्ञासागर के कर-कमलों से सम्मानित किया गया। अपने दीर्घ अनुसंधान के दौरान प्रो. (डॉ.) गुप्ता ने हड़प्पा सभ्यता के सभी 4000 उपलब्ध अभिलेखों को क्रमबद्ध रूप से पढ़ने योग्य बनाते हुए, 700 से अधिक प्रतीकों की ध्वन्यात्मक संरचना का संपूर्ण मानचित्रण तैयार किया है।

यह पहली बार है जब हड़प्पा के समस्त चिन्हों की ध्वनि-मूल्य सहित व्यवस्थित व्याख्या प्रस्तुत की गई है। उनके प्रस्ताव में हड़प्पा लिपि का एक मानकीकृत डिजिटल यूनिकोड फॉन्ट विकसित कर उसे आधुनिक लेखन-प्रणाली में समाहित करने का कार्य भी शामिल है। एक प्रैक्टिशनर ऑन्कोलॉजिस्ट, एआईएमएस फरीदाबाद में कैंसर विभाग के चेयरमैन व एमवीएन यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. पुनीत गुप्ता ने हड़प्पा भाषा के अक्षरों की पहचान को बाय-कैमरल अबुगिडा प्रणाली (बाअफ) के रूप में परिभाषित किया है। उनके अनुसार, हड़प्पा के समरूप प्रतीक मानव के जबड़े और जीभ की जैविक गति के अनुरूप ढले हुए हैं। इस अभिनव दृष्टिकोण—जो चिकित्सा विज्ञान के ध्वनिविज्ञान पर आधारित है—ने पहली बार छोटे व बड़े दोनों प्रकार के हड़प्पन अबुगिडा का स्पष्ट संकेत दिया है। डॉ. गुप्ता का कहना है कि यह प्रणाली भारतीय उपमहाद्वीप की विभिन्न लिपियों के लिए एकीकृत बहुभाषी कीबोर्ड निर्माण का आधार प्रदान कर सकती है। इससे ब्राह्मी, अशोक-ब्राह्मी, कुषाण-ब्राह्मी, प्राकृत, पाली, गुप्ता-ब्राह्मी, संस्कृत, तमिल-ब्राह्मी, श्रीलंका-ब्राह्मी, हिंदी, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ सहित अतीत व वर्तमान की लगभग सभी भारतीय लिपियों को एक ही कीबोर्ड पर लिखना संभव हो सकेगा।

## कांगड़ा-जोगिंद्रनगर ट्रेन सेवा 5 से होगी बहाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल मार्ग के कांगड़ा से जोगिंद्रनगर सेक्शन पर 5 दिसंबर से ट्रेन सेवाएं पुनः शुरू होने जा रही हैं। लंबे समय से इस रूट पर रेल सेवाएँ बाधित थीं, जिसके कारण स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों और नियमित यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब बहाली की घोषणा से क्षेत्र में उत्साह है। रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन सेवा शुरू करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हाल ही में इस रूट पर इंजन का सफल ट्रायल किया गया, जिसके बाद निर्धारित तारीख से नियमित संचालन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। प्रारंभिक चरण में दो रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और मांग के आधार पर आगे सेवाओं में वृद्धि पर भी विचार किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेल सेवा बहाली से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा से जुड़े यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

## जोगिंद्रनगर रोटरी क्लब शहर की यातायात व्यवस्था सुधार अभियान में पुलिस-प्रशासन का देगा सहयोग



जोगिंद्रनगर के लक्ष्मी बाजार स्थित रोटरी कार्यालय में बीओडी बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जोगिंद्रनगर रोटरी क्लब अब पुलिस और प्रशासन की मुहिम में सक्रिय सहयोग करेगा। पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के आह्वान पर रोटरी क्लब ने यह पहल शुरू कर दी है।

क्लब की ओर से पुलिस के नए ट्रैफिक प्लान को धरातल पर उतारने के लिए विशेष बजट का प्रावधान भी किया जाएगा। लक्ष्मी बाजार स्थित रोटरी कार्यालय में बीओडी बैठक के बाद वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर और अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने बताया कि एंटी-ड्रग्स अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका रोटरी क्लब अब सामाजिक सरोकारों को और गति देने की दिशा में कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस व प्रशासन के जनहित कार्यों में सहयोग का निर्णय शहर में सुव्यवस्थित यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा। बैठक में सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान ने आगामी रक्तदान शिविर को दिसंबर माह में आयोजित करने की जानकारी दी।

उन्होंने बीते माह क्लब के स्वीकृत प्रोजेक्टों पर हुए कार्यों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। बैठक में रोटरी के लघु उद्योगों से जुड़े आय-व्यय पर भी चर्चा हुई।बैठक में रोटेरियन मेजर ज्ञान चंद बरवाल, रामलाल वालिया, सुशील कुमार पठानिया और संजय शर्मा ने प्रस्तुत मुख्य प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

## आशा कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** खंड चिकित्सा अधिकारी रत्ती डॉ. पीयूष वैद्या ने बताया कि स्वास्थ्य खंड रत्ती के अंतर्गत ग्राम पंचायत धार के वार्ड 2-3, चन्देह, मान्थला वार्ड 4, मसवाड़ी, मांडल, टिकरी वार्ड 4, गैहरा, भयारटा वार्ड 1-2 तथा नगर परिषद नेरचौक के नेर-2 वार्ड 4 में आशा कार्यकर्ता के पद रिक्त हैं जिनके लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है। इच्छुक महिलाएं 12 दिसंबर शाम 5 बजे तक अपना आवेदन खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय रत्ती में जमा करवा सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए शैक्षिक योग्यता आठवीं पास तथा शहरी क्षेत्रों के लिए दसवीं पास निर्धारित की गई है। आयु सीमा 25 से 45 वर्ष रखी गई है। आवेदन प्लेन पेपर पर पूर्ण पता, फोन नंबर सहित दो फोटो, हिमाचली प्रमाण पत्र, वार्ड प्रमाण पत्र, बीपीएल, शिक्षा संबंधी दस्तावेज व आवश्यक परिस्थिति अनुसार विधवा, तलाकशुदा, एकल नारी एवं जाति प्रमाण पत्र संलग्न करने होंगे।

## जोगिंद्रनगर एनपी किंग इलेवन ने जीती डीपीपी क्रिकेट प्रीमियर लीग



डीपीपी क्रिकेट प्रीमियर लीग की विजेता टीम पदक के साथ।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

महादेव विक्ट्री पावर क्लब द्वारा आयोजित डीपीपी क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-1 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में नगर परिषद जोगिंद्रनगर किंग इलेवन ने मच्छयाल क्रिकेट इलेवन को 16 रनों से हराकर चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। किंग इलेवन ने 21,000 रुपये की पुरस्कार राशि और विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग इलेवन ने निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाए। टीम के विक्रम बख्शी ने 19 गेंदों पर 32 रनों की दमदार पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मच्छयाल इलेवन की टीम 54 रन पर सिमट गई। दूसरे और तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में मच्छयाल इलेवन ने रोपड़ी इलेवन को हराकर उपविजेता स्थान हासिल किया। उपविजेता टीम को 11,000 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि तीसरे स्थान पर रही मच्छयाल इलेवन को 5,100 रुपये और ट्रॉफी से नवाजा गया। टूर्नामेंट में डायना पार्क के मनु को शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द सीरीज़' चुना गया, जिन्हें 1,000 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की गई। फाइनल मुकाबले में अर्णव शर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में मात्र 9 रन देकर 4 विकेट चटकाए और सभी का ध्यान आकर्षित किया।

## कबड्डी खिलाड़ियों को मिले पूरा मान सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल के पुरुष व महिला कबड्डी खिलाड़ियों को पूरा मन सम्मान मिलना चाहिए। जिला मंडी कबड्डी संघ के चेयरमैन टेकचंद शर्मा ने सरकार से यह मांग की है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश की राजधानी ढाका में आयोजित हुए द्वितीय महिला वर्ग कबड्डी वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। इस जीत को और विशेष बनाता है। हिमाचल की 5 प्रतिभाशाली महिला ऋतु नेगी, पुष्पा राणा, भावना ठाकुर, साक्षी शर्मा, चंपा ठाकुर ने भारत को गोल्ड मेडल दिलाया। इन खिलाड़ियों का इस विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होना जिन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जिला मंडी से संबंध रखने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी कुमारी भावना ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, शिवांश ठाकुर, भावना 2 व अन्य खिलाड़ियों ने प्रदेश का मन सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि भावना ठाकुर को एक करोड़ की इनाम राशि के साथ उन्हें पुलिस प्रशासन में डीएसपी पद से नवाजा जाए।

## कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ प्रदेश में उबल रहा जनाक्रोश : अखिलेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भाजपा का धर्मशाला में विशाल प्रदर्शन कल**

प्रदेश में कांग्रेस सरकार का कुशासन अब जनता के धैर्य की सीमा पार कर चुका है। भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि सुख का वादा करने वाली इस सरकार ने प्रदेश को दुख, अव्यवस्था और पतन की राह पर धकेल दिया है। व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली कांग्रेस सरकार ने वास्तव में व्यवस्थाओं का पतन किया है। जनता त्रस्त है और सरकार मस्त। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि प्रदेश में जंगलराज, बदहाली और माफियाराज चरम पर पहुंच चुके हैं। कांग्रेस की तथाकथित 10 गारंटियां इनके केंद्रीय नेतृत्व की तरह पूरी तरह हवा-हवाई साबित हुई हैं। महिलाओं को 1500 रुपये देने का वादा ठंडे बस्ते में पड़ा है। युवाओं को 5 लाख नौकरी देने का दावा झूठा निकला—सरकार एक भी पक्की नौकरी देने में विफल रही है। किसानों- बागवानों के साथ विश्वासघात हुआ है। बुजुर्ग कर्मचारी वर्ग आज भी पेंशन के लिए दर-दर भटक रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हिमाचल में विकास पूरी तरह ठप है, सड़कें टूट चुकी हैं, आपदा पीड़ित



राहत की प्रतीक्षा में हैं और सरकार केवल दिखावे, फोटोशूट और बयानों की राजनीति में व्यस्त है। भ्रष्टाचार, कुशासन और लूट, यही इस सरकार की पहचान बन चुकी है। इन सभी मुद्दों को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार के विरुद्ध 4 दिसंबर को धर्मशाला के जजोरावर स्टेडियम में 'विशाल धरना प्रदर्शन' का आयोजन किया है।

जिला अध्यक्ष निहाल शर्मा ने बताया कि केवल मंडी जिला से 600 गाड़ियों में लगभग 3000 कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल होंगे, जो यह साबित करता है कि बदलाव की लहर अब विरोध की आंधी बन चुकी है।

# ऊना में मिशन मोड पर होगा एंटी-चिट्टा अभियान

## पंचायतों में नशा निवारण समितियां गठित, डीसी-एसपी खुद करेंगे प्रत्यक्ष निगरानी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश सरकार का एंटी-चिट्टा अभियान ऊना जिले में मिशन मोड में चलाया जाएगा। जनभागीदारी को केंद्र में रखते हुए इसे एक व्यापक जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा, ताकि युवाओं को चिट्टे की गिरफ्त से प्रभावी ढंग से बचाया जा सके।

यह जानकारी डीसी ऊना, जतिन लाल ने विधानसभा भवन धर्मशाला से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एन-कॉर्ड) बैठक में दी। डीसी ने ऊना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान एसपी अमित यादव भी डीसी कार्यालय के एनआईसी कक्ष में उनके साथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बैठक में नशा उन्मूलन अभियान को समुदाय-आधारित जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नशे के खात्मे के लिए प्रशासनिक सख्ती के साथ सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री के नशा-मुक्त हिमाचल के



नशा मुक्ति अभियान से जुड़ी बैठक में शामिल डीसी, एसपी और अन्य।

संकल्प को साकार करने के लिए ऊना जिले की सभी 245 पंचायतों में नशा निवारण समितियां गठित की गई हैं। बता दें, डीसी और एसपी स्वयं संवेदनशील पंचायतों का दौरा करेंगे, जमीनी स्थिति की निगरानी करेंगे और अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए प्रत्यक्ष फीडबैक लेंगे। उन्होंने बताया कि एन-कॉर्ड के तहत जिला स्तरीय समन्वय बैठक प्रतिमाह आयोजित की जा रही है और नशे पर कड़ी निगरानी रखने के लिए बहु-स्तरीय तंत्र विकसित किया गया है। पंचायत स्तर पर गठित समितियां नशे की स्थिति का आकलन, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन और पुलिस-प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाएंगी। समितियों में स्थानीय सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य को अध्यक्ष तथा क्षेत्र के पुलिस हेड कांस्टेबल को सदस्य सचिव बनाया गया है। इसके अलावा पंचायत सचिव, महिला मंडल, युवक मंडल प्रतिनिधि, आशा वर्कर, सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक और ग्राम रोजगार सहायक भी इसमें शामिल होंगे। पंचायत प्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य समिति में एक्स-ऑफिशियो सदस्य होंगे। उपायुक्त ने बताया कि समिति अपने पंचायत क्षेत्र में नशे की स्थिति का मूल्यांकन और नियमित समीक्षा करेगी। यह नशा बेचने वालों, उपभोक्ताओं और संदेहास्पद गतिविधियों की पहचान, निगरानी और संबंधित एजेंसियों को सूचना देने की जिम्मेदारी निभाएगी। समिति स्कूलों, समुदायों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों तथा प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने में सहयोग करेगी। इसके अलावा, प्रभावित परिवारों की पहचान कर उनकी सहायता के लिए योजना तैयार करने और नशा उन्मूलन के लिए सामुदायिक हस्तक्षेप व एक्शन प्लान सुझाने में भी समिति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एसडीएम अपने उपमंडलों में गठित समितियों की गतिविधियों की हर महीने समीक्षा करेंगे, ताकि कार्य की प्रभावशीलता सुनिश्चित हो। वहीं, एसपी अमित यादव ने कहा कि ऊना जिले में चिट्टे से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। उन्होंने बताया कि कानून के सख्त प्रवर्तन के साथ-साथ जनभागीदारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे नशा उन्मूलन अभियान और अधिक मजबूत हो सके।

## कैडेट्स ने प्रदूषण नियंत्रण पर निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** डीडीएम इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल प्रबंधन प्रमुख चंचला देवी और प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने प्रमुख भूमिका निभाई। कैडेट्स ने प्रदूषण नियंत्रण पर जागरूकता रैली निकाली और पोस्टर, स्लोगन व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त वातावरण का संदेश प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कहा 'प्रकृति की रक्षा हर पीढ़ी का कर्तव्य है, और छात्र इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।' स्कूल प्रबंधन प्रमुख चंचला देवी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास है जिसे सभी को मिलकर निभाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पेड़ लगाने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# ऊना की यातायात व्यवस्था सुधारने की कवायद पर प्रशासन को मिल रहा व्यापक जन-समर्थन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

डीसी ऊना जतिन लाल की ओर से शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं आम नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान को ऊना शहर के नागरिकों तथा विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है।

जिलाधीश के निर्देशानुसार प्रशासन ने हाल ही में शहर की सड़कों के किनारे लगी अवैध रेहड़ी-फेड़ी हटाने, दुकानदारों द्वारा अनियमित रूप से घेरकर उपयोग की जा रही सड़क को खाली करवाने तथा सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की है। इस पहल का उद्देश्य शहर में यातायात को सुचारू बनाना, जाम की समस्या को कम करना तथा पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना है। जिलाधीश की इस कार्रवाई को शहर के नागरिकों, व्यापारी वर्ग के जिम्मेदार प्रतिनिधियों और सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों ने इस कदम का जोरदार स्वागत करते हुए इसे शहर की व्यवस्था सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है। उन्होंने ने प्रशासन को आश्वस्त किया है कि वे इस अभियान में पूर्ण सहयोग देंगे तथा जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे।

लोगों ने कहा कि सड़कों से अवैध कब्जा हटने के बाद यातायात पहले की तुलना में काफी सहज हो गया है। जहां पहले घंटों जाम लगता था, अब वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से हो रही है। पैदल चलने वालों ने राहत जताते हुए कहा कि फुटपाथ और सड़क के किनारे साफ होने से अब सुरक्षित तरीके से चलना आसान हुआ है। पहले उन्हें वाहनों के बीच से निकलना पड़ता था, जिससे दुदुर्घटना का खतरा बना रहता था। कई दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने माना कि अवैध रेहड़ी-फेरी हटने से बाजार अधिक व्यवस्थित व साफ-सुथरा दिखाई देने लगा है, जिससे खरीदारी का माहौल बेहतर हुआ है। लोगों ने सराहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध अतिक्रमण हटने से अब सड़कें और फुटपाथ अपने मूल उपयोग के लिए उपलब्ध हो सके हैं, जिससे शहर की सुंदरता भी बढ़ी है।

### लोग बोले... हर दिन जाम से मिली निजात

**गांव** अरनियाला के वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान राजेश सैनी और इंडियन एक्ससर्विस लीग ऊना के अध्यक्ष कैप्टन शक्ति चंद ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है। इनका कहना है कि अवैध कब्जों व अव्यवस्थित पार्किंग के कारण शहर की मुख्य सड़कों पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती थी, जिससे आम जनता, स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने प्रशासन के इस कदम के कारण प्रभावित किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का प्रावधान करने का सुझाव दिया है। इसके अलावा आम नागरिकों ने भी प्रशासन के इस कदम की सराहना की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन का यह कदम लंबे समय से आवश्यक था और इससे शहर में अनुशासन, स्वच्छता व व्यवस्था कायम रहेगी। कई लोगों ने इस प्रकार की नियमित कार्रवाई जारी रखने की भी मांग की।

# ऊना गोलीकांड में वांछित आरोपियों की तलाश में कई राज्यों में दबिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

आशु पुरी गोलीकांड मामले में वांछित आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है, लेकिन अभी तक छह आरोपी फरार चल रहे हैं। पुरजिंद्र और परविंद्र पर तेजधार हथियारों से हमले में शामिल यह आरोपी पुलिस की लगातार छापेमारी के बावजूद गिरफ्त से बाहर हैं।

सूत्रों के अनुसार, संभावना है कि सभी आरोपी देश से बाहर निकल चुके हैं और पड़ोसी देश नेपाल में छिपे हो सकते हैं। पुलिस टीमों ने हिमाचल सहित अन्य राज्यों के कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उधर, हमले में गंभीर घायल पुरजिंद्र और परविंद्र अभी भी पीजीआई में उपचाराधीन हैं। हाल ही में उनके परिवारजनों ने पुलिस अधीक्षक ऊना से मुलाकात कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी। पुरजिंद्र की पत्नी मंदीप कौर ने बताया कि उसके पति और भाई पर बेरहमी से तेजधार हथियारों से हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि हत्या का केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस आशु पुरी के साथियों को पकड़ने में नाकाम रही है। आशु पुरी की हत्या के मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज है। इनमें गुरजीत मान गिरफ्तार है, जबकि पुरजिंद्र और परविंद्र अस्पताल में हैं। साथ ही आशु पुरी के छह साथियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने कहा कि सभी फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद है। सदर भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने इस मामले की जांच किसी निष्पक्ष केंद्रीय एजेंसी से कराने की मांग करते हुए कहा कि दोषी चाहे कोई भी हो, कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## श्याम लाल एनआईएस कोच हुए चयनित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** दो दिसंबर से पांच दिसंबर तक राजस्थान के उदयपुर स्थित फतेह सागर झील में देश की शीर्ष 15 क्वालीफाई यूनिवर्सिटियों के 300 खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। श्याम लाल चौधरी पिछले 12 वर्षों से कायकिंग व कैनोइंग सहित वाटर स्पोर्ट्स को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रयासों से प्रदेश के कई खिलाड़ियों को रोजगार भी प्राप्त हुआ है। श्याम लाल चौधरी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा के विद्यार्थी तैराकी, ड्रैगन बोट, ट्रेडिशनल चैंपियनशिप तथा कायकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी क्रम में जिला ऊना के तलमेहड़ा की तैराक मानसी राणा को तैराकी तथा ड्रैगन बोट एंड ट्रेडिशनल चैंपियनशिप (केरल) तक पहुंचाने में कोच श्याम लाल चौधरी का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा है।

# हिमाचल को 'फ्यूचर-रेडी स्टार्टअप हब' बनाने की दिशा में नई पहलें हो सकती हैं शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

सिया ब्रांड के सीएमडी एवं दीवा ऐप के संस्थापक अंकुश वर्जाता ने दिल्ली स्थित निवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर से महत्वपूर्ण मुलाकात की। यह बैठक हिमाचल प्रदेश में उभरते स्टार्टअप माहौल को गति देने और युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि अनुराग ठाकुर ने स्वयं वर्जाता को आमंत्रित कर चर्चा का समय निर्धारित किया था, जिससे इस मुलाकात की गंभीरता और महत्व स्पष्ट होता है।

बैठक के दौरान स्टार्टअप इकोसिस्टम, ब्रांड निर्माण, मार्केटिंग मॉडल, रोजगार सृजन, नीतिगत सुधारों और हिमाचल में नवाचार को बढ़ावा देने जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। अनुराग ठाकुर ने शार्क टैंक इंडिया से लेकर दीवा ऐप और सिया ब्रांड तक वर्जाता की उद्यमशील



यात्रा की सराहना की। वर्जाता ने बताया कि बातचीत का मुख्य केंद्र हिमाचल को 'फ्यूचर-रेडी स्टार्टअप हब' के रूप में विकसित करना रहा। सिया ब्रांड से संबंधित संभावित कैंपेन और सुधारों पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिन्हें कंपनी जल्द लागू करेगी। मुलाकात में बिजनेस जगत की हस्तियां अनुज नेवतिया और विवेक कृष्णा भी मौजूद रहे। वर्जाता ने मजाकिया अंदाज में बताया कि रोचक बातचीत के कारण अनुराग ठाकुर संसद सत्र का पहला हाफ भी मिस कर बैठे। मुलाकात के बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल औपचारिक भेंट नहीं, बल्कि हिमाचल के स्टार्टअप इंजन को नई गति देने की दिशा में एक ठोस पहल है।

# आरव मोदगिल का हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



आरव मोदगिल अपने स्वजनों के साथ गृह क्षेत्र में।

अपने साहस कड़ी मेहनत और समर्पण से सफलता की नई इवारत लिखते हुए चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की धौमेश्वर महादेव शिव भोलेनाथ की नगरी तलमेहडा की खरयालता पंचायत के गांव रौणखर के स्थानीय युवक आरव मोदगिल लेफ्टिनेंट बनकर अपने गृह क्षेत्र पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया।

पूरे क्षेत्र में जशन जैसा माहौल देखने को मिला। जैसे ही लेफ्टिनेंट आरव मोदगिल का वाहन खरयालता पंचायत के तलमेहडा बाजार के शनि देव मंदिर में पहुंचा बैंड बाजो की की धुन सुनाई देने लगी। परिजनों ने फूल मालाओं और आतिशबाजियों के साथ उनका अभिनंदन किया। वहीं स्थानीय उप प्रधान अशोक कुमार मोनू एवं पंचायत सदस्यों द्वारा लेफ्टिनेंट आरव को टोपी एवं शाल देकर सम्मानित किया। आसपास के सैकड़ो लोग उन्हें देखने और बधाई देने के लिए उमड पड़े। परिवार के सदस्यों ने गर्व से कहा कि आरव मोदगिल ने न केवल परिवार का बल्कि पूरे इलाके का नाम रोशन किया है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं पुरे क्षेत्र के देव तुल्य जनता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। लेफ्टिनेंट आरव मोदगिल ने सभी के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि देश की सेवा करना उनका सपना था, जो अब पूरा हुआ है। उन्होंने युवाओं को मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढाने की प्रेरणा भी दी। लेफ्टिनेंट आरव मोदगिल के घर लौटने का यह ऐतिहासिक पल न सिर्फ परिवार के लिए, बल्कि पूरे समुदाय के लिए गर्व और उत्साह से भर देने वाला रहा। उन्होंने कहा कि यह पल उनके लिए गर्व और सम्मान का है। मोदगिल ने कहा कि अब ने बचपन से ही सेवा में जाने का सपना देखा था आज उसका सपना पूरा होते देख गर्व से सिर ऊंचा हो गया है। स्थानीय लोगों ने आरव का क्षेत्र का गौरव बताते हुए कहा कि उनकी सफलता इलाके के हर युवा के लिए प्रेरणा बनेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### फर्जी ट्रेवल एजेंटों पर धोखाधड़ी का आरोप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती एक गांव में चल रहे फर्जी ट्रेवल एजेंटों पर कई लोगों ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। धर्मपुर मंडी के ट्रींबला निवासी रामपाल सहित 6 अन्य व्यक्तियों ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्हें रेखा ठाकुर, प्रेम सिंह त्यागी और मोनु जिनका पता हमीरपुर रोड बरनोह (नजदीक डॉक्टर राजेंद्र सूद) है। उन्होंने उनसे केनिया भेजने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से 2-2 लाख रुपए लिए थे। आरोपियों ने उन्हें गलत विजा और टिकट देकर दिल्ली भेज दिया तथा बताया कि दिनांक 15 सितंबर को इनकी दिल्ली से फ्लाइट है, लेकिन गलत दस्तावेज होने के कारण उन्हें एयरपोर्ट के अंदर नहीं जाने दिया गया। इस पर यह सभी वापस अपने-2 घर पहुंच गए, अब आरोपी उनका फोन नहीं उठा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### अनुराग ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में लगाई हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा ने मंगलवार को माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस अवसर पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी एवं युवा कांग्रेस नेता रोहन कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना कराई। अनुराग शर्मा हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सेवादल के राज्य अध्यक्ष हैं और उन्होंने विभिन्न राज्यों में चुनावी जिम्मेदारियां भी निभाई है। उनकी नियुक्ति पर उन्होंने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद लिया।

### अराजपत्रित कर्मचारी प्रधान ने दिया त्यागपत्र

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ऊना के प्रधान रजनीश शर्मा ने अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत महासंघ के अन्य प्रतिनिधियों के समक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा सिंह को अपना त्यागपत्र सौंपा। इस दौरान अपने वक्तव्य में रजनीश शर्मा ने कहा कि प्रधान के रूप में उनका कार्यकाल संगठनात्मक मजबूती, कर्मचारी हितों की रक्षा तथा विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित रहा। अपने अढ़ाई वर्ष के कार्यकाल में तीन जेसीसी की बैठकें आयोजित करने में सफल रहे, जिनके सकारात्मक परिणाम आए। उन्होंने कहा कि यह अवधि उनके लिए एक सम्मान और जिम्मेदारी दोनों थी, जिसका टीम के सहयोग से प्रभावी रूप से निर्वहन किया। उन्होंने कर्मचारी महासंघों के उन सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, कर्मचारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके कार्यकाल में निरंतर समर्थन और विश्वास प्रदान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की तरक्की सामूहिक प्रयासों से ही संभव होती है और वे भविष्य में भी संगठन के हितों के लिए हर संभव सहयोग देते रहेंगे। महासंघ वरिष्ठ उपप्रधान तारा सिंह ने रजनीश शर्मा के नेतृत्व-कौशल और सेवाओं की सराहना की तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आगे की औपचारिकताएं और नए प्रधान के चयन की प्रक्रिया संगठन के नियमों के अनुसार पूर्ण की जाएगी।

### प्रबंधन की नीतियों के विरोध में आंदोलन का ऐलान

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ और हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स संगठन (भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाइयां) की संयुक्त केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने स्टाफ की जायज मांगों पर प्रबंधन द्वारा अपनाए जा रहे नकारात्मक रवैये की कड़ी आलोचना की। ऑफिसर्स संगठन के महासचिव विशाल शर्मा ने बताया कि आईआईएम/एमआरएम बैठकों में सहमति मिलने के बावजूद प्रदर्शन आधारित भत्ता, रोका गया अस्थायी कार्य भत्ता, लिपिकों के लिए मोबाइल बिल सुविधा व कर में 50 प्रतिशत वहन जैसी मांगें अब तक लागू नहीं की गईं। कर्मचारी संघ के महासचिव बृजेश कुमार ने समूह-सी कर्मचारियों को जबरन सेवा नियुक्ति, महिला व दिव्यांग कर्मचारियों के मनमाने स्थानांतरण जैसी दमनकारी नीतियों का विरोध जताया। संगठन के अध्यक्ष योगेश रिठवान ने कहा कि प्रबंधन अनावश्यक दबाव बनाकर कार्य वातावरण को खराब कर रहा है। कार्यसमिति ने आंदोलन की रूपरेखा तय करते हुए 1 दिसंबर 2025 से 'वर्क-टू-रूल' शुरू करने, 3 दिसंबर को मुख्य कार्यालय मंडी में मौन धरना, 27 जनवरी 2026 को एकदिवसीय हड़ताल और 16 फरवरी 2026 को पीएनबी मुख्यालय नई दिल्ली में प्रदर्शन का निर्णय लिया। कर्मचारी संघ अध्यक्ष अंकित कुमार ने सभी सदस्यों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

# अंब थाना क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस का नाका, 65 के किए चालान

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



थाना अंब के तहत मंगलवार को एएसआई यशपाल के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस अंब की टीम ने बड़ूही पेट्रोल पंप के सामने चौक पर विशेष नाका अभियान चलाया।

अभियान के दौरान बिना कागज, बिना हेलमेट, तथा बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने भैरा, दियाड़ा और बड़ूही पंप के आसपास से गुजरने वाले वाहनों की सख्ती से जांच की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए चालकों के कुल 65 चालान काटे किए गए। इनमें से कुछ वाहन मालिकों ने मौके पर ही जुर्माना जमा करवाकर मामले का निपटारा किया, जबकि कई चालान आगे की कार्रवाई हेतु कोर्ट भेज दिए गए। एएसआई यशपाल की टीम ने नाका लगाए जाने के दौरान न केवल नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की, बल्कि बाइक चालकों को हेलमेट पहनने का महत्व, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने से होने वाली गंभीर हानि और दुर्घटनाओं के जोखिम के बारे में भी विस्तार से जागरूक किया। टीम ने लोगों से अपील की कि वे अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात नियमों का पालन करें। ट्रैफिक पुलिस के इस अभियान से स्थानीय लोगों में जागरूकता बढ़ी है और क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

# भाजपा की प्रस्तावित रैली को लेकर तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य भाजपा द्वारा प्रदेश सरकार की नाकामियों को मुद्दा बनाकर धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में चार दिसंबर को आयोजित की जा रही प्रस्तावित विशाल रैली को लेकर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं।

कुटलैहड़ क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने बताया कि कुटलैहड़ से लगभग छह सौ कार्यकर्ता इस रैली में शामिल होकर सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करेंगे। कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय बंगाणा में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के कार्यकर्ता वीरवार सुबह 10 बजे धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में प्रवेश करेंगे। उनका दावा है कि प्रदेश की जनता सुक्खू सरकार की नीतियों और फैसलों से निराश है और यही कारण है कि रैली को लेकर जमीनी स्तर पर उत्साह देखा जा रहा है। भुट्टो ने कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर जो प्रयोग किए



भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक।

गए, वे जनता के लिए परेशानी का कारण बने। उनका कहना है कि 'व्यवस्था परिवर्तन' जनता के लिए फायदे का सौदा नहीं, बल्कि एक 'गले की फांस' बन गया है, जिसे अब प्रदेश की जनता झेलने को मजबूर है। भुट्टो ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि न तो नए विकास कार्य शुरू किए गए और न ही पुराने प्रोजेक्ट्स पर संतोषजनक प्रगति हो पाई। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा और कई वर्गों को पेंशन तक से वंचित होना पड़ रहा है। आपदा प्रबंधन के मोर्चे पर भी सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए भाजपा नेता भुट्टो ने कहा कि भारी बारिश, भूस्खलन व अन्य प्राकृतिक आपदाओं में बेघर हुए परिवारों को अब तक पर्याप्त राहत नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि राज्य की आम जनता की मुश्किलें बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार के स्तर पर संवेदनशीलता और कार्रवाई दोनों ही नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर सड़क व आधारभूत ढांचों की स्थिति पर गंभीर कई सड़कें टूटी पड़ी हैं, जगह-जगह रास्ते बंद हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। उनका दावा है कि सड़कों की मरम्मत की गति बेहद धीमी है व सरकार की प्राथमिकताओं में ये मुद्दे शामिल नहीं दिखाई देते।

## स्टूडेंट्स ने दिया जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** हिमाचल प्रदेश सरकार के नशे के विरुद्ध युद्ध अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला में मंगलवार को जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और नशा-मुक्त हिमाचल का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने तख्तियां और पोस्टर उठाकर 'नशा छोड़ो, भविष्य जोड़ो', 'नशे से दूरी-स्वास्थ्य में मजबूती' जैसे नारे लगाते हुए लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनिल बक्शी, स्वास्थ्य एवं जागरूकता प्रभारी सोमनाथ सहित कई अध्यापक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे अभियान युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रभारी सोमनाथ ने तंबाकू-मुक्त हिमाचल की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के साथ परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। रैली को स्थानीय लोगों ने भी सराहा।

**आयोजन** कुटलैहड़ में भाजपा के दोनों मंडलों की संयुक्त बैठक में गरजे सह प्रभारी विशाल चौहान

# कुटलैहड़ से भाजपा को जिताने का लें संकल्प

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जिला ऊना भाजपा के सह प्रभारी विशाल चौहान ने कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडलों कुटलैहड़ एवं डेरा बाबा रूद्रानंद की संयुक्त बैठक बंगाणा भाजपा मुख्यालय होटल कर्ण राज में हुई। यह बैठक संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर पर विस्तार व आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति को लेकर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

बैठक में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में दोनों मंडलों के सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों के मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सह प्रभारी विशाल चौहान ने सभी उपस्थित सदस्यों के साथ विस्तृत संवाद किया और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर स्पष्ट मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि यह समय बूथ स्तर पर मजबूती लाने का है और हर कार्यकर्ता को अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाना होगा। विशाल चौहान ने विशेष रूप



भाजपा के दोनों मंडलों कुटलैहड़ व डेरा बाबा रूद्रानंद की संयुक्त बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

से युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की सक्रियता पर जोर देते हुए कहा कि युवा मोर्चा एक बूथ, दस यूथ,महिला मोर्चा एक बूथ, बीस महिला सदस्य का लक्ष्य हर हाल में पूरा होना चाहिए। बूथ की मजबूती ही चुनावी सफलता का आधार है और कार्यकर्ताओं को इसे मिशन की तरह अपनाना होगा। बैठक को संबोधित करते हुए सह प्रभारी चौहान ने वर्तमान सरकार की तीन वर्षों की कार्यशैली को पूरी तरह असफल बताया। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों की निकम्मी सरकार की विफलताओं को घर-घर पहुंचाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों, कुप्रशासन और विकास कार्यों में देरी जैसे मुद्दों पर जनजागरण करें, ताकि जनता को वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा सके।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने सह प्रभारी विशाल चौहान का सम्मान किया और कुटलैहड़ में बैठक लेने के लिए उनका स्वागत किया। दविंदर भुट्टो ने कहा कि संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है व कार्यकर्ताओं की मजबूती ही चुनावी जीत सुनिश्चित करती है। उन्होंने दोनों मंडलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारी अभी से शुरू करने का आह्वान किया। विशाल चौहान के साथ कुटलैहड़ के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा नेता भुट्टो को भारी बहुमत से जीताकर विधानसभा भेजने का संकल्प भी दोहराया। बैठक में यह स्पष्ट संदेश गया कि कुटलैहड़ में भाजपा एकजुट है और आने वाली चुनावी लड़ाई को मजबूती और रणनीति के साथ लड़ेगी। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ के लोगों ने सदैव भाजपा को समर्थन दिया है और भविष्य में भी विकास की राह को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा ही जनता की पहली पसंद बनी रहेगी। उन्होंने सह प्रभारी विशाल चौहान द्वारा दिए गए संगठनात्मक निर्देशों को कार्यकर्ताओं तक पहुंचाने और उन्हें लागू करने का भरोसा दिलाया।

# लाठियानी पंचायत के संजय ठाकुर बने राजपूत कल्याण बोर्ड के सदस्य

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ की पंचायत लठियानी के गांव त्यासर के संजय ठाकुर को प्रदेश राजपूत कल्याण बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति की खबर जैसे ही क्षेत्र में पहुंची, समर्थकों व स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।



संजय लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और स्थानीय स्तर पर उनकी एक साफ-सुथरी और जनसेवाभावी छवि रही है। यही कारण है कि उनकी नियुक्ति को लोग समाज के हित में एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं। नियुक्ति की सूचना मिलने के बाद कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, आबकारी एवं कराधान विभागीय सदस्य दिनेश खत्री तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुदेश शर्मा ने संजय ठाकुर को हार्दिक बधाई दी। नेताओं का कहना है कि संजय ठाकुर एक समर्पित समाजसेवी हैं, जिन्होंने हमेशा जरूरतमंदों की मदद व समाज के उत्थान के लिए काम किया है। उनका अनुभव व जनता से जुड़ाव निश्चित रूप से राजपूत समुदाय के मुद्दों को मजबूती से आगे रखने में सहायक होगा। विधायक ने कहा कि संजय ठाकुर की नियुक्ति न केवल त्यासर गांव, बल्कि पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि ठाकुर अपने नए दायित्वों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा कि संजय ठाकुर की कार्यशैली हमेशा पारदर्शी व जनहित में रही है और यही गुण उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए उपयुक्त बनाते हैं। दिनेश खत्री व सुदेश शर्मा ने भी अपनी प्रतिक्रियाओं में कहा कि बोर्ड में संजय ठाकुर की मौजूदगी से राजपूत समाज की समस्याओं व आवश्यकताओं को सरकार तक बेहतर ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका ने कहा कि यह नियुक्ति युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और इससे सामाजिक कार्यों में सक्रियता को बढ़ावा मिलेगा।

# सर्दियों में छोटे बच्चों व बुजुर्गों का रखें विशेष ख्याल : डॉ. कल्याण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सर्दियां शुरू हो गई हैं और ऐसे में मरीजों खासकर अस्थमा व हृदय रोगियों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

यह बात क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में तैनात मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. कल्याण सिंह ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सर्दियों में जीरो से 5 साल के बच्चों और बुजुर्गों को अधिक दिक्कतें होती हैं। ऐसे में इनका खास ख्याल रखना पड़ता है। इस मौके पर उन्होंने सर्दियों में बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि ठंड का मौसम विशेष रूप से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीपी, शुगर, अस्थमा जैसी बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए अधिक संवेदनशील होता है, इसलिए अतिरिक्त सावधानी बरतना जरूरी है। डॉ. सिंह ने कहा कि ठंड में अचानक उठकर मॉर्निंग वॉक पर जाने से बचें। पहले घर में हल्का वार्मअप करें, शरीर को तापमान के अनुकूल बनाएं और उसके बाद ही बाहर निकलें। उन्होंने चेताया कि इस मौसम में लापरवाही कई बार गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को ठंड से बचाने के लिए, पर्याप्त गरम कपड़े, मोजे, टोपी और स्वेटर पहनाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही बीपी और शुगर की नियमित जांच करवानी चाहिए, ताकि मौसम के बदलाव का शरीर पर होने वाला असर समय रहते नियंत्रित किया जा सके।

डॉ. कल्याण सिंह ने बताया कि सर्दियों में शुगर, हाई बीपी, स्ट्रोक, पैरालाइसिस और अस्थमा अटैक जैसी स्थितियां तेजी से बढ़ती हैं और कई बार यह मरीजों के लिए जानलेवा भी साबित हो सकती हैं इसलिए इन बीमारियों से पीड़ित लोग चिकित्सकीय सलाह का पालन करें और किसी भी लक्षण के उभरते ही तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। अंत में उन्होंने लोगों से अपील की कि सर्द मौसम में सतर्कता ही सुरक्षा है। खुद भी सुरक्षित रहें और अपने परिवार के नाजुक सदस्यों का भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सर्दियों में सांस के मरीजों को सावधानियां बरतने की जरूरत है साथ ही बुजुर्गों में हार्ट अटैक व अधरंग का खतरा भी अधिक बढ़ जाता है।



प्रेस वार्ता के दौरान डॉक्टर कल्याण सिंह जानकारी देते हुए।

### कुल्लू जिले में अस्थमा के 1133 मरीज

इस अवसर पर कुल्लू जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश ने बताया कि सर्दियों में अस्थमा के मरीजों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए अस्थमा के मरीजों का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सर्दियों में एक कमरे में 2 से ज्यादा लोगों के बैठने पर क्रॉस वेंटिलेशन रखें टीबी के बीमारी फैलने का खतरा है। उन्होंने बताया कि सर्दियों में अधिकतर रास्ते बंद होने के कारण अस्थमा के मरीजों के टेस्ट नहीं हो पाते, जिससे भी खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि जिला में मरीजों की संख्या 1133 के करीब है। पिछले साल जिला को 22 पंचायतें टीबी मुक्त हुई थी और आगे भी यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि जिला में जागरूकता अभियान लगातार जारी है।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए चेताली चयनित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। उत्तर क्षेत्रीय महिला अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की महिला वॉलीबाल टीम में राजकीय महाविद्यालय बंजार की छात्रा चेताली का चयन हुआ है।

यह प्रतियोगिता 13 से 17 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित इंटग्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता डॉ. प्रवेश शर्मा ने बताया कि चेताली इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय महाविद्यालय मंडी में आयोजित हो रहे प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए मंगलवार को रवाना हो गई है। यह पहला मौका है जब राजकीय महाविद्यालय बंजार की किसी महिला खिलाड़ी का चयन प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल टीम में हुआ है। बंजार के कलवारी गांव में वर्ष 2007 में कृषक हरि सिंह एवम कमला देवी के घर पैदा हुई 5 फुट 8 इंच लम्बी चेताली को वॉलीबॉल का शुरुआती प्रशिक्षण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कलवारी के डीपीई पदम ठाकुर ने सिखाया है।

## योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का करें कार्य : जयवंती ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सितंबर 2025 तिमाही की कुल्लू जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई।

यह बैठक जयवंती ठाकुर सहायक आयुक्त एवं विशाल भारद्वाज मुख्य प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, अखाड़ा बाजार कुल्लू की सह अध्यक्षता में जिला बचत भवन कुल्लू के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक आयुक्त ने सभी से आग्रह किया कि वह समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस के लिए जागरूकता अभियान बढ़ाने का प्रयास करें तथा वित्तीय साक्षरता कैंप समय समय पर विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग या बैंक की यदि कोई बड़ी बैठक होती है तो वे अपने बैंक कि योजनाएं तथा इसका लाभ लेने किन प्रक्रिया के बारे में ग्रामीण क्षेत्र में जा कर लोगों को इस की जानकारी दें। उन्होंने कहा की महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं के उद्यमिता विकास के बारे में जनता तक जानकारी पहुंचाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने बैंकों से आग्रह किया कि गुणवत्ता के आधार पर अधिक से अधिक ऋण प्रदान करें व वित्तीय वर्ष के सभी लक्ष्य प्राप्त करने का अनुरोध किया तथा साथ ही उन्होंने सभी बैंकों को ऋण जमा अनुपात में उत्तरोतर वृद्धि करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बैंकों के अनजांक अस्तियों पर चिंता व्यक्त किया तथा वसूली में प्रशासन द्वारा सहयोग करने का आशावासन दिया विशाल भारद्वाज मुख्य - पंजाब नेशनल बैंक, ने स्वागत करते हुए सभा को संबोधित किया तथा सभी बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारियों की आपसी सामंजस्य के साथ काम करने के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि जिले की 30-09-2025 को बैंको में कुल जमाराशि 11145.00 करोड़ रुपए एवं कुल ऋण 5022.77 करोड़ है। जिले की ऋण जमा अनुपात 45.07 फीसद है। अग्रणी जिला प्रबंधक, राजेंद्र कुमार ने वर्तमान वित्तीय 2025-26 के दूसरी तिमाही 30-09-2025 के प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में पहले तिमाही 1 अप्रैल 2025 से 30.09.2025 तक जिले में कुल, 1731.85 करोड़ के ऋण वितरित किए गए हैं जो वार्षिक लक्ष्य 3803.00 करोड़ रुपये का 45.54 फीसद है। जिस में कृषि क्षेत्र में 660.91 करोड़, उद्योग एवं व्यवसाय क्षेत्र में 556.45 करोड़ आवास ऋण 24.32 करोड़, शिक्षा ऋण 1.79 करोड़, अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 5.20 करोड तथा गैर प्राथमिकता क्षेत्र में 483.37 करोड़ के ऋण वितरित किए गए।

### अटल पेंशन योजना के 33354 खाताधारक पंजीकृत

जिले में बैंकों द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना में अब तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत कुल 72127, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के अंतर्गत 187596 और अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 33354 खाता धारकों को पंजीकृत किया गया। बैठक में आरबीआई शिमला एलडीओ आशीष कुमार, सरकारी विभागों के प्रमुख, सभी बैंकों के डीसीओ संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### अनक्लेम्ड जमा राशि के लिए शिविर आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आरंभ किए गए देशव्यापी अभियान आप का पैसा, आपका अधिकार के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक द्वारा पतलाचन तथा सोलंग में, कांगड़ा सेंट्रल को-आपरेटिव बैंक द्वारा बंजार में तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा भुंतर में गत दिनों अनक्लेम्ड जमा राशि से संबंधित विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर में अनक्लेम्ड जमा राशि को सरल प्रक्रिया से प्राप्त करने के बारे लोगों को जानकारी दी गई। जिला अग्रणी प्रबंधक कुल्लू ने बताया इस तरह के अभियान जिले के सभी बैंकों द्वारा 31.12.2025 तक पूरे जिले में चलाया जा रहे हैं। इसका उद्देश्य लोगों को उन के निष्क्रिय खातों में पड़ी अनक्लेम्ड राशि को प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने का किया आग्रह

अनंत ज्ञान, मनाली। सिविल अस्पताल मनाली में महिला विशेषज्ञ न होने से महिलाएं भारी दिक्कतों का सामना कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि गत अप्रैल महीने से मनाली में महिला विशेषज्ञ का पद खाली चल रहा है। महिलाओं का कहना है कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को भी सुदृढ़ करने की जरूरत है। मनाली की महिला रेनू राणा, सुमन, दीपा, रोशनी व महेश्वरी का कहना है कि महिला विशेषज्ञ न होने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मनाली एक पर्यटन स्थल है और यहां हर रोज हजारों पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल मनाली में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की अति आवश्यकता है। उनका कहना है कि हालांकि सरकार ने अधिकतर विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की है बावजूद इसके लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल रहा है। उनका कहना है डॉक्टरों की संख्या अधिक होने के बावजूद भी अस्पताल में तीन से चार डॉक्टर ही ओपीडी में मिलते हैं। इन महिलाओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सुक्खू सहित विधायक भुवनेश्वर गौड़ से आग्रह किया कि महिला विशेषज्ञ की जल्द तैनाती की जाए और सिविल अस्पताल मनाली में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि अस्पताल की व्यवस्थाओं की ओर भी ध्यान दिया जाए। बीएमओ नग्गर डा. कर्ण ने बताया कि सिविल अस्पताल मनाली में महिला विशेषज्ञ डॉक्टर के आर्डर हुए हैं। उम्मीद है कि जल्द ही डाक्टर मनाली में अपनी सेवाएं देंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। लोगों को बेहतरीन सुविधाएं देने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एनकार्ड की बैठक की अध्यक्षता की। डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक मदन लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला राजस्व अधिकारी डॉ. गणेश भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश सरकार हंस राज की जमानत करे रद्द : ममता



समिति एसीडीडीसी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन देते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति पूरे प्रदेश में चुराह के विधायक हंस राज के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न व पोक्सो एक्ट के तहत मामले की निष्पक्ष जांच करने के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया।

जिला कुल्लू जनवादी महिला समिति ने जिला अध्यक्ष ममता नेगी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ममता नेगी ने कहा कि विधायक हंस राज के खिलाफ यौन उत्पीड़न व पोक्सो एक्ट के तहत गंभीर मामले दर्ज हुए हैं, जिस तरह से युवती के यौन शोषण के आरोप में विधायक हंस राज का नाम सामने आया है। इन गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच होनी जरूरी है। युवती को न्याय मिलना चाहिए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए इसमें जो दूसरे लोग शामिल हैं। उसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति मांग करती है कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती है, तब तक विधायक की विधानसभा सदस्यता को समाप्त कर दिया जाए। विधायक प्रभावशाली हैं, जमानत मिलने के बाद खुले में घूम रहे हैं वे इस जांच को प्रभावित कर सकते हैं। विधायक की जमानत रद्द होनी चाहिए। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति मांग करती है युवती और उसके परिवार की सुरक्षा दी जाए। सरकार इस मामले की गंभीरता से जांच करे, ताकि दोषी को सजा मिल सके व पीड़ित को न्याय मिल सके। सरकार इस मामले में अन्य जो भी लोग शामिल है, इसकी भी जांच करे। सरकार विधायक की जमानत रद्द करे और जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती, विधायक को विधानसभा सदस्यता समाप्त करे। निष्पक्ष जांच के लिए सरकार उच्चाधिकारी की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन करे। निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी को सजा मिल सके और दोबारा प्रदेश में इस तरह की घटना न हो। अगर सरकार इस मामले में गंभीरता नही दिखाती तो महिला समिति आंदोलन करेगी।

## चालकों को इलेक्ट्रिक ऑटो के लिए बाध्य न करे सरकार



जिला कुल्लू ऑटो यूनियन का प्रतिनिधिमंडल डीसी को ज्ञापन देते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा टैक्सी चालकों को पेट्रोल, डीजल वाहन लेने की अनुमति दी जा रही है, लेकिन ऑटो चालकों को इलेक्ट्रिक ऑटो लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो बिलकुल भी सही नहीं है, ऐसे में प्रदेश सरकार अपने फैसले पर फिर विचार करें, ताकि ऑटो चालकों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

इसी मुद्दे को लेकर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में जिला कुल्लू ऑटो यूनियन का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिला और डीसी के माध्यम से प्रदेश सरकार को भी ज्ञापन भेजा गया। जिला कुल्लू ऑटो यूनियन के महासचिव संजय कपूर ने बात करते हुए बताया कि जो भी चालक ऑटो को डिस्मेंटल कर नए ऑटो लेने की परमिशन के लिए आवेदन कर रहे हैं, तो उन्हें सरकार के द्वारा इलेक्ट्रिक ऑटो खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जबकि पहाड़ी इलाके इलेक्ट्रिक ऑटो के लिए बिलकुल भी सही नहीं हैं, ऐसे में सरकार ऑटो चालकों की समस्याओं को देखते हुए जल्द से जल्द इस फैसले को रद्द करें।

## 11 व 12 दिसंबर को मापतोल विभाग का कैंप

अनंत ज्ञान, आनी। मापतोल विभाग का एक कैंप 11 और 12 दिसंबर को आनी के विश्राम गृह परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसमें रामपुर से मापतोल विभाग के निरीक्षक पूजा मछान व उनकी टीम आएगी। निरीक्षक मापतोल विभाग रामपुर पूजा मछान ने बताया कि कैंप में मापतोल यंत्रों की जांच व उनका नवीनीकरण किया जाएगा। उन्होंने आनी कस्बे व आसपास के सभी दुकानदारों, ढाबा-होटल संचालकों, उचित मूल्य की सहकारी व अर्धसहकारी और दुध उत्पादन केंद्र को निर्देश दिए हैं कि वे अपने साथ पिछला सत्यापन प्रमाणपत्र व अपने बट्टे, तराजू, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, मीटर, लीटर आदि भी साथ लाएं। 11 दिसंबर को लुहाल, खनाग, शुश, रशांडी, सराली, चौकी, कमांद, कोहिला, बुछैर, लढागी, तराला, कुटवा, ओलवा, थनोग पुनन, अमरवाग गुगरा, चवाई, 12 दिसंबर को आनी कस्बा,नालदेरा, बराड़, रवाह, रोपड़ी, जाबन क्षेत्र के देवरी, जिखटी, निगाली केंची और आसपास के क्षेत्रों के दुकानदारों, ढाबा और होटल, रेस्टोरेंट संचालकों, सभी प्रकार को सोसायटी के बटे, तराजू बिजली के कांटे, लीटर - मीटर व अन्य सभी प्रकार के मापतोल यंत्र का निरीक्षण के बाद नवीकरण विश्राम गृह आनी में किया जाएगा।

## खो-खो खिलाड़ियों का ट्रायल 7 को

अनंत ज्ञान, भुंतर। जिला एमैच्योर खो-खो संघ कुल्लू की बैठक संघ की अध्यक्ष कमलेश गुप्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें जिला स्तर पर अंडर-14 और सीनियर वर्ग के खो-खो खिलाड़ी छात्र व छात्राओं का ट्रायल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश में 7 दिसंबर को प्रात: 10 बजे रखा गया है। इच्छुक प्रतिभागी खिलाड़ी अंडर-14 कम के लिए इंडेक्स-एज 1 जनवरी, 2012 से आगे हाइट और वेट टोटल 215 होना चाहिए। सीनियर वर्ग के लिए कोई मापदंड नहीं रहेगा। आयोजकों ने बताया कि सभी प्रतिभागी अपना-अपना जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड साथ में जरूर लगाएं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी खिलाड़ी 94183-47010, 82-787 99077 नंबर पर संपर्क करें। यह जानकारी संघ के महासचिव राकेश कुमार ने दी। बैठक में पीतांबर राणा, बुध राम, राकेश कुमार, सुंदर कुमार और नागेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

## कुल्लू पुलिस की 'से नो टू ड्रग्स' रैली में गूंजा 'चिट्टा एक जहर' का संदेश



कुल्लू में से नो टू ड्रग्स रैली के दौरान एसपी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व बच्चे।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल के निर्देश में कुल्लू पुलिस ने मंगलवार को 'से नो टू ड्रग्स' अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली में स्कूली विद्यार्थियों, पुलिस कर्मियों व स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सभी ने एक स्वर में नशे के विरुद्ध आवाज उठाई और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। रैली के दौरान 'चिट्टा एक जहर है' का सशक्त संदेश दिया गया, ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव समझ आएं और वे इस काले धंधे से दूर रहें। जागरूकता रैली के कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि लोक गायक इंद्रजीत भी इस मुहिम से जुड़े। उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीत 'चिट्टा इक जहर' के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया, जिससे कार्यक्रम में जोश व जागरूकता दोनों का संचार हुआ। कुल्लू पुलिस ने कुल्लू जिले की स्थानीय जनता से अपील की है कि सभी मिलकर देवभूमि हिमाचल को नशामुक्त बनाने में सहयोग दें। इस जागरूकता रैली में कुल्लू जिले के विभिन्न स्कूलों के स्टूडेंट्स ने भी पूरे जोश के साथ न केवल भाग लिया, साथ ही नशे से दूर रहने का भी संकल्प लिया।

## बैंकों की सहभागिता से वित्तीय विकास को नई दिशा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जिला स्तरीय परामर्श समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति की 58वीं बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय, केलांग के सम्मेलन कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी किरण भड़ाना ने की तथा लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुनील कौंडल बैठक के संयोजक रहे। बैठक में 17.09.2025 को हुई 57वीं बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई और उसकी समीक्षा की गई।

जिले के बैंकिंग क्षेत्र की विभिन्न प्रगति जैसे राष्ट्रीय वित्तीय मानक, जमा एवं अग्रिम, क्रेडिट-डिपाजिट अनुपात, गैर निष्पादित आस्तियां, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की स्थिति, स्वयं सहायता समूहों की ऋण-संबंधी गतिविधियां व वित्तीय समावेशन की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा व अटल पेंशन योजना के क्रियान्वयन के अलावा बैंक शाखाओं द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविरों एवं बैंक मित्रों/सीएसपी के माध्यम से वित्तीय जागरूकता फैलाने की योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सभी बैंक व संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि वे अपने लक्ष्यों को जल्द से पूरा करें व वित्तीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। यह बैठक जिले में वित्तीय समावेशन व आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच रही। इसमें सभी संबंधित बैंक अधिकारी, सरकारी विभाग प्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। उपायुक्त ने बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के लिए निम्नलिखित प्रोत्साहन बिंदु दिए हैं, जिन्हें त्वरित कार्यान्वयन के लिए निर्देशित किया गया है। बैंकों के सीडी अनुपात को बढ़ाना, लाहौल व स्पीति जिले में डीईएफ के अंतर्गत 4.91 करोड़ की अनक्लेम्ड राशि का निपटान करना। जिले में री-केवाईसी लंबित खातों का कम करना।

जिले के किसानों में (किसान क्रेडिट कार्ड) की पहुंच को बढ़ाना। जिले में महिला स्वयं सहायता समूहों की क्रेडिट लिंकिंग को बढ़ाना। बैठक में खंड विकास अधिकारी डॉक्टर विवेक गुलेरिया, प्रबंधक उद्योग विभाग, उपनिदेशक उद्यान मीनाक्षी शर्मा, कृषि अधिकारी मुंशी राम ठाकुर, उपनिदेशक पशुपालन सुदर्शन तथा सभी बैंकों के प्रतिनिधियों जिनमें केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, ग्रामीण बैंक शामिल थे।



बैठक के दौरान डीसी लाहौल-स्पीति अधिकारियों के साथ।

## रौनक कुल्लू-मनाली में हनीमून कपल्स की बढ़ेगी आमद, पर्यटन सीजन के चमकने के आसार

# दिसंबर के पहले सप्ताह के बाद थमेगा शादियों का दौर

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। देशभर में नवंबर और दिसंबर शादी-विवाह के लिहाज से हर साल सबसे व्यस्त महीनों में गिने जाते हैं, लेकिन इस बार पंचांग के अनुसार दिसंबर के पहले सप्ताह के बाद तकरीबन दो महीने तक विवाह के कोई शुभ मुहूर्त नहीं हैं।

12 दिसंबर के बाद शादियों का राग थम जाएगा और अब अगली बार शहनाई फरवरी में ही बजेगी। इस बीच देश के अलग-अलग राज्यों में शादी उद्योग से जुड़े व्यापारी हल्की सुस्ती महसूस करेंगे। वहीं, पर्यटन उद्योग खासकर हिमाचल प्रदेश का कुल्लू-मनाली एक बार फिर चमकने को तैयार है। एलायंस मैरिज हॉल, कैटरिंग सर्विस, ज्वेलरी और गारमेंट कारोबार पर पड़ेगा, जहां दिसंबर के शुरुआती दिनों तक जोरदार रौनक बनी रहती है। लेकिन जैसे ही मुहूर्त थमते हैं, नवविवाहित जोड़े और कपल्स हनीमून डेस्टिनेशन की ओर रूख करने लगते हैं। यही वजह है कि इस अवधि में कुल्लू-मनाली की ओर पर्यटकों की आमद लगातार बढ़ती है। दिसंबर के दूसरे पखवाड़े तक मनाली और उसके आसपास के क्षेत्रों में मौसम बेहद खुशनुमा हो जाता है। पहाड़ों की चोटियाँ बर्फ से सज जाती हैं और अक्सर क्रिसमस से पहले ही पहली बर्फबारी शुरू हो जाती है। यह रोमांचक मौसम हनीमून कपल्स के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं होता।

अनंत ज्ञान स्पेशल

### तैयारियों में जुटा स्थानीय प्रशासन

भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। पुलिस विभाग और जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था, पार्किंग मैनेजमेंट और सुरक्षा गश्त को लेकर विशेष प्लान तैयार किया है। बीआरओ ने भी बर्फबारी के दौरान सड़कों को सुचारू रखने के लिए मशीनरी तैनात करने की बात कही है। वहीं पर्यटकों को मौसम और सड़क स्थितियों को लेकर जारी होने वाली एडवाइजरी का पालन करने की अपील की जाएगी।



फाइल फोटो।

### 2 साल से कहीं बेहतर सीजन रहने की उम्मीद

पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि इस बार सीजन पिछले दो सालों से कहीं बेहतर रहने की उम्मीद है। कारण-समय पर बर्फबारी, छुट्टियों का सीजन और ठहरने-खाने के बेहतर विकल्प हैं। होटल और रिसॉर्ट ऑपरेटरों के अनुसार दिसंबर के तीसरे सप्ताह के लिए एडवांस बुकिंग में 20 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। कई होटलों में 24 दिसंबर से नए साल तक के लिए 80 फीसदी तक कमरे पहले ही बुक हो चुके हैं। खास बात यह है कि इस बार कपल्स केवल मनाली ही नहीं, अटल टनल के पार स्थित लाहौल घाटी में भी ठहरने की प्लानिंग कर रहे हैं, जहां शीतकालीन पर्यटन पिछले कुछ सालों से तेजी से बढ़ा है।

### एडवेंचर देश-विदेश के कपल्स की पहली पसंद

पर्यटन स्थलों की बात करें तो सोलंग वैली, रोहतांग पास (अनुमति के साथ), अटल टनल, हमता पास, नग्गर कैसल, मनु मंदिर और वशिष्ठ हॉट वॉटर स्प्रिंग्स इन दिनों सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहते हैं। बर्फबारी होते ही स्कीइंग, स्नो स्कूटर, जॉर्बिंग, स्नो-ट्रेकिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियां बढ़ जाती हैं। यही एडवेंचर मनाली को देश-विदेश के कपल्स की पहली पसंद बनाता है।

### नवविवाहित जोड़ों की दस्तक से एक बार फिर जीवंत हो उठेंगी वादियां

दिसंबर के दूसरे सप्ताह से फरवरी तक शादियों के मुहूर्त भले ही बंद रहें, लेकिन नवविवाहित जोड़ों की दस्तक से कुल्लू-मनाली की वादियां एक बार फिर जीवन्त हो उठेंगी। क्रिसमस-न्यू ईयर के जश्न और बर्फ से ढके पहाड़ों की खूबसूरती पर्यटन कारोबार में नई जान फूंकने वाली है। इस बार सीजन पर्यटन उद्यमियों के लिए बेहद फायदे का साबित होने की उम्मीद है।

## हरियाणा व यूपी में प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे हरिपुर कॉलेज के पांच खिलाड़ी

अनंत ज्ञान, मनाली। सेंट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा के महेंद्रगढ़ में आयोजित होने वाली उत्तर क्षेत्रीय पुरुष वर्ग अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता में जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर के तीन खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे।

यह प्रतियोगिता नौ से 12 दिसंबर तक आयोजित होगी। तीनों खिलाड़ी अनीश, मोहित और अमन सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की पुरुष टीम में शामिल हुए हैं। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख प्रो. ज्योति बाला ने बताया कि तीनों छात्र इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए सरदार पटेल विश्वविद्यालय द्वारा राजकीय महाविद्यालय मंडी में आयोजित हो रहे प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए आज रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि 13 से 17 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित इंटग्रल यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाली उत्तर क्षेत्रीय महिला अंतर विश्वविद्यालय। वालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की महिला टीम में जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर की दो छात्राओं डिक्की बोध और निशिका का भी चयन हुआ है। यह पहला मौका है जब जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर मनाली के खिलाड़ियों का चयन प्रदेश के किसी विश्वविद्यालय की वालीबाल टीम में हुआ है। पिछले दिनों राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली) में आयोजित हुई अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जो प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम में उनके चयन का आधार बना। महाविद्यालय कि प्राचार्या डॉ. शेफाली एवम संपूर्ण स्टाफ ने शुभकामनाएं देकर अनीश, मोहित और अमन, डिक्की बोध और निशिका को प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना किया।

## 4 को धर्मशाला में आयोजित होगी जनाक्रोश रैली : गोविंद सिंह ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में चार दिसंबर को जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी और आपदा से प्रभावित किसान बागवान तथा आमजन सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे।

ढालपुर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि इस रैली के लिए जिला कुल्लू के तीन विधानसभा क्षेत्र से 2500 लोगों ने तैयारी कर ली है और यह आंकड़ा अभी भी बढ़ रहा है। ऐसे में तीन दिसंबर को जिला कुल्लू से हजारों की संख्या में लोग धर्मशाला पहुंचेंगे और धर्मशाला में जन आक्रोश रैली में कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि साल 2023 की आपदा के बाद हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार से साढ़े 5000 करोड़ रुपए की मदद मिली है लेकिन अभी भी सरकार उसके बारे में आम जनता के बीच कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रही है। वहीं कांग्रेस सरकार जनता के बीच झूठ फैला रही है कि उन्होंने आपदा में साढ़े चार करोड़ रुपए का पैकेज जारी किया है। विधानसभा में जब

**कुल्लू के तीन विस क्षेत्रों से 2500 लोगों ने कर ली है तैयारी**

भाजपा के विधायकों के द्वारा इस बारे जानकारी मांगी जाती है तो इसका जवाब भी कांग्रेस सरकार नहीं दे पा रही है। इसे पता चलता है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आपदा प्रभावितों के साथ कितना छल कर रही है। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री कोई भी विकास कार्य को पूरा नहीं कर पा रहे हैं और इसका ठीकरा वह बार-बार केंद्र सरकार पर फोड़ते हैं, जबकि वह एक निर्वाचित मुख्यमंत्री है और उन्हें आपदा प्रभावितों के साथ-साथ अन्य मामलों में भी जनता का साथ देना चाहिए।

आज प्रदेश की जनता भी इस बात को जान चुकी है और वह समझती है कि सरकार हर मामले में अब पिछड़ रही है। ऐसे में धर्मशाला में आयोजित जन आक्रोश रैली में आम जनता का गुस्सा सरकार पर फूटेगा और आने वाले समय में सरकार को भी इसका खामियाजा भुगतना होगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पैदल जा रहे तस्कर से 4.56 ग्राम चिट्टा जब्त

अनंत ज्ञान, पांवटा/नाहन। सिरमौर पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए पांवटा साहिब क्षेत्र में एक पैदल तस्कर से अंतरराष्ट्रीय बाजार में 25 हजार से अधिक कीमत की हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है। मंगलवार को पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम सतीवाला सड़क (पांवटा साहिब से यमुनानगर) पर गश्त पर थी। गुप्त सूत्र से सूचना मिली कि मलखान शाह पुत्र जंगीर शाह, निवासी जगतपुर (पांवटा साहिब), लाल ढांग की तरफ से पैदल बरहाल की तरफ आ रहा है और उसने अपनी जैकेट की जेब में भारी मात्रा में चिट्टा छिपा रखा है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए हुलिए वाले व्यक्ति मलखान शाह को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से गुलाबी रंग के पाउडर के रूप में 4.56 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना पांवटा साहिब में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। छानबीन के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद अदालत के नोटिस पर पाबंद किया गया है और आगामी अन्वेषण जारी है। जिला सिरमौर के पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने इस सफलता की पुष्टि करते हुए कहा कि सिरमौर पुलिस नशा माफिया के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है और जिले को नशामुक्त करने के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

### कैंट हाई स्कूल के बच्चों को एड्स बारे किया जागरूक

अनंत ज्ञान, नाहन। उच्च विद्यालय कैंट नाहन में हिम जनमंच, ज्ञान-विज्ञान समिति तथा वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की मुख्य अध्यापिका सीमा वर्मा ने की, जबकि वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सह सचिव दीपक अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हिम जनमंच के अध्यक्ष केप्स नेगी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि हम जनमंच विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में शिक्षा, जानकारी और संप्रेषण के माध्यम से एड्स जागरूकता पर कार्य करता है। उन्होंने छात्रों को इस बीमारी से बचाव, जागरूकता और सुरक्षित व्यवहार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अध्यापिका सीमा वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एड्स जैसी बीमारी के विरुद्ध बचाव ही एकमात्र प्रभावी विकल्प है और युवाओं को इस बारे में निरंतर जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में एड्स जागरूकता विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में सवेता ठाकुर प्रथम, वैशाली द्वितीय, आशिष तृतीय रहे, जबकि वरुण को सांत्वना पुरस्कार मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में हिमांशु ने प्रथम स्थान, ध्रुव ने द्वितीय, सिद्धि ने तृतीय स्थान हासिल किया और देवांश को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। नारा लेखन प्रतियोगिता में नवीन प्रथम, अनुराग द्वितीय, प्रिया तृतीय रहे तथा ब्रह्मांश को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर नरेश शर्मा और अंजना ठाकुर ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में सचिन द्वारा प्रस्तुत लोकगीत 'बुरा एड्स रा रोग रे' ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और खूब सराहना प्राप्त की।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आगाज

अनंत ज्ञान, नाहन। हिमाचल फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान में राज्य स्तरीय फुटबाल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। चार दिवसीय इस चैंपियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार देर शाम कांग्रेस नेता व उद्योगपति उपेंद्र ठाकुर द्वारा किया गया। मीडिया से बात करते हुए रूपेंद्र ठाकुर ने आयोजकों को बधाई दी और कहा कि हर्ष का विषय है कि एक बार फुटबॉल के लिए मशहूर नाहन शहर में फिर से राज्य स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इसमें पूरे प्रदेश से खिलाड़ी पहुंच रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी लगातार खेलों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है और विभिन्न प्रकार के खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट नगद राशि का भी प्रावधान किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सिरमौर जिला के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और हाल ही में जिला से ताल्लुक रखने वाली टीम इंडिया ने कबड्डी वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव दीपक शर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 12 टीमें हिस्सा ले रही है और यह प्रतियोगिता 4 दिसंबर तक चलेगी। उन्होंने कहा कि इससे प्रतियोगिता से उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन संतोष ट्रॉफी के लिए किया जाएगा।

### पोस्टर मेकिंग में विनीत कश्यप रहे प्रथम

अनंत ज्ञान, राजगढ़। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में रेड-रिब्बन क्लब एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के सौजन्य से अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें सोलन, पझौता, नौहराधार व राजगढ़ महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने किया। पोस्टर मेकिंग में सोलन कॉलेज के विनीत कश्यप प्रथम, राजगढ़ के पीयूष कुमार द्वितीय और पझौता की नेहा तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में राजगढ़ की सुहानी वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सोलन की पारुल और ढामिनी क्रमशः द्वितीय और तृतीय रहीं। नारा लेखन में राजगढ़ की नेहा मेहता प्रथम, सोलन के विनीत कश्यप द्वितीय और संचिता शर्मा तृतीय रहीं। कार्यक्रम में आईसीटीसी काउंसलर आरती वोहरा ने 'ओवरकमिंग डिसरप्शन, ट्रांसफॉर्मिंग द एड्स रिस्पांस' थीम पर जागरूकता व्याख्यान दिया। अंत में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

### अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में सोलन का दबदबा

अनंत ज्ञान, सोलन। राजकीय महाविद्यालय सोलन के विद्यार्थियों ने राजगढ़ कॉलेज में आयोजित (अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता) 'एड्स दिवस कार्यक्रम' में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया है। सोलन के छात्रों ने तीन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और कई शीर्ष पुरस्कार जीतकर लाए। महाविद्यालय के इन प्रतिभाशाली पुरस्कार विनीत कश्यप पोस्टर मेकिंग में शानदार प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्लोगन राइटिंग (नारा लेखन) में द्वितीय स्थान हासिल किया। पारुल कुमारी भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. मनीषा कोहली ने विजेताओं की कड़ी मेहनत, प्रतिभा और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों ने पूरे कॉलेज को गौरवान्वित किया है। डॉ. कोहली ने विजेताओं को भविष्य की प्रतियोगिताओं में भी उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### आपदा राहत कोष के लिए किया चेक भेंट

अनंत ज्ञान, सोलन। एक्स सर्विसमेन लीग सोलन, धर्मपुर कंडाघाट, सुबाथू, सायरी, ममलीग तथा जुब्बड़हट्टी द्वारा आज यहां आपदा राहत कोष के लिए 70 हजार रुपए का चेक भेंट किया गया। लीग ने यह चैक सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा को भेंट किया। मनमोहन शर्मा ने आपदा पीड़ितों के लिए आपदा राहत कोष में योगदान देने के लिए एक्स सर्विसमेन लीग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि एक्स सर्विसमेन लीग के यह प्रयास अन्य को भी इस दिशा में प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सायरी ममलीग जुब्बड़हट्टी लीग के अध्यक्ष सूबेदार मेजर नरेश कुमार कौंडल, कंडाघाट लीग के अध्यक्ष वेटरन देव प्रकाश, सुबाथू लीग के अध्यक्ष सूबेदार मेजर दीपक तमांग, धर्मपुर लीग के अध्यक्ष सूबेदार मेजर रामपाल, सोलन सब यूनिट के अध्यक्ष दिला राम पंडियार, पूर्व सैनिक लीग सोलन एवं शिमला के मीडिया प्रभारी वेटरन सूबेदार मेजर नरेश कौंडल उपस्थित थे।

### टेनिस प्रतियोगिता में होंगे हिमाचल के 3 रेफरी

अनंत ज्ञान, सोलन। झारखंड के रांची स्थित खेलगांव स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 25 से 27 दिसंबर तक होने वाली 27वीं सीनियर पुरुष एंड मिनी नेशनल टेनिस वॉलीबाल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के तीन रेफरी होंगे। हिमाचल प्रदेश टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. गोबिंद सिंह चैंडक ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि हिमाचल प्रदेश से इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रविंद्र कुमार, ज्ञान सिंह और बहादुर सिंह का रेफरी के रूप में चयन किया गया है। उन्होंने बताया इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की पुरुष व महिला टीमें भी भाग लेंगी। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन के राज्य मीडिया प्रभारी यशपाल सिंह कपूर ने दी।

### निबंध में कविता, पोस्टर मेकिंग में राहुल प्रथम

अनंत ज्ञान, राजगढ़। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय डिग्री कॉलेज पझौता के विद्यार्थियों द्वारा शलेच में जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें विद्यार्थियों ने हाथ में बैनर उठाकर और नारे लगाकर लोगों को एड्स एचआईवी बीमारी से बचाव बारे जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त एड्स पर निबंध लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने एड्स जागरूकता और इसके बचाव पर अपने विचार प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए। निबंध प्रतियोगिता में कविता ने प्रथम, प्रियांशु ने द्वितीय और सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग में राहुल ने प्रथम व नेहा ने द्वितीय और गुंजन तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर एड्स एचआईवी पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को तथ्यात्मक जानकारी प्रदान की तथा सामान्य भ्रांतियों को दूर करने में सहायता की।तदोपरांत डॉ. प्रकाश शर्मा ने एचआईवी एड्स के हानिकारक प्रभावों, संक्रमण के तरीकों एवं रोकथाम के उपायों पर अत्यंत महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 सौरभ ठाकुर के निर्देशन में किया गया। कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की तथा ऐसे जागरूकता अभियानों की निरंतरता पर बल दिया।

# सोलन में नहीं पर्याप्त पार्किंग, सड़कों पर पार्क हो रहे वाहन

## पार्किंग की कमी से बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था, 10 किलोमीटर के दायरे में करीब 10 हजार वाहन सड़कों में हो रहे पार्क

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। शहर में पुलिस अपने स्तर पर ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने में प्रयासरत है, लेकिन समस्या हल होने के बजाए बढ़ती ही जा रही है। सोलन सिटी में पिछले दो दशकों के दौरान वाहनों की संख्या में कई गुणा बढ़ोतरी हुई, लेकिन प्रशासन व नगर निगम की लापरवाही से पार्किंग स्थल विकसित ही नहीं हो पाए। शहर की मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग से कई स्थान दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील बन चुके हैं। बावजूद इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर से रोज 20 हजार वाहनों की आवाजाही होती है। इस बीच शहर के 10 किलो मीटर के दायरे में करीब 10 हजार वाहन सड़कों में पार्क हो रहे हैं पर इतने वाहनों को पार्किंग के कोई इंतजाम नहीं है। बावजूद इसके शहर में पार्किंग निर्माण को गति नहीं मिल रही है। वहीं, रेलवे रोड में भी पार्किंग का निर्माण पूरा नहीं हुआ है।



सोलन में बढ़ी ट्रैफिक समस्या।

### पार्किंग के वसूले जा रहे हैं मनमाने दाम

शहर की कुछ जगहों में पर उपलब्ध पार्किंग सुविधा की एवज में वाहन चालकों से मनमाने दाम वसूल किए जा रहे हैं। ठेकेदारों की इस अवैध वसूली पर नगर नई आज तक अंकुश नहीं लगा पाई। वहीं, पार्किंग की अवैध वसूली को लेकर प्रशासन भी चुप है। ठेकेदारों की मनमर्जी के चलते वाहन चालक पार्किंग के बजाए सड़कों के किनारे ही पार्किंग करना बेहतर समझते हैं। शहर के चौक बाजार, टैंक रोड, राजगढ़ रोड, ओल्ड डीसी ऑफिस के नजदीक राजस्थान भवन, सिटी प्लाजा, सपरुन और पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के नजदीक की पार्किंग में वाहन चालकों से पार्किंग फीस के रूप में मनमाने दाम वसूल किए जा रहे हैं।

### मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग

पार्किंग की सुविधा न होने से शहर की मुख्य सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग की जा रही है। माल रोड, राजगढ़ रोड, चंबाघाट रोड और बाइपास रोड में रोड साइड पार्किंग के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। इसी तरह माल रोड के दोनों तरफ दो पहिया वाहनों की पार्किंग से भी राहगीरों व वाहन चालकों को दिक्कतें पेश आ रही हैं। प्रशासन ने माल रोड व राजगढ़ रोड को नो पार्किंग जोन घोषित किया है, लेकिन पार्किंग की समस्या के चलते मुख्य सड़कों पर अवैध पार्किंग की जा रही है।



"शहर में पार्किंग की समस्या को हल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पुराना बस स्टैंड में सेना से जमीन लेकर यहां पर मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण किया जाना है। वार्ड क्षेत्रों में पार्किंग स्थल विकसित किए जाएंगी। शहर के रेलवे रोड में पार्किंग का निर्माण अंतिम चरण में है। निगम कार्यालय के सामने खाली पड़ी जमीन की जगह अब बगल की पार्किंग में मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम, सोलन।

### पार्किंग निर्माण में हो रही देरी : सन्नी



सुनील सन्नी का कहना है कि शहर में नगर निगम व अग्निशमन विभाग के कार्यालय के पास पार्किंग के निर्माण की योजना है पर इसके निर्माण में देरी हो रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करीब डेढ़ वर्ष पहले यहां पार्किंग का शिलान्यास कर चुके हैं, लेकिन कागजी कार्रवाई में देरी होने से कार्य लटक गया है।

### शहर में हर समय जाम की स्थिति: लक्की



स्थानीय निवासी लक्की सिंह का कहना है कि अवैध पार्किंग से शहर में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे एंबुलेंस व फायरब्रिगेड को भी शहर से बाहर निकलने में लंबा समय लग रहा है। इतना ही नहीं सड़कों के किनारे कई ऐसे वाहन भी अवैध रूप से पार्क किए, जो खराब खटारा हालत में पड़े हैं।

## स्टूडेंट्स को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में प्रातःकालीन सभा के दौरान एक सूक्ष्म लेकिन प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी अनीता कौंडल के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। बताया गया कि सड़क पर हमेशा बाईं ओर चलना चाहिए, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा कार चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए। साथ ही यह भी कहा गया कि नशे की अवस्था में वाहन चलाना न केवल स्वयं के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी गंभीर खतरा है। उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने कहा कि यदि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें, तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## जगत सिंह नेगी अपने शब्दों का चयन सोच-समझकर करें : आर्य

अनंत ज्ञान, सोलन

कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर दिए गए विवादित बयान ने प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। इस बयान पर कसौली के युवा भाजपा नेता और प्रसिद्ध समाजसेवी ओम आर्य ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए इसे 'अत्यंत आपत्तिजनक और असत्यापित' बताया है। ओम आर्य ने कहा कि मंत्री के इस गैर-जिम्मेदाराना वक्तव्य से लाखों स्वयंसेवकों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा जगत सिंह नेगी द्वारा आरएसएस पर की गई टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है। एक स्वयंसेवक होने के नाते मैं गहरा रोष व्यक्त करता हूं। मंत्री महोदय तुरंत सार्वजनिक मंच से माफी मांगें, अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वह संगठन है, जिसने व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक हर स्तर पर अद्वितीय योगदान दिया है। समाज सेवा, संस्कार, ग्रामीण विकास, आपदा राहत और राष्ट्रहित से जुड़े सभी क्षेत्रों में आरएसएस की भूमिका लगातार सक्रिय और प्रभावी रही है।



ओम आर्य ने कहा कि आरएसएस ने कभी कांग्रेस या उसके किसी मंत्री पर टिप्पणी नहीं की, लेकिन कांग्रेस के मंत्री बार-बार संघ पर अनर्गल आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने मंत्री को चेतावनी देते हुए कहा कि 'जगत सिंह नेगी अपने शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। यदि वे संवैधानिक पद पर हैं, तो उन्हें उसी मर्यादा और गरिमा के अनुरूप आचरण करना चाहिए। वे अपने बयान पर तुरंत क्षमा मांगें, अन्यथा जनता के विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहें।

## रोटरी क्लब दो दिव्यांगों को देगा व्हीलचेयर

अनंत ज्ञान, नाहन। पक्का तालाब स्थित आस्था स्कूल में आयोजित होने वाले दिव्यांगता दिवस कार्यक्रम 3 दिसंबर के दौरान रोटरी क्लब नाहन द्वारा एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल की जाएगी। इस अवसर पर रोटरी क्लब नाहन दो दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर प्रदान करेगा, जिससे उनकी गतिशीलता और दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ सके। रोटरी क्लब नाहन के अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया कि पहले लाभार्थी देवांश हैं, जिनकी आयु लगभग 8 वर्ष है और वे 90 फीसदी दिव्यांगता से पीड़ित हैं। इतनी कम उम्र में भी वे अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में रोटरी क्लब द्वारा दी जा रही व्हीलचेयर उनके जीवन में एक बड़ा सहारा बनेगी। दूसरे लाभार्थी जावेद इकबाल, जिनकी आयु लगभग 51 वर्ष है और जो 70 फीसदी दिव्यांगता से ग्रस्त हैं, उन्हें भी व्हीलचेयर प्रदान की जाएगी। उनकी उम्र तथा शारीरिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह सहायता उनके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

## 21 को पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की खुराक

अनंत ज्ञान, सोलन

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने पल्स पोलियो, जिला एड्स रोकथाम व नियंत्रण समिति तथा क्षय रोग नियंत्रण के संबंध में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला सोलन में पल्स पोलियो अभियान 21 दिसंबर को आरंभ किया जाएगा। इसके तहत शून्य से 5 वर्ष आयुवर्ग के 87,450 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला सोलन में 431 बूथ स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 28 मोबाइल टीमें भी कार्यरत रहेंगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान पोलियो की दवा से छूटे हुए बच्चों को 22 व 23 दिसम्बर, 2025 को स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर पल्स पोलियो की खुराक पिलाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस-2025 का विषय 'ओवरकमिंग डिसरप्शन, ट्रांसफॉर्मिंग द एड्स रिस्पॉन्स' रखा गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इस विषय पर आगामी एक माह तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित बनाएं। मनमोहन शर्मा ने क्षय रोग की रोकथाम के लिए संबंधित अधिकारियों को लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार में क्षय रोग की जांच के लिए शिविरों का आयोजन करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों को डाइट किट देना तथा उनकी निगरानी करना भी सुनिश्चित बनाएं। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सभी ग्राम पंचायत भवनों के परिसर में तंबाकू मुक्त साइन बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार, डॉ. गगनदीप हंस, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी सहित गैर सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## तंबाकू मुक्त अभियान पर 'फ्लाइंग स्क्वायड' की ताबड़तोड़ दबिश

# 10 चालान कटे, सरेआम धुआं उड़ाने वाले भी धरे

अनंत ज्ञान, नाहन

शहर में इन दिनों चल रहे तंबाकू मुक्त अभियान को मजबूती देते हुए फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने नाहन के बस स्टैंड, नया बाजार व कांशीवाला समेत कई प्रमुख हिस्सों में ताबड़तोड़ दबिश दी। इस सघन कार्रवाई से तंबाकू उत्पाद रखने व बेचने वाले दुकानदारों में अचानक हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य खंड धगेड़ा की बीएमओ डॉ. मोनीषा अग्रवाल के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड टीम में उनके साथ फूड सेफ्टी अफसर प्रियंका कश्यप समेत अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। टीम ने कुल 10 चालान काटे। कार्रवाई के दौरान बस स्टैंड पर एक ऐसी दुकान का भी चालान काटा गया, जो अभियान शुरू होने के बाद से लगातार बंद मिल रही थी। इस कार्रवाई में सिर्फ तंबाकू उत्पाद रखने वाले दुकानदार ही नहीं, बल्कि वे लोग भी पकड़े गए जो सार्वजनिक स्थानों पर बेफिक्री से बीड़ी-सिगरेट पीकर नियम तोड़ रहे थे। फ्लाइंग स्क्वायड ने इन नियम तोड़ने वालों को मौके पर ही पकड़ा व उनके चालान काटे।



दुकानों का निरीक्षण करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

बीएमओ डॉ. मोनीषा ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि तंबाकू उत्पाद बेचने व रखने के संबंध में कई सख्त कानूनी प्रावधान हैं, जिनका उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना व कड़ी कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों की 100 गज की परिधि में तंबाकू उत्पाद रखना या बेचना पूरी तरह से कानूनी अपराध है। इस दायरे से बाहर भी बिना वैध लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद न तो दुकानों में रखे जा सकते हैं और न ही बेचे जा सकते हैं। उन्होंने दोहराया कि सार्वजनिक स्थानों पर बीड़ी, सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन करना कानून प्रतिबंधित है और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचना एक गंभीर अपराध है। इस अभियान के दौरान टीम में शामिल फूड सेफ्टी अफसर प्रियंका कश्यप ने भी मोर्चा संभाला। उन्होंने विशेष रूप से होटलों व ढाबों की सघन जांच की। उन्होंने रसोई की व्यवस्था, खाने की गुणवत्ता व सफाई मानकों को जांचा। उन्होंने सभी होटल-ढाबा मालिकों को उच्चतम स्तर की साफ-सफाई रखने के सख्त निर्देश दिए और चेताया कि अगली जांच में कमी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जदारी में बुनाई प्रशिक्षण शुरू

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई, सोलन ने कंडाघाट के जदारी में तीन माह का निशुल्क बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। इसमें ध्याड़ी, धाली और जदारी क्षेत्र की महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को खेती के साथ अतिरिक्त आय अर्जित करना, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना, स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस कार्य को संगठित रूप से करने के लिए 18 महिलाओं का एक स्वयं सहायता समूह गठित किया गया है। यह समूह हस्त निर्मित वस्तुओं को बनाने के साथ इसका विपणन करेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को शुरू करते हुए कृषि विशेषज्ञ तन्वी धौल्टा और कृषि अधिकारी दिपांशी ठाकुर ने बताया कि यह प्रशिक्षण जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

## सरकार जनता के काम के लिए बनाई जाती है, वर्कर के काम के लिए नहीं : प्रताप रावत

अनंत ज्ञान, नाहन

भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार जनता के काम के लिए बनाई जाती है वर्कर के काम के लिए नहीं। कांग्रेस पार्टी के वर्कर को भी जनता के काम करवाने चाहिए। रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने अपने पद ग्रहण समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री एवं अन्य सभी मंत्रियों से कहा है कि वर्कर के काम होने चाहिए।



इस पर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी के नेता सिर्फ और सिर्फ अपने वर्कर के काम कर रहे हैं। प्रदेश की जनता के कोई भी काम नहीं हो रहे हैं, जबकि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं वर्कर ने प्रदेश की जनता को विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाए थे जो आज भी सपने बनकर ही रह गए हैं। रावत ने बताया कि प्रदेश में विकास के पहिए पूरी तरह से थम गए हैं जिससे प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। रावत ने बताया कि विकास करना तो दूर की बात है लेकिन जिन लोगों का प्राकृतिक आपदा के कारण भारी नुकसान हुआ था उन लोगों को प्रदेश सरकार अभी तक भी राहत राशि नहीं दे पाई है जो बहुत ही निंदनीय एवं शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता अपने वर्कर के जेब भरने में लगे हैं जिसका खामियाजा उनको पंचायतीराज चुनाव में भुगतान पड़ेगा।

## सरकार ने 3 साल में की अनुसूचित जाति वर्ग की अनदेखी : मनीष चौहान



मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

अनंत ज्ञान, नाहन

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने प्रदेश सरकार पर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की अनदेखी के आरोप लगाए हैं मोर्चा का कहना है कि पिछले 3 सालों में सीधे तौर पर अनुसूचित वर्ग की अनदेखी सरकार द्वारा की गई है और समाज के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान नाहन में बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मनीष चौहान ने कहा कि प्रदेश में अनुसूचित जाति विरोधी सरकार चल रही है जिससे अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों पर अत्याचार के मामले में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जातीय भेदभाव के मामले में लगातार सामने आ रहे है जो चिंतनीय विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार के सत्ता संभालते ही चंबा में मनोहर हत्याकांड सामने आया था इसके दोषियों को आज तक कोई सजा नहीं दी गई और उसके बाद मुख्यमंत्री के गृह जिला में दलित महिला के साथ भी उत्पीड़न का मामला सामने आया था। उन्होंने कहा कि आज दलित वर्ग में सरकार के प्रति भारी रोष है। मनीष चौहान ने यह भी कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश में 8 हजार पोलिंग बूथों में से 7 हजार पोलिंग बूथों पर अनुसूचित जाति वर्ग की आबादी है उन सभी बूथों पर मोर्चा द्वारा सुदृढ़ किए गए विशेष अभियान के तहत 5- 5 कार्यकर्ता जोड़े जाएंगे जिससे प्रदेश भर में करीब 35 हजार नए कार्यकर्ता जुड़ेंगे जो पार्टी की ढाल बनकर काम करेंगे।

## डिपो संचालक उपभोक्ताओं को मिलने वाला राशन नोटिस बोर्ड पर अंकित रखें : दिनेश

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट। कंडाघाट ब्लॉक के राशन डिपो होल्डर की बैठक निरीक्षक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि डिपो संचालक उपभोक्ताओं को मिलने वाले राशन, डिपो में उपलब्ध स्टॉक मात्रा और उनके श्रेणी अनुसार मूल्य को नोटिस बोर्ड पर अंकित रखें। इससे उपभोक्ताओं को इसके बारे में जानकारी उपलब्ध रहे। उन्होंने संतोष जताया कि उपमंडल में विभाग के दिशा निर्देशों के मुताबिक उपभोक्ताओं को निश्चित मात्रा में राशन उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने डिपुओं की पॉस मशीनों में आने वाले अवरोधों की जानकारी दी। इसके साथ उन्होंने आधार कार्ड की गोपनीयता बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने राशन डिपुओं में मिलने वाले राशन में कई पोषक तत्व शामिल किए इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को दी जाए।बैठक में प्रदेश निदेशालय की तरफ से कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट के गौरव ने बताया कि डिपुओं के माध्यम से मिलने वाले राशन में पोषक तत्वों की जानकारी दी।

# परवाणू में वेंडिंग जोन का इंतजार लंबा रेहड़ी-खोखा कारोबारियों की बढ़ी बेचैनी

अनंत ज्ञान, परवाणू

परवाणू में रेहड़ी-खोखा मार्केट को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। हिमुडा द्वारा पुरानी मार्केट हटाए जाने के बाद त्योहारों में अस्थायी तौर पर लगाए गए खोखे अब नगर परिषद के निशाने पर हैं। ताजा मामले में हिमुडा ने नगर परिषद को इन अस्थायी खोखों को हटाने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद शुक्रवार को सभी खोखा संचालकों के चालान काटे गए।



कार्यकारी अधिकारी से मिलते रेहड़ी चालक।

मंगलवार को परेशान खोखा धारक बड़ी संख्या में नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और कार्यकारी अधिकारी से मिलकर वेंडिंग जोन जल्द उपलब्ध करवाने की मांग उठाई। कारोबारियों ने कहा कि जब तक स्थायी वेंडिंग जोन नहीं बन जाता, उन्हें मौजूदा स्थान से हटाया न जाए, ताकि उनकी रोजी-रोटी प्रभावित न हो। हालांकि, नगर परिषद ने हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए खोखे खाली कराने के निर्देश दोहराए। नगर परिषद की ओर से खोखा संचालकों को सेक्टर-3 में परिषद की खाली पड़ी भूमि पर अस्थायी रूप से व्यापार स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया गया है, लेकिन खोखा धारकों का कहना है कि उस क्षेत्र में ग्राहकों की आवाजाही नहीं है, जिससे व्यापार लगभग ठप हो जाएगा। 20 सितंबर, 2017 को स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह ने परवाणू में वेंडिंग जोन का शिलान्यास किया था, लेकिन आज तक यह प्रोजेक्ट अधर में लटका है। इसी वर्ष जुलाई में स्थानीय विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने दोबारा शिलान्यास कर दावा किया था कि नगर परिषद के पास बजट की कोई कमी नहीं है और दो महीने में वेंडिंग जोन तैयार कर दिया जाएगा, लेकिन कारोबारियों का कहना है कि वेंडिंग जोन की जगह, उन्हें केवल शिलान्यास पट्टिकाएं ही देखने को मिली हैं। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देशों के चलते अतिक्रमण हटाना आवश्यक था। उन्होंने कहा कि हिमुडा से अस्थायी अनुमति मांगी गई थी, मगर विभाग ने ऐसी अनुमति देने से इंकार कर दिया। इसलिए वेंडिंग जोन तैयार होने तक खोखा धारकों को सेक्टर-3 के प्लाट में स्थानांतरित होने की सलाह दी गई है।




## न्यूज ब्रीफ

### ब्लड डोनेशन कैंप में 150 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** साहेब 2 करम एसोसिएशन की ओर से ब्लड बैंक- पीजीआई और गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी शाहपुर सेक्टर-38 के सहयोग से थैलेसेमिक पेशेंट के लिए 12वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 150 से अधिक लोगों ने थैलेसेमिक पेशेंट की जान की रक्षा के लिए रक्तदान किया। साहेब 2 करम एसोसिएशन के संचालक कुलजीत सिंह मिंटू ने बताया कि उनके छोटे बेटे करम थैलेसेमिक थे। उनके बड़े बेटे साहेब ने अपने छोटे भाई करम को बोन मैरो डोनेट किया। बाबा जी की दया मेहर से करम अब पूरी तरह से रिकवर हो चुके हैं। बाबा जी का शुक्राना करते हुए वो पिछले 11 साल से रक्तदान शिविर लगाते आ रहे हैं और यह 12वां रक्तदान शिविर है। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर साथ दिया एवं लगभग 250 से अधिक लोगों का पंजीकरण किया गया था, किंतु सिर्फ 150 लोग ही रक्तदान कर पाए। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान इसीलिए माना गया है कि, इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान से रक्तदाता का कुछ नुकसान नहीं होता, बल्कि 3 महीने में यह स्वतः ही अपनी प्रक्रिया अनुसार तैयार हो जाता है। इस अवसर पर तारा सिंह, जसपाल सिंह लकी, गुरनाम सिंह सैनी, हरजिंदर कौर, मनप्रीत कौर, बेबी गुरनाज कौर और गुनदीप कौर सहित विनीत खुखरियां भी उपस्थित थे।

उत्पादों ने राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में खींचा ध्यान

### इंटीरियर डेकोरेशन उत्पादों ने आकर्षित किया ध्यान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला और चंडीगढ़ सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कलाग्राम में चल रहे 15वें राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में करमचंद प्रजापति का टेराकोटा डेमो स्टाल एच-1 पर मेलार्थियों का विशेष आकर्षण बन गया है। प्रजापति ने बताया कि वे डेमो के लिए आए हैं, लेकिन स्टाल पर रखे उत्पाद लोगों को पसंद आ रहे हैं और खरीदारी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह काम उन्हें विरासत में मिला है। पहले मटकी और दीपक जैसे परंपरागत उत्पाद बनाते थे, बाद में गार्डन पॉट और इंटीरियर डेकोरेशन उत्पादों की मांग बढ़ी। प्रजापति ने बताया कि पहले किचन वेयर मोटे और भारी होते थे, लेकिन रसोई गैस के बढ़ते चलन से बदलाव आया। उन्होंने अब तक 189 वर्कशॉप आयोजित की हैं और देशभर के कई क्राफ्ट मेलों में स्टाल लगाया है।

# हिमाचली संध्या ने कराया पहाड़ों की कल्चर से परिचित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

कुल्लवी स्वर कोकिला पंडित खुशबू भारद्वाज कुल्लवी और इंडियन आइडल रनर-अप सीजन 2 रहे बॉलीवुड सिंगर व परफॉर्मर अनुज शर्मा ने बॉलीवुड पहाड़ी व हिंदी गानों, नाटियों से समां बांध दिया।

इन युवा सिंगर्स ने मंगलवार शाम हिमाचली संध्या में देवभूमि हिमाचल की मिट्टी और हिमाचल के पहाड़ों की खुशबू और लोक संस्कृति से कलाग्राम को सराबोर कर दिया। हिमाचल के अंतरराष्ट्रीय मेलों उत्सवों के स्टार सिंगर्स खुशबू व अनुज शर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों से तमाम संगीत प्रेमियों, खासकर युवाओं के दिलों को झंकृत कर दिया। बता दें, अनुज के गीतों के ऑडियो, वीडियो, फेसबुक इंस्टाग्राम और यूट्यूब के अतिरिक्त हिमाचल की घाटियों में धूम मचा रहे हैं, उनकी रेशमी आवाज ने बॉलीवुड नगरी मुंबई में भी पहचान बना दी है। वहीं, कुल्लवी स्वर कोकिला कही जाने वाली पंडित खुशबू भारद्वाज ने कुल्लवी गीतों व नाटियों से संगीत प्रेमियों को ऊंचे-ऊंचे हिम खंडों, पर्यटन नगरी मनाली, शिमला व धर्मशाला की



हिमाचली संध्या में कलाकार प्रस्तुति देती हुईं।

आबोहवा से परिचित करवाया। इनके साथ ही इस संध्या में हिमाचल के वरिष्ठ एंकर, संस्कृतिकर्मी कुलदीप गुलेरिया का संचालन, गोगी आर्केस्ट्रा बैंड तथा हिमाचली डांस ग्रुप आकर्षण का केंद्र रहे। संगीत प्रेमियों के दिलों को छूने व ऊर्जा प्रदान करने वाली यह हिमाचली संध्या मंगलवार शाम उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला व चंडीगढ़ सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कलाग्राम में चल रहे 15वें राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में आयोजित हुई। इस संध्या में पंडित खुशबू भारद्वाज के शिव स्तुति के साथ शिव कैलाशों के वासी, कुल्लू रीऐ पौद्धू वालिया, लाल चिड़िए हो लाल चिड़िए, महिलाओं द्वारा डाले जाने वाले गिद्दे-गराएं दे लंबरा हो, इन्हां छोरूआं जो देया समझाईं..., महासू का गीत-तेरा मेरा प्यार नहीं अड़ीये..., किन्नौर में गाए जाने वाला- हेरियो लाए शिमला की... और नाटी-रोहड़ू जाना मेरी आमिए... पेशकर हिमाचली संगीत की सरिता में श्रोताओं को खूब गोते लगवाए। युवा सिंगर अनुज शर्मा ने देवा श्रीगणेशा... के बाद इक हसीना थी.... ए दिल है मुश्किल..., लगन-लगन लागी है..., तेरी दीवानी..., हवाएं, बुलैया गानों से सामयीन की खूब दाद बटोरी। इस युवा सिंगर ने बॉलीवुड सॉ सैयारा..., हर किसी को नहीं मिलता..., मेरी उमर के नौजवानों..., सानु इक पल चैन न आवे..., दिल ले गई कुड़ी..., की बनु दुनिया दा..., इसा गराएं दिया लंबड़ा... और माए नि मेरिए शिमले दी राहे जैसे बॉलीवुड, पंजाबी और हिमाचली गानों का जादू बिखेरकर तमाम सामयीन की खूब दाद लूटी। मनीमाजरा स्थित कलाग्राम में चल रहे 15वें चंडीगढ़ राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में मंगलवार को दिन के सत्र में महाराष्ट्र के सोंगी मुखौटा व लावणी, राजस्थान के चरी, पश्चिम बंगाल के नटुआ, असम के बिहू और यूपी के बरसाना की होली लोक नृत्यों में दर्शकों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति देखने का अवसर मिला, तो उन्होंने इन नृत्यों को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खूब सराहा। वहीं, दोपहर के सत्र में पंजाब के आदिवासी समुदायों के सम्मी (शाहमुखी), छत्तीसगढ़ के पंथी, त्रिपुरा के होजगिरी, राजस्थान के चकरी और जम्मू-कश्मीर के धमाली नृत्यों ने धूम मचा दी। ये प्रस्तुतियां उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला और चंडीगढ़ कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे 15वें चंडीगढ़ क्राफ्ट मेला में सोमवार दिन और शाम के सत्र में दी गईं। इन प्रस्तुतियों में फोक डांसर्स के कॉस्ट्यूम, कॉम्बिनेशन, एक्सप्रेशन और धमक ने दर्शकों को खूब रिझाया।

# 93 वर्षीय पौसा सिंह ने रचा इतिहास 100 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन चंडीगढ़ द्वारा तथा एसएस बिल्डर्स एंड रियल एस्टेट प्रायोजित 47वीं मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर 7 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ में किया गया।

प्रतियोगिता में शहर के लगभग 500 एथलीटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें 30 से 90 वर्ष से अधिक के सभी पुरुषों व महिलाओं द्वारा बहुत शानदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि कालका की एमएलए शक्ति रानी शर्मा थीं। कार्यक्रम में एसएस बिल्डर्स एंड रियल एस्टेट द्वारा सभी प्रतिभागियों के लिए दोपहर का भोजन, जूस, फल व पेयजल की व्यवस्था कराई गई, जिससे कार्यक्रम और भी आनंददायक एवं सुविधाजनक बना। आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न के रूप में टी-शर्ट प्रदान की गई। प्रतिभागियों में सबसे वरिष्ठ 93 वर्षीय पौसा सिंह ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक जीता। 100 मीटर 80 से अधिक आयु वर्ग में तेजपाल सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। 85 वर्षीय एथलीट के के बजाज ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 70 से अधिक आयु वर्ग में बख्शीश कौर ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 3000 मीटर रन में 65 अधिक आयु वर्ग में जीएस मान ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में भरपूर कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। 75 अधिक आयु महिला आयु वर्ग में सतवंत कौर ने शॉटपुट और जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 80 अधिक आयु महिला वर्ग में विद्या वटी ने स्वर्ण पदक जीता। मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन चंडीगढ़ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का उत्साह सराहनीय रहा। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राहुल बर्धोलिया ने बताया कि मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन एथलीटों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करती है।

# गुरुपर्व पर पाकिस्तान जा रहे हिंदू तीर्थयात्रियों को भेदभावपूर्ण तरीके से एंट्री न देना निंदनीय: सतनाम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

एमपी सतनाम सिंह संधू ने राज्य सभा में पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सिख जत्थे के साथ श्री ननकाना साहिब जा रहे भारतीय श्रद्धालुओं को भेदभावपूर्ण तरीके से वाघा-अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान में एंट्री न देने का मुद्दा उठाया गया।

एमपी सतनाम सिंह संधू ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से हिंदू श्रद्धालुओं के साथ ऐसा भेदभाव किया जाना बेहद ही निंदनीय है। मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि इस मामले को पाकिस्तान सरकार के सामने उठाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो, ताकि किसी भी यात्री के साथ ऐसा दूरव्यवहार न किया जाए। यह मुद्दा एमपी सतनाम संधू ने स्पेशल मेंशन भाषण के माध्यम से राज्य सभा में उठाया। संधू ने कहा कि इस वर्ष पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर 2100 लोगों को पाकिस्तान में ननकाना साहिब के दर्शन करने के लिए अनुमति दी गई थी। इनमें से 1900 श्रद्धालु दर्शनों के लिए गए थे। इन सिख श्रद्धालुओं के जत्थे में दिल्ली, लखनऊ और नवां शहर 14 लोग ऐसे भी थे, जो सिख नहीं थे, जिनके साथ 4 नवंबर को वाघा-अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तानी इमिग्रेशन और पाकिस्तानी रेंजरों ने बदसलूकी की। संधू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के साथ तनाव के बावजूद सरकार ने ननकाना साहिब, पाकिस्तान की यात्रा सतत जारी रखी और सिखों की भावनाओं का सम्मान किया है, लेकिन इसके विपरीत, पाकिस्तान के अधिकारियों द्वारा पहली पातशाही श्री गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के दौरान जत्थे के साथ हिंदू श्रद्धालुओं को यात्रा से रोकना गलत है।

# दिल्ली में जीएमसीएल सीजन-1 का लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** दिल्ली में गली-मोहल्ला क्रिकेट लीग (जीएमसीएल) के लॉन्च को युवाओं से भारी प्रतिक्रिया मिली, जिससे सीजन 1 (2025-2026) की शानदार शुरुआत हुई। 29 और 30 नवंबर को रामजस क्रिकेट ग्राउंड में 15 प्लेऑफ-फॉर्मेट मैच आयोजित किए गए। इसमें 16 टीमें और हर टीम में 8 खिलाड़ी शामिल थे। इस मौके पर बाबा इंदर प्रीत सिंह ने कहा कि जीएमसीएल भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवाओं के लिए सबसे बड़ा ग्रासरूट प्लेटफॉर्म बनकर उभर रहा है। पहले हॉबी के तौर पर खेले जाने वाले टेनिस-बॉल बॉक्स क्रिकेट को अब युवा प्रोफेशनल करियर के अवसर के रूप में ले रहे हैं। जीएमसीएल फेज 1 में पांच देशों मीना रीजन, हांगकांग, सिंगापुर, मलेशिया और नेपाल के साथ पांच भारतीय राज्यों दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र में भी लॉन्च किया गया।

# सिबू में बाढ़ से हाहाकार, हजारों लोग बेघर राहत के लिए यूनाइटेड सिख्स ने बढ़ाया हाथ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

तूफान कलमाएगी के प्रकोप के बाद सिबू में भीषण बाढ़ ने व्यापक तबाही मचा दी है। अनेक इलाकों में पानी और कीचड़ अब भी जमा है, हजारों घर नष्ट हो चुके है और बड़ी संख्या में परिवार अस्थायी शिविरों में शरण लेने को मजबूर है। भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवाइयों और चिकित्सा सुविधाओं जैसी बुनियादी आवश्यकताओं का भारी अभाव है।

स्थानीय प्रशासन की अपील पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं राहत संगठन यूनाइटेड सिख्स ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। सेबू सिटी के मेयर ने संगठन से आग्रह किया कि वह सबसे अधिक प्रभावित समुदायों तक तत्काल सहायता



पहुंचाएं, जिन बारंगायों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है, उनमें बकायन, सुदलोन-II, लुसरन, पारिल, कंबिनोकॉट, गुबा, तोंग, सापांगदाकू और बुओट-टॉप शामिल है। यूनाइटेड सिख्स की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी हालात का आकलन किया और ज़रूरी सामानों की विस्तृत सूची तैयार की है। अस्थायी शिविरों में चिकित्सा सुविधाएं और स्वास्थ्य सहायता, आवश्यक दवाइयां, पोषक खाद्य सामग्री, स्वच्छ पेयजल, आश्रय सामग्री और घरेलू सामान की जरूरत है। कई बस्तियां अब भी कीचड़ में दबी हुई है। लोग अपने टूटे हुए घरों और नष्ट हुई संपत्ति को बचाने की कोशिश में जुटे हैं। आजीविका के साधन समाप्त हो चुके है और परिवार अस्थायी शिविरों में कठिन परिस्थितियों में रह रहे हैं। चिकित्सा सेवाएं और साफ पानी उपलब्ध न होने से स्थिति और गंभीर होती जा रही है।

## देश-विदेश

# सोना 1,207 गिरकर 1.28 लाख प्रति 10 ग्राम पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सोने**-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम सोना 1,207 रुपए सस्ता होकर 1,27,593 रुपए पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोना 1,28,800 रुपए का था। वहीं, चांदी का दाम 530 रुपए गिरकर 1,74,650 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,75,180 रुपए प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्तूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्टूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल अब तक सोने की कीमत 51,431 रुपए बढ़ी है।



31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,27,593 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 88,633 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,74,650 रुपए प्रति किलो हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा की हालत नाजुक

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत नाजुक हो जाने के कारण चीन के चिकित्सकों का एक दल यहां एक निजी अस्पताल में उनके उपचार में जुट गया और मंगलवार को वहां सुरक्षा कड़ी कर दी गई। 'डेली स्टार' अखबार की खबर के अनुसार, पुलिस ने सोमवार रात करीब दो बजे एवरकेयर अस्पताल के मुख्य द्वार पर अवरोधक लगा दिए। पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया (80) को हृदय और फेफड़ों में संक्रमण की शिकायत के बाद 23 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। (अनंत ज्ञान)

# आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम, राजस्थान के राजसमंद में विस्फोटक से लदी पिकअप जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** पर आतंक का खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। फरीदाबाद मॉड्यूल और दिल्ली ब्लास्ट के बाद राजस्थान से बड़ी संख्या में विस्फोटक बरामद हुआ है। यह विस्फोटक इतना खतरनाक था कि 10 किलोमीटर के क्षेत्र को एक धमाके में तबाह कर सकता था।

राजस्थान पुलिस ने राजसमंद से यह विस्फोटक बरामद किया है। इसे पिकअप वैन में भरकर राजस्थान के आमेद से नाथद्वारा ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वैन की तलाशी के दौरान विस्फोटक बरामद किया है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। राजसमंद में श्रीनाथजी थाना पुलिस ने पिकअप वैन से यह विस्फोटक बरामद किया है। विस्फोटक से लदी पुलिस वैन जब्त करने के बाद उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। पूरे इलाके में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, पिकअप वैन में जितना विस्फोटक मौजूद था, अगर इसमें ब्लास्ट होता तो 10 किलोमीटर तक का क्षेत्रफल प्रभावित हो सकता था। हालांकि, इस विस्फोटक को कहां लेकर जाया जा रहा था? इसका अंदाजा अभी नहीं लग सका है। पुलिस पिकअप वैन के ड्राइवर से पूछताछ कर रही है, जिसमें कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। उन सभी की तलाश जारी है। (अनंत ज्ञान)

# एपल ने अमर सुब्रमण्या को एआई टीम का वाइस प्रेजिडेंट बनाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**एपल** ने अमर सुब्रमण्या को अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का वाइस प्रेजिडेंट बनाया है। कंपनी ने उन्हें 1 दिसंबर को हायर किया है। सुब्रमण्या जॉन जियानैंड्रिया की जगह लेंगे, जो मई 2026 में रिटायर हो रहे हैं।

गूगल में सुब्रमण्या फाउंडेशन मॉडल्स, मशीन लर्निंग रिसर्च और एआई सेफ्टी टीम्स को लीड करेंगे और सॉफ्टवेयर टीम के हेड क्रेग फेडरिकी को रिपोर्ट करेंगे। एपल में सुयह हायरिंग सिलिकॉन वैली की टैलेंट वॉर का हिस्सा है, जहां टॉप इंजीनियर्स को हाई सैलरी और बोनस से लुभाया जा रहा है। सुब्रमण्या 2009 से जुलाई 2025 तक 16 साल गूगल में काम किया। गूगल के ‍ड्ढ असिस्टेंट जेमिनी के इंजीनियरिंग टीम को भी लीड किया। जुलाई में माइक्रोसॉफ्ट जॉइन किया, लेकिन 5 महीने से भी कम समय में माइक्रोसॉफ्ट छोड़ एपल में आ गए। अमर सुब्रमण्या भारतीय मूल के एआई रिसर्चर हैं। उनका जन्म बेंगलुरु में हुआ था। 2001 में बेंगलुरु यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) की डिग्री हासिल की। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 503 अंक गिरकर 85,138 पर बंद

## निफ्टी 143 अंक लुढ़का; मीडिया, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स में बिकवाली

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 503 अंक गिरकर 85,138 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 143 अंक की गिरावट रही। यह 26,032 पर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट रही। एशियन पेंट्स, मारुति के शेयर 3% तक चढ़कर बंद हुए।

एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंडिगो में 2% तक गिरावट रही। एनएसई के फार्मा इंडेक्स में खरीदारी देखने को




मिली, वहीं मीडिया, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स में बिकवाली रही। कोरिया का कोस्पी 1.90% ऊपर 3,994 पर, जापान का निक्केई 0.03% ऊपर 49,303 पर और हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.24% ऊपर 26,095 पर बंद हुआ है। 1 दिसंबर को डाउ जोन्स 0.90% गिरकर 47,289 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में भी 0.38% की गिरावट रही। 1 दिसंबर को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 1,171.31 करोड़ के शेयर बेचे। वहीं घरेलू निवेशक ने 2,558.93 करोड़ की खरीदारी की। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार 1 दिसंबर को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 65 अंक गिरकर 85,642 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 27 अंक की गिरावट रही, ये 26,176 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर लगी रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत दायर यौन उत्पीड़न मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर मंगलवार को रोक लगा दी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची की पीठ ने यदियुरप्पा की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए अंतरिम आदेश पारित किया जिसमें उन्होंने मामले को रद्द करने से इनकार संबंधी कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि नोटिस जारी किया जाए। (अनंत ज्ञान)

# चेन्नई मेट्रो तकनीकी खराबी के चलते टनल में फंसी

## कोच में 10 मिनट अंधेरा रहा, यात्री 500 मीटर पैदल चलकर बाहर निकले

**एजेंसी, चेन्नई**

**चेन्नई** में मंगलवार सुबह ब्लू लाइन की एक मेट्रो ट्रेन अचानक तकनीकी खराबी के चलते दो स्टेशन के बीच में ही रुक गई। यह घटना सेंट्रल मेट्रो और हाईकोर्ट स्टेशन के बीच हुई। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में अचानक बिजली चली गई और वे कोच में अंधेरे में फंस गए। यात्री 10 मिनट तक ट्रेन में रहे।

इसके बाद अफसरों ने उनसे पैदल चलकर नजदीक के हाईकोर्ट स्टेशन तक जाने को कहा, यह दूरी लगभग 500 मीटर है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग



रेलिंग पकड़कर सुरंग में पैदल चलते दिखाई दिए। चेन्नई मेट्रो रेल ने बताया कि ब्लू लाइन (विम्को नगर डिपो से एयरपोर्ट तक) में यह रुकावट पावर आउटेज या तकनीकी गड़बड़ी के कारण हो सकती है। हालांकि, कुछ देर बाद सेवाएं सामान्य कर दी गईं। मेट्रो प्रशासन ने ‍ङ्ग पर लिखा- ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन पर ट्रेन सेवाएं अब सामान्य रूप से चल रही हैं। असुविधा के लिए खेद है। (अनंत ज्ञान)

# आपराधिक मामले में जमानत देने के लिए समानता एकमात्र आधार नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि भले ही कैदियों को राहत देने के लिए अदालतें 'जमानत नियम है, और जेल अपवाद' के सिद्धांत को मानती हैं, लेकिन समानता ही एकमात्र आधार नहीं है जिस पर आपराधिक मामलों में आरोपी को जमानत दी जा सकती है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जमानत की राहत उस कथित अपराध में शामिल हालात पर ध्यान दिए बिना नहीं दी जा सकती, जिसके लिए आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा हत्या के एक मामले में आरोपी को दी गई जमानत को रद्द कर दिया। उसे सिर्फ इस आधार पर जमानत दी गई थी कि सह-आरोपी को भी राहत दी गई है। शीर्ष अदालत ने 28 नवंबर के फैसले में कहा, 'जमानत को अक्सर नियम और जेल को अपवाद कहा जाता है। इस बात पर बहुत ज्यादा जोर नहीं दिया जा सकता। साथ ही, इसका मतलब यह नहीं है कि जमानत की राहत उस कथित अपराध में शामिल हालात पर ध्यान दिए बिना दी जानी चाहिए जिसके लिए आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।' उसने कहा, 'इस संबंध में, यह ध्यान रखना होगा कि जमानत देते समय अदालत को कई पहलुओं पर विचार करना होता है। इस न्यायालय ने इतने सारे फैसले दिए हैं, जिनमें ध्यान में रखने लायक जरूरी बातें बताई गई हैं।' पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने आरोपी को जमानत देने में सभी जरूरी प्रासंगिक बातों पर विचार नहीं किया। (अनंत ज्ञान)

# कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने लगाए भारत विरोधी नारे

**एजेंसी, वैंकुवर।** कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने अलग-अलग शहरों में भारत के खिलाफ जहर अगला। सरे शहर में खालिस्तानियों ने निज्जर के होर्डिंग्स लेकर भारत के खिलाफ नारेबाजी की। यही नहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला बनाकर उस पर लिखा कि इसने हरदीप निज्जर को मारा है। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को हिंदू टेररिस्ट बताया। वहीं, दूसरी तरफ वैंकुवर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया। यहां भी राजनाथ के उस बयान पर विरोध जताया, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के सिंध को अपना बताया था। हिंदुस्तान मुर्दाबाद और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वैंकुवर में हुए इस प्रदर्शन में खालिस्तान समर्थकों के हाथों में पाकिस्तान का झंडा भी था। इससे पहले भी कनाडा के विभिन्न शहरों में भारत विरोधी प्रदर्शन हो चुके है। ओटावा शहर में सात दिन पहले ही गैर कानूनी खालिस्तान जनमत संग्रह का आयोजन किया गया था। आयोजकों का दावा था कि ओंटेरियो, अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया और क्यूबेक प्रांतों से 53,000 से ज्यादा खालिस्तान समर्थक वोट डालने आए। (अनंत ज्ञान)

# एयर इंडिया की बड़ी लापरवाही: एक्सपायर्ड सर्टिफिकेट वाले विमान को 8 बार उड़ाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश का विमानन नियामक डीजीसीए (डीजीसीए) ने विमान संचालन कंपनी एयर इंडिया को गंभीर लापरवाही के लिए कड़ी फटकार लगाई है। एयरलाइन ने एयरबस 320 का एक ऐसा विमान लगातार उड़ाया, जिसकी उड़ान योग्य होने का प्रमाणपत्र खत्म हो चुका था।

**डीजीसीए ने लगाई कड़ी फटकार**

इससे कई यात्रियों की जान कई बार गंभीर खतरे में पड़ी। अधिकारियों के अनुसार, एयरलाइन्स ने 164 सीट की क्षमता वाला ए320 विमान 24 और 25 नवंबर को 8 बार उड़ाया गया, जबकि उसका एयरवर्थीनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर हो चुका था. एक इंजीनियर ने इस गलती को पकड़ा और बाद में विमान को ग्राउंड किया गया.

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इसे गंभीर सुरक्षा नियमों का उल्लंघन मानते हुए पूरी जांच शुरू कर दी है। साथ ही घटना में शामिल कर्मचारियों को भी निलंबित कर दिया गया है। पूरे मामले पर एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि हम परिचालन की सर्वोच्च मानकों वाली सुरक्षा और जिम्मेदारी बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. किसी भी अनिवार्य नियम या प्रक्रिया से जरा-सी भी चूक हमारे लिए बेहद गंभीर है और संगठन में बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है. हमारे एक विमान का एयरवर्थीनेस रिव्यू सर्टिफिकेट खत्म होने के बावजूद उड़ान भरने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। एयरलाइंस ने कहा कि इस बात की जानकारी जैसे ही हमें हुई हमने डीजीसीए को तुरंत सूचना दी। साथ ही इस निर्णय से जुड़े सभी कर्मचारियों को आगे की जांच तक निलंबित कर दिया गया है. हमने एक विस्तृत आंतरिक जांच शुरू कर दी है और नियामक के साथ पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### कोहली-रोहित की मौजूदगी में भारत का सामना करना कोई नई बात नहीं : बावुमा

**एजेंसी, रायपुर।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी वाली भारतीय टीम का सामना करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इससे मेजबान टीम को मजबूती मिलती है। बावुमा की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की शृंखला में भारत को 2-0 से करारी शिकस्त दी थी। बावुमा तीन मैचों की वनडे शृंखला के शुरुआती मुकाबले में एकादश का हिस्सा नहीं थे लेकिन वह बुधवार को खेले जाने वाले दूसरे वनडे में वापसी के लिए तैयार हैं। रांची में खेले गए पहले मैच में कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित के 57 रनों की बदौलत भारत ने 17 रन से जीत दर्ज की थी। बावुमा ने यहां शहीद वीर नारायण स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के अभ्यास सत्र से पहले मीडिया से कहा कि इन दो खिलाड़ियों के आने से टीम को मजबूती मिलती है। जैसा कि हमने शृंखला की शुरुआत में कहा था। ये दोनों खिलाड़ी काफी अनुभवी और कुशल हैं। इससे टीम को फायदा ही होगा। उन्होंने कहा, 'यह ऐसी बात नहीं है जिसके बारे में हमें जानकारी न हो।' बावुमा ने कहा कि रोहित की मौजूदगी वाली भारतीय टीम ने 2007 में दक्षिण अफ्रीका में जब टी20 विश्व कप जीता था तक वह स्कूली छात्र थे। उन्होंने कहा कि हमने रोहित के खिलाफ खेला है। मुझे लगता है कि 2007 के टी20 विश्व कप के समय मैं स्कूल में था। मेरा मतलब है, ये खिलाड़ी काफी समय से भारतीय टीम में है, इसलिए इसमें कोई नई बात नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### एइताना बोनमाती टूटी एड़ी की सर्जरी कराएंगी: बार्सिलोना

**एजेंसी, स्पेन।** महिला बैलन डी'ओर विजेता एइताना बोनमाती अपने टूटे टखने (एड़ी) की सर्जरी कराएंगी। उनके क्लब बार्सिलोना ने इसकी पुष्टि की। बोनमाती को रविवार को स्पेनिश राष्ट्रीय टीम के साथ प्रशिक्षण सत्र के दौरान यह गंभीर चोट लगी। क्लब द्वारा जारी बयान में कहा गया, 'सोमवार को किए गए टेस्ट में पुष्टि हुई कि उनके बाएं टखने की फिबुला हड्डी में फ्रैक्चर है।' रविवार को कैटलन मीडिया ने संकेत दिया था कि यदि बोनमाती को सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है, तो वह तीन महीने से अधिक समय तक मैदान से दूर रह सकती हैं। इस चोट के कारण वह मंगलवार को जर्मनी के खिलाफ होने वाले महिला नेशंस लीग फाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में नहीं खेल पाएंगी। इसके अलावा आने वाले हफ्तों में क्लब के कई मैचों से भी बाहर रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

### विकेटकीपर गुरबाज ने गंभीर को 'सर्वश्रेष्ठ कोच और इंसान' बताया

**एजेंसी, दुबई।** गौतम गंभीर के कोचिंग के तरीकों को लेकर भले ही भारत में अलग-अलग राय हो, लेकिन अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने कहा कि केकेआर के पूर्व मेंटोर गंभीर सर्वश्रेष्ठ कोच हैं और उनकी आलोचना से वह हैरान हैं। दक्षिण अफ्रीका के हाथों टेस्ट शृंखला में 0 . 2 से हार और उससे पहले न्यूजीलैंड से मिली 0. 3 से हार की वजह से गंभीर आलोचना के घेरे में है। भारतीय टीम पिछले सात में से पांच टेस्ट गंवा चुकी है। आईपीएल 2024 विजेता केकेआर टीम के सदस्य रहे गुरबाज ने कहा कि 'गौतम सर' की आलोचना सही नहीं है। एक इंटरव्यू में कहा कि आपके देश के एक एक अरब 40 करोड़ लोगों में से 20 या 30 लाख उनके खिलाफ हो सकते हैं लेकिन बाकी गौतम सर और भारतीय टीम के साथ हैं। (अनंत ज्ञान)

### सारा टेलर की खूबसूरत अदा

**इंग्लैंड।** विकेटकीपर बल्लेबाज सारा टेलर इंग्लैंड की महान खिलाड़ी हैं। सारा के खेल और उनकी खूबसूरती को फैंस काफी ज्यादा पसंद करते हैं। सारा अपनी सुंदरता और स्मार्ट व्यक्तित्व के लिए भी प्रसिद्ध हैं।



भारत और द. अफ्रीका के बीच शहीद आज वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम रायपुर में खेला जाएगा दूसरा वनडे मैच

# सबकी नजरें कोहली-रोहित की जोड़ी पर

**एजेंसी, रायपुर**





**ड्रेसिंग** रूम के माहौल को लेकर अफवाहों के बीच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को दूसरा वनडे और शृंखला जीतने के लिए भारत की उम्मीदें विराट कोहली के शानदार फॉर्म और रोहित शर्मा की दमदार मौजूदगी पर लगी होंगी।

कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित की 57 रन की आक्रामक पारी के दम पर भारत ने रांची में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया। वनडे विश्व कप 2027 में अभी दो साल है और ऐसे में कोहली और रोहित के लिए हर मैच अपनी फिटनेस और फॉर्म को साबित करने का जरिया है। मुख्य कोच गौतम गंभीर से लगातार बढ़ते मतभेदों का मसला भी अहम है। इसे लेकर लग रही अटकलों के बीच लगता है कि बीसीसीआई को कहीं न कहीं दखल देना होगा। पिछले दो वनडे में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर दिया है। रोहित के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अक्तूबर में आस्ट्रेलिया को सिडनी वनडे में नौ विकेट से हराया था। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर और गंभीर ने विश्व कप में दोनों की भागीदारी को लेकर कुछ नहीं कहा है, जो शायद तनाव की वजह हो सकता है। पहला मैच जीतने के बावजूद भारत की चिंता कम नहीं हुई है। लिस्ट ए क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले ऋतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर भेजा गया, लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं दिखे। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल छठे नंबर पर उतरे। वॉशिंगटन सुंदर को बल्लेबाजी क्रम में प्रयोगों की आदत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में तीसरे नंबर पर उतरने के बाद उन्हें पहले वनडे में पांचवें नंबर पर भेजागया, लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। गेंदबाजी में उन्होंने तीन ही ओवर डाले और 18 रन दिए। हर्षित राणा ने नई गेंद से दो विकेट लिए, लेकिन बाद में काफी रन दिए। उन्हें इस पर नियंत्रण करना होगा खासकर जब 34वें ओवर के बाद सिर्फ एक ही गेंद से खेलना होता है। बल्ले और गेंद के बीच संतुलन के लिए आईसीसी के नए नियम के तहत उपलब्ध दो में से एक ही गेंद 34वें से 50वें ओवर के बीच इस्तेमाल की जा सकती है। कुलदीप यादव ने 68 रन देकर चार विकेट चटकाए। वह महंगे भले ही साबित हुए, लेकिन उनकी विविधतापूर्ण गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका वापसी के प्रयास के बावजूद नाकाम रहा। दक्षिण अफ्रीका ने एक समय तीन विकेट 11 रन पर गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। मार्को यानसेन ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 39 गेंद में 70 रन बनाये ।मैथ्यू ब्रीज्के ने भारत के खिलाफ पहला वनडे खेलते हुए 72 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने पहला वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा और स्पिनर केशव महाराज के बिना खेला जिन्हें आराम दिया था। अब दोनों की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी।

शहीर वीर नारायण सिंह स्टेडियम पर एकमात्र वनडे जनवरी 2023 में खेला गया था, जब पिच से मिलने वाली सीम की मदद से मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड टीम को 108 रन पर आउट कर दिया था। भारत ने 30 ओवर बाकी रहते आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। यहां दिसंबर 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मैच में भी भारत ने 20 रन से जीत दर्ज की थी। (अनंत ज्ञान)

## बजरंग और विनेश की याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के दिसंबर 2023 में हुए चुनाव को चुनौती देने वाली बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और सत्यव्रत कादियान की याचिका खारिज कर दी क्योंकि अलग अलग तारीखों पर भी वे अदालत के समक्ष पेश नहीं हुए। इन तीनों ओलंपियनों की उम्मीदवार अनिता श्योराण को हराकर संजय सिंह उस समय अध्यक्ष बने थे। न्यायाधीश मिनी पुष्करना ने 27 नवंबर को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सुनवाई के दौरान एक भी याचिकाकर्ता मौजूद नहीं था और पिछली दो सुनवाई में भी वे नहीं आए। अदालत ने अपने फैसले में कहा, ' लगता है कि इस मामले को आगे ले जाने में याचिकाकर्ताओं की कोई रुचि नहीं है।' पहलवानों ने आरोप लगाया था कि डब्ल्यूएफआई चुनाव अच्छे और पारदर्शी माहौल में नहीं हुए थे। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में कमियों और अनियमितताओं के आरोप लगाये थे। (अनंत ज्ञान)

## इंग्लैंड ने गाबा टेस्ट के लिए की प्लेइंग 11 की घोषणा, प्रमुख खिलाड़ी बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**इंग्लैंड** ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। बेन स्टोक्स के नेतृत्व वाली इंग्लिश टीम ने एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। चोटिल मार्क वुड की जगह विल जैक्स को शामिल किया गया है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला वीरवार से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा।

यह डे/नाइट टेस्ट होगा। इंग्लैंड की कोशिश गाबा में जीत दर्ज करने की होगी ताकि सीरीज 1-1 से बराबर कर सके। गौर रहे कि ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ टेस्ट 8 विकेट से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना रखी है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पिंक-बॉल टेस्ट के लिए स्क्वाड की घोषणा करते हुए कहा, 'इंग्लैंड ने पर्थ में पहले टेस्ट की तुलना में अपनी प्लेइंग 11 में एक बदलाव किया है। स्पिन ऑलराउंडर विल जैक्स को चोटिल मार्क वुड की जगह शामिल किया गया है।' 35 साल के मार्क वुड को बाएं घुटने में समस्या के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होना पड़ा। पर्थ में उन्होंने वापसी जरूर की, लेकिन 11 ओवर ही डाल सके। इंग्लैंड को पर्थ में दो दिन में शर्मनाक शिकस्त झेलनी पड़ी थी, जो एशेज में 100 साल के ऊपर से नहीं हुआ था। विल जैक्स को शामिल करने से इंग्लैंड की बल्लेबाजी की गहराई बढ़ गई और वो एक स्पिन का विकल्प भी जोड़ देते हैं। वैसे, गाबा पर लाइट्स में स्पिन के लिए स्थितियां चुनौतीपूर्ण रहेंगी। जैक्स के पास केवल दो टेस्ट का अनुभव है, जो उन्होंने 2022 पाकिस्तान दौरे पर हासिल किया। उन्होंने इस दौरान 6 विकेट झटके और 89 रन बनाए, जिसमें डेब्यू मैच में पारी में पांच विकेट लेना शामिल है। इंग्लैंड के लिए गाबा टेस्ट में चुनौती बड़ी होगी। (अनंत ज्ञान)

पहला टेस्ट मैच : खेल समाप्ति तक न्यूजीलैंड ने 9 विकेट खोकर बनाए 231 रन

## वापसी कर रहे केन विलियमसन ने लगाया अर्धशतक

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च**



**न्यूजीलैंड** और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला क्राइस्टचर्च में मंगलवार से शुरू हुआ। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने 9 विकेट पर 231 रन बना लिए थे। स्टम्प्स के समय जैक फॉक्स 4 और जैकब डफी 4 रन बनाकर नाबाद थे।

बारिश की वजह से पहले दिन केवल 70 ओवर का ही खेल संभव हो सका। न्यूजीलैंड के लिए एक साल बाद टेस्ट क्रिकेट में लौटे पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने शानदार 52 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की तरफ से केमार रोच, ओजे शील्ड्स और जस्टिन ग्रिव्स ने 2-2 विकेट हासिल किए। लैथम और विलियमसन के बीच 93 रन की साझेदारी टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 1 रन के कुल स्कोर पर डेवोन कॉन्वे के रूप में लगा, जो बिना खाता खोले आउट हुए। इसके बाद कप्तान टॉम लैथम और विलियमसन ने दूसरे विकेट के लिए 93 रन की अहम साझेदारी कर टीम को संभाला। विलियमसन ने 102 गेंदों पर 52 रन बनाए, जबकि लैथम 24 रन बनाकर आउट हुए। ब्रेसवेल-स्मिथ की 52 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी टॉप ऑर्डर के बिखरने के बाद सातवें विकेट के लिए माइकल ब्रेसवेल और नाथन स्मिथ ने 52 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। ब्रेसवेल ने 73 गेंदों पर 47 रन और स्मिथ ने 61 गेंदों पर 23 रन बनाए। इसके अलावा विल यंग ने 14 और टॉम ब्लंडेल ने 29 रन का योगदान दिया। ओजे शील्ड्स ने किया टेस्ट डेब्यू वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज ओजे शील्ड्स ने टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया। कप्तान कप्तान चेज ने जिन भी गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, सभी को सफलता मिली। रोच, शील्ड्स और ग्रिव्स ने 2-2 विकेट झटके, जबकि जायडन सिल्स, जोहान लेन और रोस्टन चेज को 1-1 विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान लीग के लिए मोईन अली ने भी आईपीएल छोड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फाफ डू प्लेसिस के बाद अब इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने भी आईपीएल 2026 से हटकर पीएसएल 2026 में खेलने का फैसला किया है। चार दिनों में ऐसा कदम उठाने वाले वे दूसरे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। 29 नवंबर को आरसीबी के पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने आईपीएल से नाम वापस लेकर पाकिस्तान सुपर लीग खेलने की घोषणा की थी। इसी बीच आईपीएल का मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में होना है। हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी-मोईन मोईन अली ने सोशल मीडिया पर बताया कि वे पीएसएल के नए दौर का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा कि यह लीग दुनिया की टॉप टी-20 लीगों में से एक है और हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी खेलते हैं। उनके मुताबिक पाकिस्तान में खेलना हमेशा अच्छा अनुभव देता है। वहां क्रिकेट का स्तर ऊंचा है और दर्शकों का उत्साह खिलाड़ियों को पूरा दम लगाने पर मजबूर करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सफर भी यादगार रहेगा।

**केकेआर ने किया था रिलीज:** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मोईन को 2 करोड़ की बेस प्राइस पर खरीदा था। आईपीएल 2026 से पहले च्य, ने 9 खिलाड़ियों को रिलीज किया, जिनमें मोईन भी शामिल थे। 2025 सीजन में उनका प्रदर्शन साधारण रहा। उन्होंने 6 मैचों में सिर्फ 5 रन बनाए और 6 विकेट हासिल किए। 2018 से आईपीएल का हिस्सा मोईन अली 2018 से आईपीएल खेलते रहे हैं और आरसीबी, सीएसके तथा केकेआर जैसी टीमों का हिस्सा रहे। अब तक वे 73 आईपीएल मैच खेल चुके हैं, जिनमें 1167 रन बनाए और 41 विकेट लिए हैं। वे सीएसके के साथ 2021 और 2023 में दो बार आईपीएल चैंपियन भी बने। फाफ डु प्लेसिस ने भी आईपीएल छोड़ने की घोषणा की थी। मोईन अली से पहले साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 29 नवंबर को घोषणा की थी कि वे आईपील 2026 के ऑक्शन में अपना नाम नहीं डालेंगे। (अनंत ज्ञान)

## विनीसियस को 2026 वर्ल्ड कप टीम में जगह पाने के लिए पूरी फिटनेस जरूरी : एंचेलोटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंचेलोटी ने स्पष्ट कर दिया है कि विनीसियस जूनियर को 2026 फीफा वर्ल्ड कप टीम में जगह पाने के लिए पूरी तरह फिट होना होगा। एंचेलोटी ने दोहराया कि वे केवल 100 प्रतिशत मैच-फिट खिलाड़ियों को ही टीम में शामिल करेंगे। अक्तूबर में एंचेलोटी ने नेमार को भी इसी तरह की चेतावनी दी थी कि सैंटोस फॉरवर्ड को टीम में वापसी के लिए पूरी फिटनेस के साथ लौटना होगा। ब्राजीलियाई स्पोर्ट्स प्रोग्राम ईस्पोर्ट्स रिकॉर्ड को दिए इंटरव्यू में इटालियन कोच ने कहा कि उनके लिए सभी खिलाड़ियों के लिए मानक समान हैं। एंचेलोटी ने कहा, 'टीम में कई उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं और मुझे उन्हीं को चुनना है जो 100 प्रतिशत फिट हों।

यह सिर्फ नेमार की बात नहीं है; यह विनीसियस पर भी लागू होता है। अगर विनीसियस 90 प्रतिशत फिट हैं, तो मैं उस खिलाड़ी को चुनूंगा जो 100 प्रतिशत फिट होगा, क्योंकि हमारे पास खासकर आक्रमण में बेहद प्रतिस्पर्धी विकल्प हैं।' विनीसियस जूनियर ने जून में पराग्वे के खिलाफ 1-0 की जीत में ब्राजील के लिए एकमात्र गोल दागा था, जिससे टीम ने 2026 विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का किया। ब्रजील मार्च 23 से 31 के बीच अंतरराष्ट्रीय विंडो में बोस्टन में फ्रांस के खिलाफ एक वॉर्म-अप मैच खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक जड़ने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने वैभव सूर्यवंशी

### 14 साल की उम्र में रचा इतिहास, शतकीय पारी में जड़े 7 छक्के

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** क्रिकेट के उभरते हुए स्टार वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा लिया है। 14 साल के वैभव सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक जड़ने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव सूर्यवंशी ने बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए ईडन गार्डंस पर महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद शतक ठोका।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने केवल 61 गेंदों में सात चौके और सात छक्के की मदद से नाबाद 108 रन बनाए। वैभव की पारी के दम पर बिहार ने 20 ओवर में 176/3 का स्कोर बनाया। वैभव सूर्यवंशी ने अर्शीन कुलकर्णी द्वारा किए पारी के 20वें ओवर की पहली गेंद पर चौका जमाकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 58 गेंदों में सैकड़ा पूरा किया। वैभव की पारी में धैर्य और आक्रमकता का गजब का मिश्रण देखने को मिला। वैभव सूर्यवंशी का शतक अहम समय पर आया। वो पिछले तीन मैचों में 14, 13 और 5 रन बनाकर आउट हुए थे। मैच में वैभव ने आकाश राज (26) के साथ तीसरे विकेट के लिए 70 रन और आयुष लोहारुका (25*) के साथ अविजित 75 रन की साझेदारी की। (अनंत ज्ञान)



### देवदत्त पडिक्कल ने भी जड़ा शतक

**देवदत्त** पडिक्कल ने भी कर्नाटक की तरफ से खेलते हुए तमिलनाडु के खिलाफ शानदार शतक जमाया। मयंक अग्रवाल के साथ पारी की शुरुआत करने वाले पडिक्कल ने केवल 26 गेंदों में अर्धशतक और 45 गेंदों में शतक पूरा किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने नाबाद 102 रन की पारी के दौरान 10 चौके और छह छक्के जमाए। त पडिक्कल की पारी के दम पर कर्नाटक ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 245 रन का स्कोर खड़ा किया। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मंगलवार को दो बाएं हाथ के बल्लेबाजों का बोलबाला रहा। दोनों (वैभव और देवदत्त) ने नाबाद शतक जमाकर अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

## फाफ को छोड़ना कठिन था लेकिन हमें युवा विकल्प की जरूरत थी : कोच बदानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमांग बदानी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी को छोड़ना आसान फैसला नहीं था, लेकिन टीम के खेलने की शैली के अनुरूप युवा और अधिक आक्रामक विकल्प के लिये ऐसा करना पड़ा। डु प्लेसी आईपीएल कैरियर में चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और अब खत्म हो चुकी राइजिंग पुणे सुपरजाइंट के लिए खेल चुके हैं। वह पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे और अब पाकिस्तान सुपर लीग खेलेंगे। बदानी ने जियोस्टार पर 'टाटा आईपीएल रिटेंशन' शो में कहा कि फाफ डु प्लेसी जैसे खिलाड़ी को छोड़ना आसान नहीं होता। उसे छोड़ने का फैसला कठिन है क्योंकि इतने साल में उसने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि हमें लगा कि युवा विकल्प को आजमाने का समय आ गया है, जो अधिक आक्रामक हो और हमारी टीम के खेलने की शैली में ढल सके। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क को छोड़ने के फैसले पर बदानी ने कहा कि हमने पिछले सत्र के प्रदर्शन पर उसका समर्थन किया, लेकिन हमें लगा कि उस पर नौ करोड़ रुपए खर्च नहीं किए जा सकते, इसलिए उसे छोड़ने का फैसला किया। वहीं भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुबले का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स के पास अच्छे भारतीय खिलाड़ी हैं लेकिन सलामी जोड़ी पर काम करना होगा। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल ऑक्शन** 77 स्लॉट खाली, ग्रीन पर केकेआर व सीएसके की नजर, अबू धाबी में 16 को होगा ऑक्शन

# 1355 प्लेयर्स रजिस्टर्ड, 2 करोड़ बेस प्राइस पर 45 नाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आईपीएल** के लिए 1355 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 2 करोड़ की बेस प्राइस कैटेगरी में ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन, इंग्लैंड के लियम लिविंगस्टन, भारत के रवि बिश्नोई और वेंकटेश अय्यर, श्रीलंका के मथीश पथिराना और वनिंदु हसरंगा समेत कुल 45 खिलाड़ी शामिल हैं। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 30 नवंबर थी। मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को अबू धाबी में होगा। रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद आईपीएल ने यह लंबी लिस्ट सभी फ्रेंचाइजियों को भेज दी है। हर टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ी रखे जा सकते हैं। ऐसे में इस बार ऑक्शन में कुल 77 स्लॉट भरे जाएंगे, जिनमें 31 विदेशी स्लॉट भी शामिल हैं।

ग्रीन पर रहेगी नजर ऑक्शन में सबसे बड़ी नजर ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पर रहेगी। वे पिछले साल बैक इंजरी की वजह से मेगा ऑक्शन में नहीं उतरे थे। इस बार केकेआर और सीएसके दोनों उनके लिए बोली लगा सकते हैं। इन दोनों टीमों के पास सबसे बड़ा पर्स है और एक-एक विदेशी स्लॉट भी खाली है। केकेआर को ग्रीन का मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल के आईपीएल से रिटायर होने के बाद टीम को एक ऐसे ऑलराउंडर की जरूरत है जो हर स्थिति में बल्लेबाजी कर सके और गेंदबाजी भी दे सके। रिलीज हुए कई बड़े नाम 2 करोड़ की कैटेगरी में कई खिलाड़ी, जिन्हें हाल ही में टीमों ने रिलीज किया था, उन्होंने भी खुद को 2 करोड़ की बेस प्राइस में रखा है। इनमें सीएसके के पथिराना भी हैं, जिन्हें चेन्नई ने पिछले साल 13 करोड़ में रिटेन किया था, लेकिन चोट की वजह से वे पूरा असर नहीं दिखा पाए। इंग्लैंड के लियम लिविंगस्टन को आरसीबी ने पिछले मेगा ऑक्शन में 8.75 करोड़ में लिया था, लेकिन एक सीजन बाद ही रिलीज कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों में वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई भी 2 करोड़ की कैटेगरी में हैं। एलएसजी ने बिश्नोई को पिछले साल 11 करोड़ में रिटेन किया था, लेकिन लगातार कमजोर प्रदर्शन की वजह से अब उन्हें रिलीज कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय प्रतिभा का बड़ा पूल



**रजिस्ट्रेशन** कराने वाले घरेलू खिलाड़ियों में जिनके नाम सबसे ज्यादा चर्चा में हैं, उनमें पृथ्वी शॉ, राहुल त्रिपाठी, शिवम मावी, उमेश यादव, राहुल चाहर, दीपक हूडा और सरफराज खान शामिल हैं। इन खिलाड़ियों की कीमत टीम रणनीति, कमजोरियों और बोली के लाइव माहौल पर निर्भर करेगी।

### कोलकाता सबसे ज्यादा पैसे के साथ ऑक्शन में उतरेगी

**अब** बनेगी फ्रेंचाइजी की शॉर्टलिस्ट आईपएल ने सभी फ्रेंचाइजी से कहा कि वे 5 दिसंबर तक पसंद के खिलाड़ियों की शॉर्टलिस्ट भेज दें। इसके बाद लंबी सूची को छोटा कर फाइनल ऑक्शन लिस्ट जारी की जाएगी।

### मैक्सवेल शामिल नहीं 2 करोड़ की लंबी लिस्ट में

**ऑस्ट्रेलिया** के ग्लेन मैक्सवेल का नाम नहीं है। उन्हें पिछले साल पंजाब किंग्स ने 4.2 करोड़ में खरीदा था, लेकिन 37 साल के मैक्सवेल इस सीजन से पहले ही अंगुली की चोट की वजह से बाहर हो गए। उनकी जगह पीबीकेएस ने मिचेल ओवेन को टीम में रखा, जिन्हें इस साल रिटेन कर लिया गया है। जोश इंग्लिस की उपलब्धता सिर्फ 25% पीबीकेएस के विकेटकीपर जोश इंग्लिस का नाम भी ऑक्शन में है। उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम रोल निभाया था, लेकिन वे निजी कारणों से पूरे 2026 सीजन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल ने फ्रेंचाइजियों को बताया है कि इंग्लिस की उपलब्धता सिर्फ 25% रहेगी।

## ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल ऑक्शन से नाम लिया वापस

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**ऑस्ट्रेलिया** के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के ऑक्शन में हिस्सा नहीं लेंगे। मैक्सवेल को आईपीएल 2025 की नीलामी में पंजाब किंग्स ने 4.2 करोड़ रुपए में खरीदा था। हालांकि, पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं रहा। उन्होंने नौ मैचों में सिर्फ 78 रन बनाए और चार विकेट हासिल किए। बीच सीजन में उनकी मध्य अंगुली में फ्रेक्चर होने के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। 2012 में आईपीएल डेब्यू करने वाले मैक्सवेल का सर्वश्रेष्ठ सीजन 2014 रहा था, जब उन्होंने 542 रन बनाए थे। इसके बाद 2017 में 310 रन, 2021 में 513 रन, 2022 में 301 रन और 2023 में 400 रन उनके नाम रहे। इस बड़े फैसले की जानकारी देते हुए मैक्सवेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि आईपीएल में बिताए गए कई यादगार सीजन के बाद, मैंने इस साल ऑक्शन में अपना नाम न डालने का फैसला किया है। यह एक बड़ा निर्णय है, जिसे मैंने लीग से मिली अपार खुशी और अनुभवों को याद करते हुए लिया है। उन्होंने आगे लिखा कि आईपीएल ने मुझे एक खिलाड़ी और इंसान दोनों रूप में निखारा है। मुझे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने, अद्भुत फ्रेंचाइजियों का हिस्सा बनने और जुनूनी भारतीय फैंस के सामने प्रदर्शन करने का मौका मिला। ये यादें, ये चुनौतियां और भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे दिल में रहेंगी। वर्षों तक मिले समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। उम्मीद है, जल्द ही मुलाकात होगी।